






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 253

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

सोमवार | 26 जून, 2023


## सीएम योगी ने 1718 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास, पर्थला सिग्नेचर ब्रिज का भी उद्घाटन

# यूपी में जैसे माफिया ठंडे हो गए, वैसा ही मौसम: सीएम

### नोएडा में योगी बोले, पाकिस्तान भुखमरी की कगार पर, जल्द माफियाओं की तरह ठंडा हो जाएगा

जन एक्सप्रेस | नोएडा

सीएम योगी ने रविवार को नोएडा-ग्रेटर नोएडा की 1700 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। योगी ने कहा, मैं 3 दिन बलरामपुर, अंबेडकरनगर, बलिया, गोरखपुर के दौरे पर था। वहां भीषण गर्मी थी। मुझे लगा यहां भी ज्यादा गर्मी होगी। लेकिन मौसम की कृपा देखिए। जैसे माफिया यूपी में ठंडे हो गए, वैसे यहां मौसम भी ठंडा हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, पाकिस्तान एक-एक रोटी के लिए मोहताज हो रहा है। आज भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। एक तरफ भारत की शानदार यात्रा और वहीं पाकिस्तान अपनी नकारात्मक सोच के नाते भुखमरी-दरिद्रता की ओर बढ़ रहा है। आने वाले समय में अपने कर्मों से पाकिस्तान भी वैसे ही ठंडा पड़ जाएगा, जैसे यहां के माफिया ठंडे हो गए।

### सनातन हिंदू इंतजार कर रहा...जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजेंगे

सीएम योगी ने कहा, यूपी के लोगों के पास कितनी बड़ी संभावनाएं हैं। काशी भी हमारे पास, अयोध्या भी हमारे पास, मथुरा-वृंदावन भी हमारे पास। काशी पीएम मोदी के नेतृत्व में एक नई आभा के साथ भव्य और दिव्य रूप में वैश्विक मंच पर अपनी नई प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही है। वैसे ही अयोध्या नई अयोध्या के रूप में जगमगा रही है। दुनिया के अंदर जहां भी सनातन हिंदू धर्मावलंबी होगा... भारत का शुभचिंतक होगा... वह जनवरी 2024 का इंतजार कर रहा है।



### कांग्रेस ने 48 साल पहले लोकतंत्र का गला घोंटा

सीएम ने कहा, कांग्रेस ने 48 साल पहले लोकतंत्र का गला घोंटा। इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया था। हमने बेहतर कानून व्यवस्था के नाम पर प्रदेश को पेट्रोलिंग के लिए वाहन दिए। नोएडा पुलिस को आज 56 नए वाहन दिए। आज कानून व्यवस्था बेहतर होने से लोग नोएडा में निवेश के लिए विदेश से आना चाहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत जी-20 का नेतृत्व कर रहा है। जी-20 का समिट नोएडा में भी प्रस्तावित है। सीएम ने कहा, पहले लोग दिल्ली में रहते थे। क्योंकि वहां इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर था। नोएडा-ग्रेटर नोएडा आने में संकोच करते थे। यहां के बारे में लोगों की धारणाएं खराब थीं। लेकिन, आज एक सामूहिक प्रयास का असर है कि नोएडा में दिल्ली से, देश से, दुनिया से भी लोग आना चाहते हैं।

### रोबोटिक कंपनी हर साल 50 हजार रोबोट बना सकेगी

मुख्यमंत्री ने पर्थला सिग्नेचर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। ग्रेटर नोएडा स्थित देश की सबसे बड़ी रोबोटिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन भी सीएम योगी ने किया। ये कंपनी कासना में एडवर्ब टेक्नोलॉजी के नाम से है। करीब 6 लाख स्क्वायर फीट में बनी हैं। कंपनी से प्रति वर्ष 50 हजार रोबोट बनाने की क्षमता है। यहां से ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, सिंगापुर, यूरोप सहित अन्य देशों में रोबोट एक्सपोर्ट किए जाएंगे।

### जनसभा ग्राउंड पर भरा पानी

नोएडा स्टेडियम में सीएम की जनसभा के ग्राउंड पर बारिश का पानी भर गया। नोएडा में सुबह तेज बारिश हुई, अभी भी बूंदाबांदी जारी है। कुर्सियां-सोफे भीग गए हैं। हर तरफ कीचड़ हो गया तो अधिकारी-कर्मचारी आनन-फानन में व्यवस्था को संभालने में जुट गए। मिट्टी और पत्थर डालकर दलदल को कम किया गया। सीएम को सुनने के लिए नोएडा, दादरी, जेवर, खुर्जा और सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र से समर्थक पहुंचे हैं। इनको रैली स्थल तक पहुंचाने और वापस छोड़ने के लिए पार्टी की ओर से 450 बसें लगाई गई हैं।

### नोएडा में इन परियोजनाओं का लोकार्पण और लागत

| परियोजना | लागत |
|---|---|
| सेक्टर-123 में बिजली का सबस्टेशन | 142 करोड़ |
| पर्थला गोलचक्कर पर केबल सस्पेंशन फ्लाईओवर | 84.11 करोड़ |
| सेक्टर-142 एडवंट अंडरपास | 44.87 करोड़ |
| सेक्टर-78 वेदवन पार्क | 22.68 करोड़ |
| एमपी वन डीएनडी से सेक्टर-56 तक ट्रैफिक सुधार | 5.32 करोड़ |
| सेक्टर-21-21 ए के बीच नाले ढंकना | 5.29 करोड़ |
| पुलिस की 55 बोलेरो | 5.25 करोड़ |
| गोल्फ कोर्स से लाजिक्स मॉल तक मॉडल रोड | 4.95 करोड़ |
| शनि मंदिर-डीएनडी टोल प्लाजा के पास जलभराव से बचाव | 1.41 करोड़ |
| पांच ट्रक माउंटेड वाटर स्प्रिंकलर टैंकर | 1.19 करोड़ |

### मीडिया जगत के ध्रुव तारा हैं रामनाथ गोयनका: सीएम योगी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत का काला अध्याय है। 48 वर्ष पहले इसी दिन भारत के लोकतंत्र का गला को घोटने का कार्य हुआ था। उस दौर में मीडिया और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने का कार्य स्वर्गीय रामनाथ गोयनका ने किया था। रामनाथ गोयनका मीडिया जगत का चमकता हुआ ध्रुव तारा है। जब भी लोकतंत्र और पत्रकारिता की बात होगी, तब गोयनका जी का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। सीएम योगी ने रविवार को रामनाथ गोयनका मार्ग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रामनाथ गोयनका और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गोयनका जी ने एक योद्धा की तरह कार्य किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से गोयनका जी ने वर्ष 1936 में इंडियन एक्सप्रेस की स्थापना कर भारत की आमजन की आवाज को एक नई ऊंचाई देना का कार्य। सीएम योगी ने कहा कि गोयनका जी ने मीडिया की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका किस तरह की होनी चाहिए इसका मार्ग भी उन्होंने ही दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि स्वर्गीय रामनाथ गोयनका जी ने स्वच्छ और सुचिता पूर्ण मीडिया के मानक गढ़े। गोयनका जी का राष्ट्रवादी मीडिया मिशन के साथ भी गहरा जुड़ाव रहा है। सीएम योगी ने कहा देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र को बचाने तक स्वर्गीय रामनाथ गोयनका जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एक्सप्रेस समूह के निदेशक अनंत गोयंका, इंडियन एक्सप्रेस के संपादक राजकमल झा, उन्नीशंकर, बंदिता मिश्रा, कूमी कपूर, जनसत्ता के संपादक मुकेश भारद्वाज और एक्सप्रेस ग्रुप के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### नोएडा में 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और उनकी लागत

- 900 टन क्षमता का चारकोल प्लांट 580.93 करोड़
- 300 टन क्षमता का सीएनजी गैस प्लांट 180.93 करोड़
- सेक्टर-162-163 के बीच नाले, जलापूर्ति-सीवर लाइन बिछाना और बिजली कार्य 17.68 करोड़
- सेक्टर-167 से 163 तक एक्सप्रेस-वे के समानांतर 45 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण 11.18 करोड़
- सेक्टर-82 के पाकेट 7 व 12 के सामने नाले को कवर करना 9.57 करोड़
- सेक्टर-135 में 45 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण 4.96 करोड़
- सेक्टर-166, 167 में 30 मीटर चौड़ी सड़क के दोनों ओर आरसीसी ड्रेन का निर्माण 4.29 करोड़
- फेसटू, सेक्टर-151, 162, 164, 155, 156 विद्युत उपकेंद्र निर्माण 76.73 करोड़
- जी 20 के तहत नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर तिरंगा लाइट, डेकोरेटिव लाइट, फाउंटेन 14.12 करोड़
- 132 केबी सब स्टेशन सेक्टर-67 से 11 केवी सबस्टेशन सेक्टर-58, 52, 60, 62 21.57 करोड़
- सब स्टेशन 153 से सेक्टर-151 गोल्फ कोर्स की आपूर्ति के लिए 11 केवी फीडर 3.54 करोड़
- रेनीवेल एक, चार, छह, का मरम्मत 44.48 करोड़
- महामाया के पास सेक्टर-94 में वेस्ट टू वंडर पार्क 25 करोड़
- जी 20 के तहत मूर्ति के माध्यम से सुंदरीकरण 9.82 करोड़
- सेक्टर-150, 151, 163, 43, 44, 108 ग्रीन बेल्ट 21.56 करोड़
- 70 रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण 2.16 करोड़



# 25 जून देश का काला अध्याय : राजनाथ सिंह

जन एक्सप्रेस | आगरा

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को आगरा के कागारौल में जनसभा की। उन्होंने कहा, 25 जून 1975 को कांग्रेस की सरकार ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। ये लोकतंत्र का गला घोंटना था। यह काला अध्याय हमेशा याद रखा जाएगा। हजारों की संख्या में नेताओं को उठाकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षामंत्री ने कहा, मैं भी उस समय एक जिले में जिलाध्यक्ष के रूप में काम करता था। उस वक्त मेरी उम्र 23 साल थी। मुझे भी जेल में डाला गया था। ढाई महीने तन्हाई में रखा गया था। 16 महीने जेल में रहा। मैं मानता हूं भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय 25 जून 1975 था। राजनाथ सिंह यहां मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत पहुंचे थे। उन्होंने कहा, 'आज वहीं कांग्रेस पार्टी अन्य राजनीतिक दलों के साथ पटना में बैठक कर रही है। ये लोग पीएम मोदी को किसी भी तरह से सत्ता से बेदखल करना चाहते है। कांग्रेस कहती है कि लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं, अगर लोकतंत्र खतरे में है। तो राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक या छत्तीसगढ़ में आपकी पार्टी ने कैसे जीत दर्ज की। इसका कांग्रेस के पास कोई जवाब नहीं है।

### देश आज आर्थिक रूप से सशक्त: राजनाथ सिंह

उन्होंने कहा, विपक्ष के लोगों से कहना चाहूंगा कि राजनीति जनता की आंखों में धूल झोंक कर नहीं की जानी चाहिए। राजनीति जनता के आंखों में आंखें डालकर की जानी चाहिए। पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। देश को आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाया है। साल 2014 में अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान पर रहा देश आज पांचवें स्थान पर आ चुका है।

### गरीबों को मिल रहा मुफ्त राशन

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज गांव, गरीब, किसान के लिए काम हो रहा है। मुफ्त राशन मिल रहा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। पाकिस्तान ने उरी में कायराना हरकत की थी तो हमने सीमा के अंदर घुस के आतंकवाद का सफाया किया था।

## यूपी के सरकारी स्कूलों में फिर बढ़ाई गई गर्मी की छुट्टी

**यह आदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों में मान्य होगा**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में गर्मी की छुट्टी दो जुलाई तक बढ़ा दी गई है। सभी स्कूल तीन जुलाई से खुलेंगे। पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 26 जून तक थी। अब इसे छह दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यह आदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों में मान्य होगा। सबसे पहले बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 15 जून तक तय की गई थी जिसे फिर बढ़ाकर 26 जून तक कर दिया गया था। अब यह अवधि 2 जुलाई तक कर दी गई है। 3 जुलाई को सभी स्कूल खुलेंगे।

# आपातकाल के हालात पहले से ज्यादा खराब: अखिलेश यादव

### भाजपा सरकार में आज भी इमरजेंसी, सच बोलेंगे तो होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सीनियर अधिवक्ता जफरयाब जिलानी की श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहुंचे। रविवार को लखनऊ के मुमताज कॉलेज में उन्होंने कहा, आज के ही दिन आपातकाल लागू हुआ था। वह एक पुराना इतिहास है। लेकिन आज भी आपातकाल है। अगर आज आप बोलेंगे तो आपके खिलाफ कार्रवाई हो जाएगी। आज का आपातकाल ऐसा है कि आप तक सच्चाई नहीं पहुंचेगी। इस सरकार से कोई न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता। आज के आपातकाल के हालात पहले से ज्यादा खराब हैं। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा सरकार में आज भी इमरजेंसी चल रही है। कांग्रेस सरकार के इमरजेंसी से भी ज्यादा हालात खराब हैं। आज मीडिया भी अगर कोई सही खबर दिखा दे तो उस पर भी मुकदमा लिख जा रहा। उन्नाव में पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

### दर्शन का अधिकार ना छीने सरकार, काशी विश्वनाथ मंदिर में बढ़े टिकट शुल्क पर अखिलेश यादव का तंज

इस बार सावन में काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले भक्तों को विभिन्न आरती, सुगम दर्शन, अभिषेक और श्रृंगार के लिए ज्यादा शुल्क देना होगा। सावन के सोमवार को लेकर मंगला आरती के टिकट चार गुना महंगे कर दिए गए हैं। 500 रुपये में मिलने वाली मंगला आरती के टिकट का शुल्क दो हजार कर दिया गया है। इसके अलावा सुगम दर्शन, रुद्राभिषेक, संन्यासी भोग और सावन के श्रृंगार का शुल्क भी बढ़ाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने मंदिर प्रशासन के इस फैसले पर आपत्ति जताई है। उन्होंने शुल्क वृद्धि के फैसले के वापस लेने की अपील की है। वहीं इस मामले को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला भी बोला है। उन्होंने रविवार को ट्वीट किया, 'भाजपा सरकार से आग्रह है कि 'बाबा विश्वनाथ जी' के दर्शन पर शुल्क लगाकर गरीबों, सच्चे भक्तों, व आम जनता से 'दर्शन का अधिकार' न छीने। भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया है। नींदनीय!'

# राजनैतिक रसूख के बल पर हो रहा होटल पैसिफिक इन का अवैध संचालन

**विहित प्राधिकारी के आदेश के बाद भी नहीं सील हुआ होटल पैसिफिक इन**

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** यूं तो आए दिन राजनैतिक और रसूखदारों द्वारा लोकतंत्र का मजाक बनाया जाता रहा है और न्याय के मंदिर के बाहर मजबूर और बेसहारा लोगों के अधिकारों की बोलियां खुलेआम लगती रही हैं, साथ ही शासन और प्रशासन बेईमानों के हाथ की कठपुतली बनता नजर आया है। लेकिन जब से उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है तबसे हर व्यक्ति न्याय की आस में अधिकारियों और राजनेताओं की चौखट पर इस उम्मीद से पहुंचने लगा है कि आज नहीं तो कल योगी के राज में उसे न्याय जरूर मिलेगा। इसी उम्मीद से होटल पेसिफिक इन के मालिकों द्वारा प्रताड़ित की गई एक महिला ने अपनी जमीन कब्जा करने के मामले में होटल पैसिफिक इन के मालिक चरणजीत सिंह, मोहन सिंह आदि के खिलाफ शिकायत करनी शुरू की, तभी इन आरोपियों ने हर तरफ से महिला की पेशबंदी करनी शुरू कर दी। आलम यह हुआ कि पैसे और रसूख के बल पर हर अधिकारी चरणजीत सिंह और मोहन सिंह की भाषा बोलने लगा। दर दर की ठोकर खाने के बाद पीड़ित महिला साधना शर्मा सुबह-शाम अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर काटती रह गई।

**शेष अगले अंक में....**

*जल्द होगा बड़ा खुलासा बने रहिए जन एक्सप्रेस के साथ.....*




अवैध संचालित होटल पैसिफिक इन

### पीड़ित महिला की शिकायत के बाद हुआ खुलासा


विहित प्राधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।

हालाकि पीड़ित महिला की शिकायत के बाद एक बड़ा खुलासा हुआ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर थाना अंतर्गत 69/159, कृष्णानगर, कानपुर रोड पर चरणजीत सिंह द्वारा होटल पैसिफिक इन का अवैध संचालन किया जा रहा है। वाद संख्या 95/2020 में धारा 28(क) उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 यथा संशोधित अधिनियम 1997 के अंतर्गत सहायक अभियंता प्रवर्तन जोन-2 को परिसर सील करने के लिए आदेशित किया गया था। साथ ही अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वितरण खंड लखनऊ को भी विद्युत संयोजन विच्छेद करने का आदेश दिया गया था, लेकिन आज तक इन अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई जबकि, विहित प्राधिकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा 19/09/2022 तक का समय भी निर्धारित किया गया था।


कार्यालय-जिलाधिकारी, लखनऊ।

### आरटीआई से हुआ खुलासा, 'होटल पैसिफिक इन' अभिलेखों में भी नहीं है पंजीकृत

जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना उपलब्ध कराते हुए जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर 2022 को बिंदुवार सूचना देते हुए यह जानकारी उपलब्ध कराई गई थी कि होटल पेसिफिक इन 569/ 153/3 बरगवां, कानपुर रोड, लखनऊ कार्यालय के अभिलेखों में सराय एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत होना नहीं पाया गया है।

### बड़ा सवाल!

- आखिर किसके रसूख के आगे नतमस्तक हैं सूबे के आलाधिकारी?
- विहित प्राधिकारी के आदेशों को दरकिनार करने वाले अधिकारियों पर कौन करेगा कार्यवाही?
- क्या होटल पैसिफिक के मालिक चरणजीत सिंह को मिल रहा है राजनैतिक संरक्षण?


लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

### लखनऊ विकास प्राधिकरण के पास भी नहीं है नक्शे की जानकारी

लखनऊ विकास प्राधिकरण से आरटीआई के माध्यम से होटल पेसिफिक इन के मानचित्र के बारे में जानकारी मांगी गई थी, जिसकी जानकारी देते हुए सहायक अभियंता जन सूचना अधिकार मानचित्र सेल लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 22/12 /2022 के पत्र में यह जानकारी उपलब्ध कराई गई थी कि, होटल पेसिफिक इन का नक्शा प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं है।

# जनप्रतिधियों के सुझाव पर कृत कार्यवाही से करायें अवगत : साध्वी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

**✻ पात्रो तक पहुँचे विकास योजनाये, विद्युत आपूर्ति सिड्यूल अनुसार किया जाये, महिलाओ से सम्बन्धित कार्यो को वरीयता से लिया जाय, ग्राम समितियो के माध्यम से जल जीवन मिसन का कराये प्रचार-प्रसार**



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक विकास भवन सभागार में जिले की सांसद एवं उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण व ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक मे केंद्रीय राज्यमंत्री ने सभी विभागों की बिंदुवार समीक्षा किया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दिशा की बैठक तीन माह के उपरांत सम्पन्न हो रही है। बैठक में जनप्रतिनिधियों व समिति के सदस्यों द्वारा जो सुझाव दिए जाते हैं उन्हें समय सीमा के अन्दर निदान करने के कृत कार्यवाही से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् समूहों से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जाय और जनपद में इस वर्ष दो लाख परिवारों को समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाते हुए लाभान्वित किया जाय। प्रधानमंत्री का सपना है कि महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने एलडीएम को निर्देशित किया कि बैंकर्स समूह की महिलाओं के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें और नियमानुसार ऋण मुहैया कराये। उन्होंने कहा कि केले के पौधे के डंठल से विभिन्न उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण समूह की महिलाओं को दिलाया जाय। जनपद में विद्युत आपूर्ति सरकार द्वारा तय किए गए शेड्यूल के अनुसार किया जाय। आरडीएसएस विद्युत सुद्रणीकरण के तहत् विद्युत संबंधी जो कार्य किए जा रहे है उसमें तेजी लाये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा अन्य योजनाओं से निर्माणाधीन सड़कों का निर्माण गुणवतापूर्ण व चरणबद्ध तरीके से कराया जाय और सड़को को गड्ढामुक्त किया जाय। जल जीवन मिशन के तहत् जो पानी की टंकियां बनाई जा रही है उन्हे मानक के अनुसार बनाया जाय। ग्राम समितियों के माध्यम से जल जीवन के बारे में प्रचार-प्रसार कराते हुए नागरिकों को जागरूक कराया जाय। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं, सभी चिकित्साधिकारी व कर्मचारी समय से स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच कर संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करें। मेडिकल कालेज के अस्पताल का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं दिया जाय। उन्होंने कहा कि विकास खंडों में 10 वर्ष से अधिक समय से तैनात ग्राम विकास अधिकारी एवं तहसील में राजस्व लेखपाल 05 वर्ष से अधिक समय से तैनात है, उनका नियमानुसार कार्यवाही करते हुए दूसरे विकास खंड-तहसील में स्थानांतरण किया जाय। जनपद में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से पात्र अछूते न रहे और अपात्रों को योजनाओं का लाभ न दिया जाए। जिलाधिकारी श्रुति ने कहा कि समिति के अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत् जनपद निरंतर प्रगति कर रहा है।

प्रतिनिधियों द्वारा शिकायत व सुझाव दिए गए है उनका अक्षरशः पालन कराया जायेगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियो एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह जैकी, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक हुसेनगंज ऊषा मौर्या, विधायक सदर चंद्रप्रकाश सिंह लोधी, नगर पालिका परिषद-नगर पंचायत के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, डीसीएम रेलवे, निजी सचिव भारत सरकार, सीएमओ, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए सहित समिति के नामित सदस्य व जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध गेस्ट हाउस कर रहे राजस्व का भारी नुकसान

**जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर।** नगर के विभिन्न क्षेत्रो सहित ग्रामीणान्चलो मे अबैध गेस्ट हाउसो का संचालक संचालित करके जहाँ मालामाल हो रहे है। वही राजस्व का भारी नुकसान कर रहे है। जब कि सम्बन्धित विभाग जेबे गर्म करके अनदेखा कर रहा है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रो मे लगभग आधा सैकडा से भी अधिक गेस्ट हाउस संचालक संचालन करके मोटी रकम आम जनो से वसूल रहे है। जब कि गेस् हाउसो अग्नि समन सहित अनेक नियमो का खुला अनुपालन नही किया जा रहा। तहसील क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रो मे एक सैकडा से भी अधिक गेस्ट हाउसो का संचालन किया जा रहा है। संचालक आम जनो से 50 से 80 हजार प्रति दिन की वसूली कर रहे है। वही राजस्व के नाम पर अगूठा दिखा रहे है। जहाँ केन्द्र और प्रदेश की सरकारे तमाम कानूनो को लागू करके कर राजस्व चोरी रोकने का प्रयास कर रही हैं। वही सम्बन्धित विभाग सरकार के प्रयासो की हवा निकाल अबैध गेस्ट हाउसो से मोटी रकम वसूलकर जेबे गर्म कर रहे है और अबैध संचालन को अनदेखा कर रहे है। जिससे खुलेआम राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। जब संचालक द्वारा एक-एक समारोह मे 50 से 80 हजार तक की वसूली किया जा रहा है। जिसका किसी प्रकार की रसीद आदि नही दिया जा रहा है। अबैध गेस्ट हाउसो का आलम तो यह है कि सरकारी मानक का नामो निसान नही देखने को मिल रहा है। स्थानीय प्रशासन सहित सम्बन्धित विभाग देखकर भी अनदेखा कर रहा है और संचालक बेधडक आमजनो से मोटी रकम वसूल रहे हैं।

# अन्याय व शोषण के खिलाफ दमदारी से आवाज उठाएं युवा : रामप्रकाश द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में रविवार को लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय करार देते हुए युवाओं को न्याय और सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला मुख्यालय स्थित लो.नि.वि. निरीक्षण गृह में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि अत्याचार व अन्याय पर उतारु तानाशाह सरकार का विरोध करने पर उन लोगों को आपातकाल के समय जेल भेज दिया गया था। भारतीय लोकतंत्र में आपातकाल की घटना एक काले धब्बे के समान है। उस दौर में सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों का उत्पीड़न किया जाता था। आपातकाल को लेकर तत्कालीन सरकार के खिलाफ लड़ाई देश की दूसरी आजादी की लड़ाई के समान थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि लोकतंत्र रक्षक सेनानियों से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने नौ साल के कार्यकाल में भारत का गौरव दुनिया भर में बढ़ाया है। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश गौतम ने कहा कि लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का संघर्ष सभी को प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी, भागीरथी गांधी, रामपाल त्रिपाठी आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, राजापुर नगर पंचायत चेयरमैन संजीव मिश्रा, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, लवकुश चर्तुवेदी, भाजपा जिला महामंत्री अलोक पांडेय, अश्वनी अवस्थी आदि मौजूद रहे। भाजपा नेता रामबाबू गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

## को-ऑपरेटिव अध्यक्ष व नगर पालिका चेयरमैन को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व बांदा चित्रकूट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता का रविवार को स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में अध्यक्ष को-ऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल ने गणमान्य नागरिकों से अनुरोध किया कि आप लोग अधिक से अधिक को-ऑपरेटिव बैंक में खाता खुलवाएं। जिससे को-ऑपरेटिव बैंक से संबंधित जो भी लाभ होगा आपको दिया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नगर के विकास के लिए आप लोग सहयोग करें। जिससे शासन से आए हुए योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंच सके और चित्रकूट को उत्तर प्रदेश का सबसे स्वच्छ जिला बनाया जा सके।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता को कोऑपरेटिव बैंक का अध्यक्ष का प्रत्याशी बनाया और सभी लोगों के सहयोग से पंकज अग्रवाल को-ऑपरेटिव बैंक के निर्विरोध चुनाव जीते। इसी क्रम में कार्यक्रम के संयोजक पूर्व महासचिव हाईकोर्ट इलाहाबाद राजेश खरे व चार्टर्ड अकाउंटेंट सौरभ अग्रवाल ने कहा कि यह स्वागत समारोह अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक का नहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का है तथा उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि शासन द्वारा चित्रकूट के विकास के लिए आई हुई योजना का लाभ लेते हुए आप सभी लोग सहयोग करें। जिससे कि चित्रकूट का चहुमुखी विकास हो सके। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ,बांदा चित्रकूट के सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह तोमर ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन विवेक अग्रहरि ने किया।

कार्यक्रम में उमेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मनोज प्रिंस केसरवानी, किशन श्रीवास्तव, हरि प्रकाश अग्रवाल, राजीव गर्ग, आशीष केसरी, अंकित सोनी, प्रकाश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, राजेश जायसवाल, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय, विनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पुष्पा सोनी, आस्था अग्रवाल, जितेंद्र अग्रहरि, विष्णु सोनी आदि मौजूद रहे।

## नीलम बृजेन्द्र शुक्ला बनीं योजना समिति की सदस्य

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों द्वारा जिला योजना समिति के सदस्य पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीलम बृजेन्द्र शुक्ला ने जीत हासिल की है। रविवार को जिला योजना समिति के लिए सभी 66 सभासदों ने मतदान किया। चित्रकूट धाम कर्वी, मानिकपुर, राजापुर व मऊ के सभासदों द्वारा मतदान किए जाने के बाद हुई मतगणना में भाजपा प्रत्याशी नीलम बृजेन्द्र शुक्ला 37 मत पाकर विजयी हुई। मऊ के सभासद गंगासगर मिश्र 25 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक परशुराम, उपनिरीक्षक रविकान्त राय व उनकी टीम आरक्षी रामचन्द्र बुन्देला, नरेन्द्र सिंह व जलील अहमद द्वारा आरोपी कुबेर प्रसाद पुत्र शिवअवतार निवासी पहाड़ी व अनिल कुमार पुत्र चुनका निवासी कलवारा थाना पहाड़ी को 18-18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये।

# पड़ोसी जनपदों से आये खरीदार, कुर्बानी वाले बकरे की बोली में चढ़े दाम

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

ईदुल अजहा का पर्व 29 जून को मनाया जा रहा है। जिसके चलते स्थित पशु बाजारो में बडी संख्या में अकीदतमंदों ने कुर्बानी के बकरों की खरीददारी कर रहे है। बाजार में 30 हजार कीमत से अधिक के बकरे भी देखने को मिले। बाजारो में देर रात तक बकरों की खरीददारी चलती रही। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्योहार को लेकर चैफेरवा स्थित पशु बाजार में सुबह से ही व्यापारियों ने अपने माल को लाना शुरू कर दिया था। प्रातः सात बजे से ही बाजार में खरीददारो की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। कुर्बानी के लिए लोगों ने अपनी जेब की परवाह न करते हुए कीमती से कीमती तंदुरूस्त बकरों की जमकर



खरीददारी किया। यह खरीददारी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बाजार में 30 हजार रूपये तक के बकरे बिकने के लिए आए। जिन्हे लोग खरीदने के लिए बोली लगाते दिखे। बाजार में बकरा व्यापारियों से जब बातचीत किया गया तो बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष की खरीददारी पर महंगाई हावी रही। बाजार में व्यापारियों व खरीददारों की सुविधा के लिए पेयजल की व्यवस्था भी किया गया था। बकरों की बिक्री के लिए इलाहाबाद, इटावा, औरैया, अलीगढ़, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर व मिर्जापुर के व्यापारी आए। वहीं खरीददारी के लिए काठमांडू, झारखंड, बंगाल, राजस्थान, बिहार तक के लोग बाजार में बकरों की खरीददारी किया।

# फुटपाथ व नाली न होने से राहगीर हो रहे दुघर्टना ग्रस्त

**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर**

नगर पंचायत क्षेत्र मे सडक निमार्ण तो कराया गया लेकिन पटरी सहित नाली का निमार्ण न होने से दुर्घटनायें हो रही हैं। ऊंची आरसीसी रोड के चलते नीचे फुटपाथ मे जल भराव होने से कीचड मे लोग दुघर्टना के शिकार हो रहे है और छात्र-छात्राओ को भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। नवसृजित धाता नगर पंचायत के रावण मैदान से लेकर सूर्यपाल विद्यालय तक एक किलोमीटर मार्ग को पीडब्लूडी विभाग ने पिछले तीन महीने पहले बाजार के अंदर आरसीसी रोड बनवाकर ऊंचा कराया था। विभागीय अधिकारियों ने उखड़ी साइड को ठीक नहीं कराया जिससे आमने सामने से आने वाली गाड़ियां आपस में टकरा जाती है। रोड ऊंची होने से गाड़ियों को नीचे उतारने में बड़ी समस्या होती है और थोड़ी सी बारिश होने पर कीचड़ हो जाता है जिससे छात्र व बाइक सवार सहित लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी प्रद्युम्न सिंह, अखिलेश सिंह, शिव बाबू केसरवानी, नफीस अहमद ने बताया कि बरसात होने के पहले घरों और रोड के पानी की निकासी की व्यवस्था किया जाना बेहद जरूरी है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं होती तो सीसी रोड के क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। विभाग द्वारा सही ढंग से मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।

# प्रशासनिक अमला पस्त, खनन माफिया मस्त

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

यमुना नदी से मौरंग का अवैध कारोबार की जानकारी आलाधिकारियो सहित सम्बन्धित विभाग को है कि अवैध रूप से चलने वाले खनन में करोड़ों रुपए का नुकसान राजस्व का हो रहा है। इसके बाद भी कानून के दायरे में नहीं लाया जा रहा। इन दिनों खागा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत हो रहे मौरंग खनन मे जिस तरह से खनन नियमावली और एनजीटी की गाइडलाइंस का उल्लंघन हो रहा है उससे यह क्षेत्र काफी सुर्खियों में है। इन घाटों में हो रहे खनन को देखकर बहुत ही आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नियम कानून, खनन माफियाओं के आगे बौने साबित हो रहे है। ऐसा लगता है कि खनन विभाग पूरी तरह से खनन माफियाओं के आगे घुटने टेक चुका है। ओवर लोडिंग से लेकर यमुना की बीच धारा से खनन के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। यमुना नदी से होने वाले अवैध खनन मे खनन माफिया ही अकेले नहीं है बल्कि इस काम में खनन विभाग से लेकर प्रशासन भी अपना साथ देने में पीछे नहीं है। तभी तो दिन-रात अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। ओवरलोड वाहन प्रशासन की नाक के नीचे से होकर गुजर रहे है। ओवर लोड वाहन न केवल खनन नियमावली को चुनौती दे रहे हैं बल्कि प्रशासन को भी चिढ़ा रहे हैं। अब ऐसे में यही कहा जा सकता है कि नीचे से ऊपर तक कुछ न कुछ तो गड़बड़ है। असोथर थाना क्षेत्र के यमुना घाट से मौरंग का अवैध खनन भी इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां तो राजनेताओं के दबाव पर प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी कार्यवाही करने के लिए तैयार नहीं है। जबकि यमुना की जलधारा को ही रोक दिया गया है यमुना की बीच धारा से मौरंग निकाली जा रही है। अभी हाल ही मे मण्डलायुक्त ने छापेमारी करके खनन क्षेत्र का जायजा लिया और अबैध खनन सहित मानको का पालन करने पर जोर दिया लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात ही साबित हुये न अबैध खनन रुका न ही ओवर लोडिंग। इसी प्रकार आये दिन छापेमारी की खबरे चलायी जाती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर मात्र खाना पूरी ही किया जाता है। जिसके चलते खनन माफिया हौसले मंद हो रहे है और मनमानी कर रहे है। आखिर कब तक इस तहर का लुका छिपी खेल चलता रहेगा और सरकार के दावो की हवा कब तक निकाली जाती रहेगी और सरकारी दस्तावेजो के साथ खिलवाड होता रहेगा।

# आर्यावर्त बैंक द्वारा किया बैंक अदालत का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आर्यावर्त बैंक के चित्रकूट परिक्षेत्र की सभी 41 शाखाओं द्वारा बीते शनिवार को मेगा बैंक अदालत का आयोजन किया गया।

जिसमें एनपीए-ऋण खाता धारकों के लिए विशेष समझौता योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा बकाया धन राशि में छूट तथा अप्रभारित ब्याज में पूर्ण छूट प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, पुराने एनपीए-ऋण को जमा करने वाले ग्राहकों को आवश्यक्तानुसार कस्टमर रिकनेक्ट योजनान्तर्गत नए ऋण भी तत्काल स्वीकृत किए गए। जिससे उनकी परियोजना चलती रहे और उनकी आय में वृद्धि हो सके। क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पूर्व में परिस्थितिजन्य कारणों एवं प्राकृतिक आपदा के कारण मजबूरीवश डिफाल्टर बने ग्राहकों को छूट प्रदान कर उन्हें अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोडना है। बैंक द्वारा बैंक अदालत का आयोजन चित्रकूट की सभी चार तहसील कर्वी, मऊ, मानिकपुर व राजापुर में किया गया।

# स्काउट-गाइडों व रोवर-रेंजरो ने बुझाई यात्रियों की प्यास

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था चित्रकूट द्वारा रेलवे स्टेशन चित्रकूट धाम कर्वी में चलाए जा रहे निःशुल्क जल सेवा शिविर के दूसरे दिन रविवार को भी स्काउट-गाइड व रोवर-रेंजरों ने प्यासे यात्रियों को ठंडा जल पिला कर प्यास बुझाई।

भारत स्काउट-गाइड उत्तर प्रदेश चित्रकूट के जिला सचिव ने सुरेश प्रसाद ने बताया कि प्यासे यात्रियों ने ठंडा पानी पीकर स्काउट-गाइडों व रोवर-रेंजरों की सराहना की। इस कार्य में 25 स्काउट गाइड व रोवर-रेंजर एवं 10 शिक्षक टोलियां बना कर ट्रेन के प्रत्येक डिब्बे तक पहुंचकर यात्रियों को पानी पिलाया। यात्रियों को पिलाए जा रहे ठंडा पानी की व्यवस्था प्रेमचंद, मोहनलाल दीन, सुरेश प्रसाद द्वारा की गई। इस कार्य में चित्रकूट इंटर कालेज, श्री गंगाप्रसाद जनसेवा इंटर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेड़ीपुलिया के स्काउट-गाइड व रोवर-रेंजरों ने भाग लिया। सहयोगी छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुआ खिलाड़ियों का मंडल स्तरीय ट्रायल



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में रविवार को प्रातः आठ बजे से स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले खिलाड़ियों का प्रारंभिक ट्रायल प्रयागराज से आए संदीप गुप्ता, अंजू शर्मा वॉलीबॉल झांसी, क्रिकेट प्रशिक्षक संजीव कुमार, बांदा से आए बैडमिंटन प्रशिक्षक शैलेंद्र कुशवाहा, महोबा से आए रामचंद्र द्वारा लिया गया। पहले खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट, 100 मीटर, 800 मीटर शटल रन, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप में उनकी क्षमता को देखा गया। इसके बाद खिलाड़ियों का स्किल टेस्ट क्रिकेट में बॉलिंग-बैटिंग तथा बैडमिंटन में सर्विस मोमेंट स्मैश आदि देखा गया। क्रिकेट में 12 खिलाड़ियों ने, बैडमिंटन में 3 खिलाड़ियों ने महोबा, बांदा व चित्रकूट से आकर ट्रायल्स में प्रतिभाग किया। ट्रायल्स में सहयोग प्रदान करने के लिए अंगद सिंह एथलेटिक प्रशिक्षक, फिरोज क्रिकेट प्रशिक्षक, श्याम सुंदर यादव खेल अनुदेशक ने बाहर से आए खेल विशेषज्ञों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

इसके पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार द्वारा समस्त खिलाड़ियों को ट्रायल्स के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्पोर्ट्स कॉलेज में मिल रही सुविधाओं तथा वहां से प्रदेश एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारियां प्रदान की प्रारंभिक ट्रायल्स में सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए प्रतिभाग करेंगे। सफल अभ्यर्थियों को सूचना स्पोर्ट्स कॉलेज द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सोमवार को प्रातः आठ बजे से खेल विशेषज्ञों द्वारा एथलेटिक, हॉकी, जिमनास्टिक, कुश्ती, तैराकी व कबड्डी के मंडल स्तरीय ट्रायल लिए जाएंगे।

## 75वें सफाई अभियान में साफ की परिक्रमा मार्ग की गंदगी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 75वां अभियान चलाकर कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई की। साथ ही लोगों व श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि स्वच्छता के प्रति हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। आसपास स्वच्छता रहेगी तो बीमारियां नहीं होगी तथा मन शुद्ध और साफ रहेगा। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष व नगरपालिका के ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि समिति द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्वच्छ और साफ सुंदर रहे। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में रहने वाले दुकानदारों से स्वच्छता के लिए आसपास डस्टबिन रखने की अपील की। कहा कि कचरा निकलने के बाद उसे डस्टबिन में ही डालें। कहा कि चित्रकूट स्थित भगवान कामतानाथ का पर्वत राष्ट्रीय स्तर का एक धार्मिक स्थल है और सभी की आस्था का केंद्र भी है। स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और पर्वत की तरफ गंदगी डालने से बचें। उन्होंने कहा कि कामतानाथ परिक्रमा में जो दुकानदार रह रहे हैं, वह भी पर्वत की पूजा करते हैं। इसके बावजूद कुछ लोग परिक्रमा मार्ग में कचरा फैलाते है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**दो जुड़वां बहनों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध**

# दिव्यांग विश्वविद्यालय और संस्कृति विभाग से हुआ शोध, शैक्षिक, सांस्कृतिक समझौता

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट तथा अयोध्या शोध संस्थान व संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के मध्य एक समझौता किया गया। जिसमें दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षिक, सांगीतिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा शोध से सम्बन्धित गतिविधियों मे एक दूसरे का सहयोग किया जाएगा। अयोध्या शोध संस्थान श्रीराम की संस्कृति पर संपूर्ण विश्व में सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम कराता रहता है। इसी प्रकार चित्रकूट में भी जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के सहयोग से विगत कुछ वर्षों से अयोध्या शोध संस्थान ने कई बड़े सांस्कृतिक आयोजन किए है। जिसमें रामायण कांक्लेव, गोस्वामी तुलसीदास जयंती, श्रीराम जन्मोत्सव इत्यादि प्रमुख हैं। सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय भी बढ़-चढ़कर संस्थान का सहयोग करता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी से वार्ता करके दोनों संस्थाओं के मध्य एक समझौता करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर संस्कृति विभाग की ओर से भी सहमति प्राप्त हुई और दोनों संस्थानों के मध्य एक लिखित समझौता किया गया। जहां संस्थान श्रीराम की संस्कृति को लेकर देश और विदेश में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन करता रहता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य भी पूरे विश्व में श्रीराम कथा के माध्यम से सनातन संस्कृति तथा श्रीराम के आदर्शों एवं मूल्यों को स्थापित कर रहे हैं। दोनों संस्थानों का उद्देश्य राष्ट्र की उन्नति में श्रीराम संस्कृति का योगदान है। ऐसे में दोनों संस्थानों के बीच समझौता शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों के लिए किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो पांडेय ने बताया कि संस्थान द्वारा देश-विदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न संगोष्ठियों में सांगीतिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता अब आधिकारिक रूप से की जा सकेगी। मुख्य अतिथि निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी ने कहा कि यद्यपि विश्वविद्यालय पहले से भी संस्थान का पूर्ण सहयोग करता रहा है, किंतु इस समझौते के बाद अगले तीन वर्ष तक अब विश्वविद्यालय आधिकारिक रूप से संस्कृति विभाग के साथ जुड़कर शैक्षिक गतिविधियों में शोध परक कार्यों में अपनी भूमिका निभा सकता है। इस समझौते से जहां अयोध्या शोध संस्थान विश्वविद्यालय के विद्वान शिक्षकों से लाभान्वित होगा, वहीं विश्वविद्यालय के छात्र भी अयोध्या शोध संस्थान से जुड़कर लाभान्वित होंगे। इसी के साथ चित्रकूट के अन्य विद्वानों एवं कलाकार भी इससे लाभान्वित होंगे। समझौता निष्पादन समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं अयोध्या शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अष्टावक्र सभागार में किया गया। कार्यक्रम में चित्रकूट के निवासी शिवशंकर मिश्र की सुपुत्री नवोदित कलाकार दो जुड़वा बहनें अमृता मिश्रा व नम्रता मिश्रा ने अपने भजनों से उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी कलाकारों को कुलपति प्रो पांडेय ने बुके देकर मंच पर सम्मानित भी किया। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी ने इन कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कलाकारों को अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव 2023 के लिए आमंत्रित भी किया। जिस पर कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौता का परिणाम आज से ही मिलना प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव रमापति मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डीन डॉ विनोद मिश्र, डॉ महेंद्र उपाध्याय, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ निहार मिश्रा, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ प्रमिला मिश्रा, पीआरओ एस पी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 23-28 जून,2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.5 (+02)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.4 (-2.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 55 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 3.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# इस सिपाही का इतना भौकाल है टाइट कि आईपीएस भी रहते हैं राइट

## लखनऊ की नारकोटिक्स सेल में तैनात खैरुल बशर नाम का सिपाही उन्नाव और कानपुर के

# माफियाओं का बन बैठा है मसीहा

*** उन्नाव में 10 वर्षों से तैनात प्रदीप यादव नाम के सब इंस्पेक्टर के साथ उन्नाव के कई भू-माफियाओं का बन बैठा है साझीदार, शासन स्तर पर हो जांच तो खुल सकता है राज**

फाइटरजी कहिन

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**लखनऊ/कानपुर नगर/उन्नाव।** उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही और सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात कई भ्रष्ट खाकीधारियों ने भूमाफियाओं और अपराधियों से गठजोड़ करके इतनी सम्पत्ति तैयार कर ली है कि कुबेर जी भी इन लोगों के सामने बौने सबित हो जायेंगे। जन एक्सप्रेस ने वादा किया था कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर तैनात खैरुल बशर नाम के सिपाही और उसके उन साथियों का पर्दाफाश करेगा जो वर्दी की आड़ में अति घिनौने कार्य करने से भी नहीं चूकते। विश्वसनीय सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार खैरुल बशर नाम का सिपाही जो कभी कानपुर उन्नाव कन्नौज की एसओजी और क्राइम ब्रांच टीम में शामिल था। कई मर्तबा इस सिपाही पर गंभीर आरोप भी लग चुके हैं और इसे गैर जनपद तक तत्काल भेजा गया था। सूत्र बताते हैं कि जब इसकी तैनाती उन्नाव में हुई तो इसने कई भू माफियाओं और अपराधियों पर अपने साथ-साथ अपने विभाग के कुछ भ्रष्ट खाकीधारियों का संरक्षण प्रदान करवा दिया।



हाथों में पिस्टल लेकर नुमाइश करता हुआ खैरुल बशर।

### शासन स्तर पर हो जांच तो हो सकता है बड़ा खुलासा

जनपद उन्नाव में ही तैनात कुछ इमानदार खाकी धारियों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि खैरुल बशर और उसकी टीम के लोगों से आईपीएस रैंक के अधिकारी भी नहीं उलझते हैं। अगर योगी सरकार शासन स्तर पर खैरुल बशर और उसके टीम के भ्रष्ट खाकी धारियों की उच्च स्तरीय जांच करवाएं और इनके मोबाइल नंबर के डाटा को खंगाला जाए तो एक बहुत बड़ा खुलासा हो सकता है जिसमें खुलकर सामने आ जाएगा अभी भी खैरुल बशर और प्रदीप यादव समेत कुछ भ्रष्ट खाकी धारियों का हाथ उन्नाव के और कानपुर के आसपास के भू माफियाओं को जबरदस्त रूप से प्राप्त है। विश्वनीय सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि खैरुल बशर लखनऊ से उन्नाव में ही बना रहता है और उसका साथी सब इंस्पेक्टर प्रदीप यादव जो कभी क्राइम ब्रांच में रहा है अभी भी भू माफियाओं के साथ रोजाना बैठक करते हुए अक्सर देखे जाते हैं। शेष जारी...

### सब इंस्पेक्टर प्रदीप यादव के साथ कई माफियाओं का बना हुआ है साझेदार

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खैरुल बशर वर्तमान समय में लखनऊ की नारकोटिक्स सेल में तैनात है। लेकिन वह कहने को सिर्फ उस विभाग में तैनात है। जनपद उन्नाव में 10 वर्षों से जमा हुआ प्रदीप यादव नाम का दरोगा जो इसके साथ क्राइम ब्रांच टीम का भी सदस्य हुआ करता था कुछ अन्य खाकी धारियों के साथ मिलकर पहले तो भू माफियाओं और अपराधियों पर शिकंजा कसा और उसके बाद उन्नाव में ज्यादातर भू माफियाओं को अपना साझीदार बनाकर खूब अकूत दौलत इकट्ठा की है। सूत्र यह भी बताते हैं कि प्रदीप यादव नाम का सब इंस्पेक्टर 10 वर्षों से उन्नाव में जमा हुआ है हालांकि नंबर दो की दौलत इन लोगों ने काफी कट्ठा कर ली है इसलिए इनके सोर्स भी अब हाई-फाई हो चुके हैं इसलिए प्रदीप यादव नाम का सब इंस्पेक्टर और खेलो खैरुल बशर के साथ कई अन्य खाकी धारी अभी भी उन्नाव में माफियाओं के मददगार हैं।

## चौकी के सामने हुई बाइक चोरी के बाद सिपाही निलंबित

जन एक्सप्रेस | प्रशांत कुमार

*** प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर आरक्षी बृजेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया**

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनकी रोड चौकी में तैनात सिपाही ने शातिर अपराधी से चौकी की सामने खड़ी बाइक चोरी करवा दी और अपने आप को फंसता देख बाइक बरामद भी करवा दी। मामले की जानकारी पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को मिलने पर कॉन्स्टेबल द्वारा कराई गई घटना की पोल खुलने पर डीसीपी ने सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। रावतपुर थाना क्षेत्र स्थित मस्वानपुर निवासी शिवम कुशवाहा पेशे से हलवाई हैं शिवम ने बताया कि बीते शुक्रवार को पनकी रोड चौकी स्थित नेपाली मंदिर में एक आयोजन था उस आयोजन में वह अपने कार्य के लिए घर से बाइक पर निकला था कुछ दूरी पर एक अज्ञात युवक ने नेपाली मंदिर तक जाने के लिए लिफ्ट मांगी इस दौरान शिवम ने उस अज्ञात युवक को अपने बाइक पर बैठाकर नेपाली मंदिर तक छोड़ा तो अज्ञात युवक ने कहा कि मुझे पनकी रोड चौकी तक छोड़ दो मना करने पर वह युवक चौकी तक जाने के लिए प्रेशर देने लगा जिसके उपरांत शिवम ने पनकी रोड चौकी तक छोड़ा इसकी बाद युवक ने चौकी में पुलिसकर्मियों से मुलाकात करने के लिए कहा जिसके बाद शिवम उसकी बातों में आकर वह चौकी में बैठा और सिपाही ब्रजेंद्र सिंह यादव से मुलाकात कराई कुछ देर बाद वह युवक चौकी से चला गया इस दौरान शिवम अपनी बाइक उठाने के लिए चौकी के बाहर गया जहां उसे बाइक ना मिलने पर उसने सिपाही से बाइक न मिलने की शिकायत की ती सिपाही ने कहा मैं उसे नहीं जानता हूं इसके बाद शिवम ने कल्याणपुर थाने में जाकर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था।

### विभागीय जांच भी शुरू

डीसीपी वेस्ट लखन यादव ने बताया कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक चोरी प्रकरण में एसीपी कल्याणपुर की जांच में चौकी पनकी रोड पर तैनात आरक्षी की क्षमता एवं प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर आरक्षी बृजेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और इसके साथ ही उसकी विभागीय जांच भी शुरू कर दी है

## इनकम टैक्स रेड: आयकर की ताबड़तोड़ छापेमारी के दौरान बीएमडब्ल्यू कार की सीट के नीचे से मिला 12 किलो सोना

जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा




**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में पिछले तीन दिन से आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। रविवार को छापे के दौरान आयकर विभाग को बड़ी सफलता हासिल हुई। जिले में पिछले तीन दिनों से जारी छापों के दौरान आयकर विभाग की टीम ने 12 किलो सोना बरामद किया है। सूत्रों की मानें तो नामी ज्वैलर्स राधा मोहन पुरुषोत्तम दास के एक ठिकाने पर तलाशी के दौरान बीएमडब्ल्यू कार की मैट के नीचे छिपाया गया 12 किलो सोना आयकर की टीम ने बरामद किया है। इतना सोना देखकर आयकर के अधिकारियों के भी होश उड़ गये। इस सोने की अनुमति कीमत 7 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई गयी है। विभाग को यह भी पता चला है कि टैक्स में हेराफेरी के लिए नौकरों के नाम पर करोड़ों के बिल बनाए गए। बड़े पैमाने पर सोने की खरीद-फरोख्त बिना बिल के की गई है। गुरुवार को आयकर की टीम बिरहाना रोड स्थित राधा मोहन ज्वैलर्स एंड लिमिटेड, चौक स्थित राधा मोहन पुरुषोत्तम दास ज्वैलर्स, महादेव प्रसाद ज्वैलर्स, नयागंज स्थित मोनिका ज्वैलर्स, एमराल्ड गॉर्डन हाउसिंग के प्रमोटर के यहां रेड डाली थी। इस रेड में करीब 250 से ज्यादा अफसर-कर्मचारी लगे हुए हैं। रेड में यह भी पता चला है कि दिल्ली की एक टीम सोने की खरीद-फरोख्त के फर्जी बिल तैयार करने का काम करती थी। इसकी जांच की जा रही है।जल्द ही टैक्स चोरी करने वाले व्यापारियों का खुलासा भी आयकर विभाग कर सकता है।

## कब रुकेंगे रोड हादसे, फिर से 3 डंपर आए आमने-सामने एक की मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जहांगीराबाद चीनी मील मोड़ के पास तीन डंपरो की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद तीनों भारी वाहनों मे आग लग गई ।इस दौरान एक की जलकर मौत हो गई और आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया है। घटना के बाद हाइवे में लगा लंबा जाम घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-सागर हाइवे पर लग गया । हादसे मे उन्नाव निवासी 30 वर्षीय मुलायम पुत्र राकेश, चचेरा भाई दीपेश, मैथा निवासी 35 वर्षीय प्रदीप पुत्र ज्ञान सिंह, उन्नाव के भैया खेड़ा निवासी 40 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र गया प्रसाद, हरसिंहपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सचिन पुत्र स्व जगदेवन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से पतारा व घाटमपुर सीएचसी पहुँचाया है। जहां से सभी को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत मे कानपुर के हैलट अस्पताल रिफर कर दिया गया है। घाटमपुर एसीपी दिनेश शुक्ला ने बताया कि जानकारी मिली है. वाहनों को किनारे करवाकर यातायात सामान्य कराया जायेगा तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सीएसए में मत्स्य पाठ्यक्रम में रोजगार के अवसर पर एडवाइजरी जारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित मत्स्य महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ.जे.पी.यादव ने बीते दिन रविवार को मत्स्य पाठ्यक्रम में रोजगार के अवसर पर एडवाइजरी जारी की। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मत्स्य पालन के प्रति रूचि बढ़ाना रहा। डॉ.यादव ने बताया कि आज युवाओं में इंटरमीडिएट के बाद कोर्सों को लेकर असमंजस की स्थिति रहती है जिससे वह अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों के युवा यह नहीं समझ पाते कि टेक्निकल




कोर्सेस की भूमिका क्या होती है।उन्होंने बताया कि मत्स्य विज्ञान में छात्रों को बहुत संभावनाएं हैं छात्र मत्स्य मे स्नातक कोर्स बीएफएससी और परस्नातक कोर्स एमएफएससी करने के बाद इसी मे पीएचडी कर शिक्षण कार्य, वैज्ञानिक , विषय विशेषज्ञ, स्वरोजगार में भविष्य बना सकते है । उन्होंने कहा कि आज युवा मत्स्य के छेत्र में डिग्री लेने के बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर अपना रोजगार स्थापित कर सकता है जिसके लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संपादित हैं।

टीचिंग एसोसिएट डॉ.ध्रुव कुमार ने बताया कि युवा सरकारी पदों जैसे मत्स्य विकास अधिकारी , मत्स्य निरीक्षक , सहायक मत्स्य निदेशक में भी रोजगार प्राप्त कर सकते है । उन्होंने कहा कि छात्र मत्स्य विज्ञान में पढ़ाई करने के लिए यू.पी.केटेट प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर उत्तर प्रदेश में सीएसए कानपुर के इटावा स्थित मत्स्य महाविद्यालय एवं शोध केन्द्र और आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय फैजाबाद दोनो ही संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं।

## भाजपा के पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में कांग्रेस द्वारा 25 जून सन 1975 को देश वासियों व विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं पर लगाए गए आपातकाल के विरोध में एक संगोष्ठी हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिलाध्यक्ष डॉ.वीना आर्या पटेल ने आपातकाल के समय जेल भेजे गए लोकतंत्र सेनानियों रामदेव शुक्ला, ज्ञानेंद्र मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, संतोष शास्त्री, अशोक शर्मा, नर्मदे प्रसाद दुबे, मुन्नू लाल द्विवेदी , विनोद दीक्षित, बालकृष्ण शुक्ला, नरेश परिहार, संत राम गुर्जर, इंद्रपाल भारती, मनमोहन गौर,अनिल पचौरी को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को आपात काल पर बनी एक टेली फिल्म दिखाई गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर व्यक्ति को 25 जून की तिथि याद रखनी चाहिए। यह वह दिन है जब विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को बंदी बना लिया गया था। आपातकाल स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला अध्याय है।मुख्य अतिथि सलिल विश्नोई ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारे लगातार सुशासन पर कार्य कर रही है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।लोकतन्त्र सेनानियों ने कहा कि आपातकाल में 1 लाख से ज्यादा राजनीतिक कार्यकर्ताओं को मीसा, डिफेंस ऑफ इंडिया रूल के तहत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर प्रमिला पाण्डेय , पूनम द्विवेदी, डॉ वीना आर्या पटेल,राम बहादुर यादव , रघुनंदन भदौरिया, विनोद शुक्ला, रीता शास्त्री,मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बिठूर के नाना राव पार्क में 31 जोड़ों ने खाई साथ जीने मरने की कसमें

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जय बाबा श्री आनन्देश्वर मानव सेवा समिति (रजि0) कानपुर उ0प्र0 के तत्वावधान में भारत में चल रही धर्म परिवर्तन, लव जेहाद, दहेज कुप्रथा की भयंकर आँधी को विराम देने लिए हिन्दू सर्वजातीय दहेज रहित 6 वाँ 31 बेटियों का सामूहिक शुभ विवाह समारोह में 31 वर पक्ष बहुत ही धूम धाम से गाजे-बाजे सहित बरात लेकर नानाराव पार्क बिठूर, स्थल पहुँचे तो समिति पदाधिकारियों सहित वधू पक्षों ने सभी वरपक्षों का स्वागत किया व सभी जोड़ों ने पहनाओं जयमाला मंगलगीत के साथ एक-दूजे को जयमाल पहनाया तो सभी आये हुए महंतगण, मुख्य अतिथि, अतिथिगण व समिति पदाधिकारीगणों ने सभी जोड़ों को आर्शीवाद दिया व आचार्यो द्वारा मंत्रोचारण कर प्रतिभोज के भोजन का पूजन कर आये हुए जोड़ों के अतिथियों ने विवाह का भोजन



ग्रहण किया और सभी जोड़ो का समिति के आचार्यों ने हिन्दू विधि विधान से पाणिग्रहण संस्कार के अनुसार मण्डप, हल्दी, कन्यादान, भावर, फेरे, सिन्दूर रश्म सहित सभी जोड़ों को आर्शीवाद विवाह सम्पन्न कराया। और आये हुए सभी अतिथियों का भव्य शिव पार्वती, राधा कृष्ण झॉकी, आर्केषटा शहनाई व ढोलक वादक शाहील जागरण पार्टी ने सभी का मन मोह लिया जिसमें की समिति द्वारा सभी 31 जोड़ों को उपहार में सभी वर-वधू को शूट कपडा, साड़ियाँ मैकप बॉक्स, बिछिया, मंगलसूत्र, बक्सा, टंकी, पचहढ बरतन, घड़ियाँ, लेमन सेट, डिनर सेट व अन्य उपहार आइटम के साथ लड्डू पूड़ी बैना की डालिया आदि सामान उपहार में दिये गये। कार्यक्रम में सर्व डा0ओ0पी0 सिंह, दिव्य प्रताप सिंह विनोद बाजपेई, अजय कुमार, राजेश गुप्ता, रामसजीवन, नाना राव पार्क के सहायक मैनेजर उमेंद्र कुमार यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड



### शास्त्री नगर सेंटर पार्क बना बस पार्किंग का अड्डा

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में बढ़ती गाड़ियों की तादाद आरटीओ के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। जहां दो पहिया चार पहिया से लेकर बड़े बड़े वाहनों की तादाद एक बड़ी समस्या यातायात पर असर डाल रही है। कानपुर नगर में कुछ जगह ऐसी भी है। जिन पर नगर निगम का वर्चस्व आधीन है। फिर भी ऐसा लगता है कि कानपुर शहर के मोटर मालिक सरकारी भूमि को अपने निजी काम के लिए इस्तेमाल करते हैं। शास्त्री नगर सेंटर पार्क इसी का जीता जागता उदाहरण है। जहां मोटर मालिक अपनी निजी बस की पार्किंग कर सरकारी मशीनरी को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो इनका वर्चस्व इतना है कि सालों से यह सरकारी भूमि को निजी काम में इस्तेमाल करते आ रहे हैं। और जिम्मेदार अधिकारी यह सब देखने के बावजूद भी आंख मूंदे हुए हैं। करोड़ों रुपए की लागत से पार्क का सुंदरीकरण किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को यह नहीं दिख रहा है कि पार्क के अंदर भारी भरकम बसों का आना-जाना पार्क की सुंदरता को खराब करने का काम व धन की क्षति पहुंचाने का काम मोटर मालिकों द्वारा किया जा रहा है। आखिरकार कब जिम्मेदार अधिकारी बाहुबली मोटर मालिकों पर कार्यवाही करेगें या फिर बसों की यूंही लगातर पार्किंग की जाती रहेगी। इन बसों के मालिकों को कब जिम्मेदार अधिकारी नोटिस देंगे। यह तो देखने वाली बात होगी। या फिर ऐसे ही मोटर मालिक अपनी मनमानी करते रहेंगे।

### रोटरी क्लब न्यू कानपुर द्वारा श्री जसवंत राय सरस्वती विद्या मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** रोटरी क्लब न्यू कानपुर द्वारा हैप्पी स्कूल के अंतर्गत श्री जसपत राय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लाजपत नगर कानपुर का जीर्णोद्धार कराया गया। विद्यालय के हॉल का उद्घाटन बीते दिन रविवार को मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडे द्वारा किया गया।




कार्यक्रम में रोटरी क्लब न्यू कानपुर का पुरस्कार वितरण समारोह भी हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब न्यू कानपुर की अध्यक्षा सोनाली भरतिया ने महापौर प्रमिला पांडे को सम्मानित किया। इस अवसर पर आरटीएन चार्टर अध्यक्ष विनोद ऋषि, आरटीएन अध्यक्षा सोनाली भरतिया, आरटीएन सचिव नीरज अग्रवाल, आरटीएन कोषाध्यक्ष स्वेत गुप्ता मौजूद रहे।

### ड्यूटी पर तैनात सेना के जवान की सड़क हादसे में मौत

**सैनिक के शहीदी की खबर मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम**

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बौसर गांव के सेना के जवान विनीत यादव (33) पुत्र रावेन्द्र यादव की गुरुवार को सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। जवान लद्दाख से अपने जवानों के साथ आर्मी गाड़ी से तैनाती स्थल जा रहा था। विनीत की लद्दाख में तैनाती थी। वह अपने साथियों के साथ लद्दाख जा रहा था। जाते समय लद्दाख में बुधवार की शाम जिप्सी का ट्रक से टक्कर हो गई। जिससे आर्मी गाड़ी पहाड़ के नीचे गिर गई। विनीत और उनके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में सभी जवानों को चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां सैनिक विनीत यादव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल अन्य सैनिकों का इलाज चल रहा है। जवान की मौत से परिवार में सभी लोग व्यथित है वहीं गांव में मातम छाया हुआ है। सैनिक के इस तरह की मौत से सभी लोग स्तब्ध है। गुरुवार को दोपहर में परिवार से बात भी हुई थी। पत्नी कल्पना और एक वर्ष का बेटा का रोते-रोते बुरा हाल है। विनीत यादव का छोटा भाई सचिन भी सैनिक में है और देश की सेवा कर रहा है। वर्ष 2007 में वह फौज में भर्ती हुए थे। वहीं, जवान के शहीद होने की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि घर पहुंचकर सैनिक के परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

### मौसेरे भाई के साथ नहर में नहाने गया युवक डूबा हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** सजेती थाना क्षेत्र का कोटरा मकरंदपुर निवासी 25 वर्षीय शौर्य प्रताप उर्फ विष्णु पुत्र रामप्रताप लगभग दस दिन पहले साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर नर्वल निवासी मौसा माधव सिंह के यहां गर्मी की छुट्टियां बिताने आया था। शनिवार शाम वह अपने मौसेरे भाई 17 वर्षीय आदर्श पुत्र माधव के साथ रामगंगा नहर के असबानगर पुल के पास स्कूटी लेकर नहाने गया था। गर्मी मे दोनों नहर मे पुल से कूदकर नहाने लगे। इस दौरान दोनों नहर मे डूबने लगे। डूबते युवकों ने बचाव बचाव कह कर शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर सुनकर पास मवेशी चरा रहे चारवाहे ने लाठी के सहारे एक युवक को बचाया। वही दूसरे की पानी मे डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने ग्रामीणों की मदद से युवक को निकालकर भीतरगांव सीएचसी पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। साढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जानकारी मिली है। परिजनों को सूचना दी है। शव का पी एम कराया जायेगा।

### कल्याणपुर पुलिस ने दबोचा इनामिया गैंगस्टर

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** थाना कल्याणपुर की पुलिस ने फरार चल रहे गैंगस्टर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नामित अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार उर्फ छोटेलाल पुत्र लल्लू बाथम उर्फ रामकिशन नि0 भवानीपुर थाना रसूलाबाद लगभग एक वर्ष से वांछित चल रहा था। मुखबिर खास से मिली सूचना पर उसे पुलिस टीम ने बारासिरोही नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### रेलवे स्टेशन पर सक्रिय चोरों को जीआरपी पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी सेन्ट्रल राम कृष्ण द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में देर रात सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन के कैण्ट साइड में गेट न. 2 के पास डीलक्स शौचालय के पीछे से चार शातिर अभियुक्तों अभिषेक कुमार पुत्र स्व0 राम किशोर, चन्दन जोशी पुत्र सोनू जोशी , अतुल वर्मा पुत्र उमेश चन्द्र, संदीप मिश्र पुत्र मुनेन्द्र नाथ मिश्र को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों, प्लेटफार्म पर सो रहे यात्रियों का मोबाइल पर्स आदि सामान चोरी कर लेते हैं व अन्जान व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बताकर मोबाईल बेच देतें हैं। अभियुक्तों के कब्जे से 20 अदद मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

### समूह की बैठक में गर्भनिरोधन पर डाला प्रकाश

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** प्रेरणा महिला समिति द्वारा सरसौल ब्लाक के 14 स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारम्भ सर्वप्रथम प्रेरणा महिला समिति के सी ई ओ विनोद दुबे तथा संस्था की अध्यक्ष मिथलेश कॉडिनेटर सीमा पाण्डेय एवं सक्षम कार्यक्रम से कानपुर की रिसर्च एवं ट्रेनिग ऑफिसर मंजूलता दुबे ने सभी महिलाओ का स्वागत करके किया। सभी महिलाओ को स्वयं सहायता समूह का अर्थ बताया तथा यह भी जानकारी दी गयी कि वह किस तरह छोटी छोटी बचत से अपने कार्यो को आगे बढा सकती है तथा घर में सहयोग कर सकती है। इसी क्रम में सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी संस्था एवं सक्षम कार्यक्रम की मंजूलता दुबे ने आयोजित कार्यक्रम में सभी उपस्थित महिलाओं को गर्भपात पश्चात गर्भनिरोधन पर पूर्ण जानकारी के लिए हेल्प लाइन न0(18002039080) की जानकारी दी।



# कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी व एसपी ने की बैठक

**अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही**

जन एक्सप्रेस। अमेठी



बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूडा ट्राली तथा बड़े डस्टबिन रखने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। ऐसे स्थानो को अवश्य चिन्हित कर ले। जहां पर मन्दिर तथा मस्जिद पास पास में है। ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात होंगे। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित चलचित्र एवं अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये। साथ ही उन्हें अवगत करायें कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जाये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करे कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों,ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, विद्युत तथा जलापूर्ति पर विशेष रूप से फोकस किया जाये। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी पशु की कुर्बानी नहीं दी जायेगी। कुर्बानी के उपरान्त बचे हुए अवशेष को सही एवं उचित स्थान पर डिस्पोज किया जाए। नमाज केवल मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ईदुलजुहा बकरीद तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को ससमय सुनिश्चित कर लिया जायेगा। उन्होंनें उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रहते हुए समय-समय पर संदिग्ध स्थानों पर भ्रमण भी करेंगे। जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित हो। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी जनपद में किसी भी दशा में नही होगी। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरूओं ने साफ सफाई, जल भराव, जल एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाये रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमलेंदु शेखर,जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, सभी उपजिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

## ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय बना अवैध धन उगाही का केंद्र

जन एक्सप्रेस। अमेठी

भ्रष्टाचार के मामले में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जनपद में विफल होती दिख रही है। वैसे तो जनपद में कई ऐसे सरकारी महकमें हैं, जहां भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बात करें जनपद का ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय तो यह भ्रष्टाचार का जीता जागता मिसाल बन गया है। विभागीय कार्यवाही से तंग आकर रविवार को अमेठी के मेडिकल स्टोर संचालकों ने मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले इंटरनेशनल होटल में बैठक की। सूत्र बताते हैं कि संगठन केपदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय की बाबू संजय मौर्य इसी तरह परेशान करेंगे तो हम मेडिकल स्टोर बन्द कर देंगे। वहीं सभी मेडिकल स्टोर संचालकों ने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर के ऑफिस में क्लर्क के पद पर तैनात संजय मौर्या लाईसेंस के नाम पर और रिन्युवल के नाम पर औषधि विक्रताओं को परेशान कर उनसे अवैध तरीके से धन उगाही करते हैं। सुल्तानपुर जिले के मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अमेठी मेडिकल स्टोर के संचालकों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी और मेडिकल स्टोर संचालकों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि आप लोग ईमानदारी से व्यवसाय करिए जो भी अधिकारी या कर्मचारी अनावश्यक रूप से परेशान करेगा उसके खिलाफ हमारा संगठन आप के साथ खड़ा रहेगा।

# भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय आपातकाल : डॉ. तरुणकांत त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज,अमेठी



जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लागू की गई 25 जून 1975 इमरजेंसी को काला दिवस के रूप में मनाया गया। रविवार को हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.तरुण कांत त्रिपाठी प्रदेश संयोजक प्रदेश मीडिया सम्पर्क विभाग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने की। तरुण कांत त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद सबसे बड़ा काला दिवस भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा इमरजेंसी लागू करने वाला दिन था। जिसमें भारत की आजादी के लिए लड़ रहे लोकतंत्र सेनानियों को जिस प्रकार यतनायें दी गईं और जेल में भरने का कृत्य किया गया उसको देश कभी भी माफ नहीं करेगा। उस कालखंड में भारत माता के लिए कार्य में लगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य सामाजिक संगठन भारतीय जनसंघ सहित अनेकों ऐसे दल जो राष्ट्र सेवा में कार्य कर रहे थे, उन्हें यातनाएं दी गईं। मगर उस कालखंड के जितने भी लोकतंत्र सेनानी थे,उन्होंने हार नहीं मानी और राष्ट्र को आगे बढ़ाते हुए ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य किया। सभी देशवासियों ने मिलकर आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जिस प्रकार भारत को पूरे विश्व में एक नई पहचान दिलाने का कार्य कर रहे हैं उसका हम सभी देशवासियों को गर्व है।

जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि संगठन द्वारा आयोजित इमरजेंसी का यह काला दिन हर वर्ष अपने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करती आई है और आगे भी अपने सभी लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करेगी। इसके निमित्त महाजनसंपर्क अभियान में विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेमिसाल 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पूर्ण होने पर हर घर जनसंपर्क अभियान चलाकर अमेठी लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व एवम अमेठी की लोकप्रिय सांसद केंद्रीय मंत्री दीदी स्मृति इरानी के मार्गदर्शन में समुचित विकास हो रहा है, तथा सभी को बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, और आगे भी मिलता रहेगा। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि काला दिवस के कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी एवं प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# बंद होने का नाम नहीं ले रहा है गर्मगोस्त का व्यापार

जन एक्सप्रेस। मदन सिंह परिहार

**डिडौली हीं नहीं और भी कई अड्डे हैं इस अवैध कारोबार के, मंहगे शौक और लग्जरी जिन्दगी जीने की तमन्ना से अपना रहे हैं शॉर्टकट**



रायबरेली। शॉर्टकट से अमीर बनने की चाहत, मंहगे शौक और लग्जरी जिन्दगी जीने की तमन्ना ने शहर से लेकर गांव, कस्बों तक नौजवान नस्लों को बिगाड़ दिया है, जिससे देह व्यापार का धन्धा सिर्फ डिडौली के आस-पास के होटलों में नहीं बल्कि शहर के विभिन्न स्थानों पर चल रहा है। गर्मगोस्त के इस व्यापार में इन दिनों शहर का एक होटल काफी चर्चा में है। रेड के बाद हुई पुलिस कार्यवाही ने जहां इस होटल को बेनकाब कर दिया वहीं इस शर्मनाक धंधे से जुड़े लोगों पर सख्त कार्यवाही कर लोगों में भरोसा भी जगाया। जिससे कुछ दिनों तक इस धंधे से जुड़े लोग खामोश हो जायेंगे, लेकिन मोटी कमाई वाले इस धंधें को ज्यादा दिन तक रोका नहीं जा सकता है। यह फिर कहीं न कहीं होगा। शहर के बस स्टॉप के आस-पास, मलिकमऊ, बरगद चौराहा सहित अन्य जगहों पर भी इस धंधे के अड्डे हैं, जहां गांव-कस्बों से तमाम लड़कियां इन जगहों पर आती हैं फिर लोगों को फोन करके बुलाया जाता है। इस अवैध धंधे की मोटी कमाई के चक्कर में लोग इस दलदल में धंसते जा रहे हैं, अब तो इस बिजनेस ने आधुनिक चोला ओढ़ लिया है। मोबाईल के जरिये भी यह काम और आसान हो गया है। स्पा सेन्टर, मशाज पार्लर, हुक्का बार सहित तमाम ऐसी चीजों की आड़ में जिस्म फरोशी का धंधा फल-फूल रहा हैं। इन आधुनिक अड्डों पर जल्द पैसा कमाने की चाहत और मंहगे शौकों को पूरा करने के लिये यह शॉर्टकट रास्ता अपने आप अपना रही हैं लड़कियां। इनकी आंखों में इतनी चकाचौंध भर गयी है कि इन्हें अच्छे बुरे का ज्ञान भी नहीं है। तेजी से फैलती यह बुराई धीरे-धीरे आधुनिक समाज में अपना एक अलग स्थान बनाती जा रही है, जहां नौजवान नस्ल बर्बादी की तरफ जा रही है वहीं यह धंधा पैसों की लालच में दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। कमीशनखोरी के चक्कर में लोग लड़कियो को फोन करके भी बुलाते हैं अब तो इस धंधे में कई ऐसे लोग भी जुड़ गये हैं जो न मर्द हैं और न ही औरत, दलाली के चक्कर में सप्लाई करते हैं। इस पर जल्दी कोई शक भी नहीं करता तभी तो यह व्यापार बंद होने के बजाय और भी बढ़ता जा रहा है।

## चोरी व ठगी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत रविवार को थाना ऊँचाहार पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-299/2023 धारा-379/420 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त राजेश कुमार जायसवाल पुत्र गोकुल प्रसाद जायसवाल निवासी ग्राम नसीरपुर सरैया थाना कुंडा जनपद प्रतापगढ को 2000/- रुपये तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद् स्कार्पियो सफेद रंग व बिना नम्बर की के साथ थाना क्षेत्र के सबीसपुर वार्डर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा गया है।

# सपा जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक सम्पन्न

**बूथ कमेटी बनाने व मतादाता सूची में नाम बढ़ाने पर चर्चा**

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



समाजवादी पार्टी की नवगठित जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक सुपर मार्केट कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है। कार्यकर्ताओं के संघर्ष व मेहनत का नतीजा 2022 में जनपद को मिला है। आगामी लोक सभा चुनाव-2024 में कार्यकर्ताओं के बल पर सपा का परचम लहरायेगा।

बछरावाँ विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ कमेटी बनाने व उसकी मानेटरिंग करने की आवश्यकता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डी.पी. पाल ने कहा कि वर्तमान सरकार साम्प्रदायिकता का जहर घोल रही है, देशहित में इन्हें हटाना आवश्यक है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने जिले की कानून व्यवस्था को बदतर बताया।

उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी ने कहा कि मतदाता सूची बनाने का काम हो रहा है। नये सदस्य बनाने हेतु बी.एल.ओ. से सम्पर्क किया जाए। वरिष्ठ नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि जन समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क किया जाये। बैठक का संचालन अरशद खान ने किया। बैठक में मिश्रीलाल चौधरी, धनीराम मौर्य, जेपी यादव, अशरफ मेवाती, वीरेन्द्र बहादुर, अरूण प्रताप, डा0 हर्षवर्धन द्विवेदी, हसीन अहमद, श्रवण चौधरी, रज्जू खान, बुधेन्द्र बहादुर सिंह, राम बरन लोधी, प्रमोद चैधरी, अविनाश यादव, सुरजीत सिंह, शिवबरन यादव, रमेश मौर्य, रवीन्द्र सिंह, शिवदुलारी, चन्द्रकली भारती, एम.आई. जावेद, नरेन्द्र सिंह, सुरेश चौधरी, रामनेवाज यादव, राजेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र धाकड़, अवतार सिंह मोंगा आदि ने सम्बोधितत किया।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 8 जुलाई को

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के मार्गदर्शन में व पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण महेन्द्र नाथ के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर रायबरेली में 08 जुलाई 2023 को मोटर वाहन दुर्घटना से सम्बन्धित वादो के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा बताया गया कि मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निपटाने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में कराये।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की एयर स्ट्रिप 4 दिन और रहेगी बंद

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

लखनऊ या गाजीपुर से यदि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से सफर करते समय सुल्तानपुर से पहले गाड़ियों की स्पीड कम करना होगा। इसलिए कि अभी और चार दिन सुल्तानपुर में कूरेभार के पास रूट डायवर्ट रहेगा। यहां अरवल कीरी करवत में एयर स्ट्रिप की जहां साफ-सफाई होना है वही डिवाइडर का कार्य भी किया जाना है।

**11 जून से चल रहा रूट डायवर्ट**

दरअसल पखवारे भर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर जयसिंहपुर के अरवल कीरी करवत में करीब 5 किमी मार्ग का रूट डायवर्ट किया गया था। वो इसलिए कि यहां वायुसेना के जहाजों का अभ्यास होना था। 11 जून से एयर स्ट्रिप पर किमी 124 से किमी 129 तक रूट डायवर्ट किया गया था। 23 जून से ये रेंज 12 किमी कर दिया गया था। इसके बाद 25 जून की रात से रूट खुल जाना था।

लेकिन अब यूपीडा द्वारा जानकारी दी गई है कि वायुसेना के अभ्यास के बाद हवाई पट्टी की साफ-सफाई कराई जानी है। साथ ही साथ डिवाइडर का कार्य भी कराया जाना है। ऐसे अभी चार दिन का समय और लगने की और संभावना है। यूपीडा के मुख्य अभियंता सलिल कुमार यादव ने बताया कि अभ्यास के दौरान हवाई पट्टी पर कुछ गंदगी आ गई है। डिवाइडर का काम भी कराया जाना है। इसे देखते हुए मार्ग पर आवागमन अभी बंद रहेगा। कार्य समाप्त होने के बाद आवागमन बहाल किया जाएगा।

# संचार माध्यम से पुलिस ने बढ़ाया अपना दायरा

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



अपराध पर अंकुश ही नही बल्कि सही शाट लगाने के लिए पुलिस विभाग ने संचार माध्यम से खुद को मजबूत करने की दिशा में कदम बढा दिया है। अब अपराध ही नही ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर भी नज़र होगी। लोगों के साथ होने वाली घटनाओं का क्षणभर में पुलिस को जानकारी प्राप्त होगी और पुलिस त्वरित कार्रवाही भी करेगी। इसका श्रेय पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को जाता है,अपराध को लेकर पुलिस की टाल-मटोल नीति अब उन्ही के लिए मुसीबत बन सकती है,शहर के कई स्थान जैसे रोड़वेज़ बस स्टाप ,कुड़वार नाका डाकखाना चौराहा, शाहगंज और सब्जी मंडी,अस्पताल आदि स्थानों पर अब मनमानी नही चलेगी। इन जगहों पर होने वाली घटनाएं जैसे मोटरसाईकिल चोरी,वाहन हो या ई-रिक्शा खड़ा करना,सड़क पर अतिक्रमण करना,तेज गति से व बगैर हेलमेट वाहन चलाना,भारी पड़ सकता है,क्योंकि तीसरी आंख ने नज़र गडा रखी है,कार्यवाही से बचना मुश्किल होगा,बेतरतीब ढंग से वाहन पार्क करते ही आपका चालान हो सकता है,पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा का यह प्रयोग अपराधियों के साथ ही ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के लिए मुसीबत साबित होगी,साथ ही शहर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से यातायात पुलिस के लिए काम बढ़ गया है,प्रभारी यातायात अनूप सिंह ने बताया की हमारे लिए काम और आसान हो गया है,यदि कोई घटना,दुर्घटना होती है तो हम घटना स्थल के साथ ही आसानी से अपराधी तक पहुंच सकते है,उन्होंने बताया की हमारे कार्यों में और पारदर्शिता लाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा बेहतरीन प्रयोग है।

## एक साल में मरम्मत टाटियानगर में गोमती पुल का फिर टूटा गर्डर

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर टाटियानगर के पास गोमती पुल का एक गर्डर फिर टूट गया।इससे आसपास की छत भी टूट गई है। अब भारी वाहनों के आवागमन के दौरान खतरा बन गया है।टाटिया नगर के पास गोमती नदी पर बने पुल की मरम्मत नवंबर 2022 से शुरू कराई गई थी। करीब दो माह रूट डायवर्जन के बाद मरम्मत का काम पूरा हो सका था। मरम्मत कार्य के तीन माह बाद ही सेतु का एक गर्डर टूट गया था। एनएचएआई ने अप्रैल में सेतु के गर्डर की मरम्मत कराते हुए आवागमन चालू कर दिया था।दिन पहले पुल का एक गर्डर फिर टूट गया। इससे भारी वाहनों के आवागमन से पुल की छत जगह-जगह टूट गई है और गड्ढा बन गया है। इससे वाहनों को धीमी गति से गुजरा जा रहा है। भारी वाहनों के गुजरने से पुल पर खतरा बन गया है। छह माह के भीतर दोबारा गर्डर टूटने से मरम्मत कार्य सवालों के घेरे में आ गया है। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे का कहना है एनएचआई विभाग के अधिकारियों से वार्ता करके जल्द से जल्द पुल को मरम्मत कराया जाएगा।

# दो कैदियों की मौत का मामले में सीबीआई जांच और मुआवजे की उठी मांग

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

जेल के अंदर संदिग्ध परिस्थितयों में दो कैदियों की मौत का में नया मोड़ आ गया है। अंबेडकर उत्थान समाज ने परिजनों को 50 लाख मुआवजा व सीबीआई जांच की मांग किया है। जेल अधीक्षक मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अमेठी के तहसीलदार को सौंपा गया है। 21 जून को सुल्तानपुर जिला कारागार में अमेठी के जामो थानाक्षेत्र अंतर्गत लोरिकपुर गांव निवासी विजय पासी और मनोज रैदास की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी। जेल प्रशासन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की बात कही थी। 22 जून को शवों का तीन डॉक्टरों ने छह घंटे तक पोस्टमार्टम किया। जिसमें कई एक गंभीर चोटों व शव के पुराने होने की बात सामने आई। इसके बाद से जेल प्रशासन सवालों के घेरे में आ गया। हालांकि सुल्तानपुर डीएम जसजीत कौर ने पूरे मामले में मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश दिए हैं। जिसमें सीजेएम के साथ एसडीएम व सीओ पूरे मामले की जांच करेंगे। वही 24 जून को अंबेडकर उत्थान समाज के पदाधिकारी पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। इसके बाद सभी ने एसपी ऑफिस व प्रशासनिक ऑफिस में सुल्तानपुर के जेल अधीक्षक के खिलाफ नारेबाजी की। अंबेडकर उत्थान समाज ने अमेठी एसपी से मिलकर सीबीआई जांच की मांग की है। साथ ही पचास लाख परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग की है। बता दें कि घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार हत्या का लगातार आरोप लगा रहे हैं। आपको बता दें कि जामो के लोरिकपुर गांव निवासी विजय पासी व मनोज रैदास ने क्षेत्र के चौधरी का पुरवा निवासी ओमप्रकाश यादव की 26 मई की रात धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। 30 मई को जामो पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। स्थानीय पुलिस के अनुसार इस घटना से करीब ढाई माह पूर्व ही मनोज चोरी के एक मामले में जमानत पर बाहर आया था।

# पूर्व सांसद राजकरन सिंह का निधन

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



पूर्व सांसद राजकरन सिंह के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रीय लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। वर्ष 1984 से 1989 तक वे सुल्तानपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकरन सिंह का निधन 87 वर्ष की आयु में हुआ है।

बता दें कि वे अमेठी के नेवादा के रहने वाले थे। आज पैतृक गांव नेवादा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व सांसद राजकरन सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इन्होंने बीती रात लगभग 12 बजे अपने नेवादा स्थित निवास पर अंतिम सांस ली। 1936 में जन्में राजकरन सिंह मुसाफिरखाना के एएच इंटर कालेज में शिक्षक रहे हैं। वर्ष 1984 में शिक्षक पद से त्याग पत्र देकर कांग्रेस पार्टी के टिकट पर सुल्तानपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और पहली बार सांसद बने। इससे पूर्व वर्ष 1971 से 1984 तक वे मुसाफिरखाना के ब्लॉक प्रमुख भी रहे। उन्होंने 1984, 1989 और 1994 में लोकसभा का चुनाव लड़ा था। वो इसौली सीट से एक बार विधानसभा चुनाव भी लड़े हैं। एक बार सुल्तानपुर के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष भी रहे। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव नेवादा में किया गया। इस मौके पर संजय सिंह, राज किशोर सिंह, अभिमन्यु सिंह, प्रभात सिंह, राज कुमार सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय संविधान के हिसाब से सभी को मिले भागीदारी : जेपी शास्त्री

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर




मौलिक अधिकार पार्टी द्वारा तिकोनिया पार्क स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण पर संविधान प्रचार यात्रा की शुरुआत की। समतामूलक समाज और सभी को बराबर की हिस्सेदारी की बात कर रहें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी शास्त्री ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा राजनेता मालामाल होते जा रहे हैं और नौकरशाह खुशहाल हैं जनता फटेहाल की स्थिति में है पूरे देश में आज बेरोजगारी महंगाई अपने चरम पर है सरकार न पढ़ाई की तरफ ध्यान दे पा रही है न दवाई की तरफ। हमें और सभी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ इस दोहरी नीति के खिलाफ संविधान बचाओ अभियान के साथ-साथ संविधान जागरूकता अभियान को भी जोर देना है, जिससे ठेला, खुमचा और रेहड़ी लगाने वाला तथा आम आदमी के साथ महिला एंव किसान व नौजवान अपने फंडामेंटल राइट्स को जाने। हमें इस जनजागरूकता अभियान में सभी को जड़ते हुए गांव गिराव तक अपने अभियान को ले जाना हैं ताकि आने वाले समय में कोई किसी भी प्रकार की न लालच दे न फ्री का राशन न फ्री का भाषण। मौलिक अधिकार पार्टी की मांग है कि संविधान की प्रस्तावना से लेकर भाग 1,2,3,4 तक उच्च प्राथमिक से माध्यमिक तक एक विषय के रुप में पढ़ाया जाय। इसके लिए मौलिक अधिकार पार्टी जनसंवाद एवं जनता की आदालत में अपील करने उतरी है।

# 26 जून से 1 जुलाई तक 'आप' चलायेगी बत्ती गुल अभियान: संजय

## 2 जुलाई को बिजली कटौती और महँगी बिजली के ख़िलाफ़ ज़िलों में निकलेगा 'लालटेन जुलूस'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार विद्युत उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 2020 में संशोधन कर नया कानून लेकर के आ रही है जिसपर आम आदमी पार्टी ने आपत्ति दर्ज करते हुए विरोध किया।26 जून से 1 जुलाई तक 'आप' बत्ती गुल अभियान चलायेगी।

2 जुलाई को बिजली कटौती और महँगी बिजली के ख़िलाफ़ ज़िलों में **लालटेन जुलूस** निकाला जायेगा। आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने रविवार को लखनऊ में प्रेस वार्ता कर इस कानून को काला कानून बताया और कहा आम आदमी पार्टी इस कानून का विरोध करती है और इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया मोदी सरकार विद्युत उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 2020 में संशोधन कर एक खतरनाक कानून लेकर आ रही है जिसमें दिन की बिजली का रेट अलग होगा और रात की बिजली का रेट अलग होगा।इस क़ानून से रात में उपभोग होने वाली बिजली की दरों में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी हो जाएगी। उन्होंने कहा लोग अपने घरों में सोने के लिए एसी, कूलर और पंखों का इस्तेमाल कर




70 फीसदी बिजली का उपयोग रात में ही करते हैं। मोदी सरकार के इस कानून के लागू हो जाने से बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी ।अगर यह कानून लागू हो गया तो सबसे ज्यादा असर घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। मोदी सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं की पीठ और पेट पर लात मारने का काम किया है। केंद्र की मोदी सरकार अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए यह काला कानून कानून लेकर आ रही है इस बिल का आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक विरोध करेगी।उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल देश के नेताओं को आगाह कर रहे हैं कि समवर्ती सूची में कितने विषय हैं उनपर केंद्र सरकार ऐसे तुगलकी फरमान जारी कर सभी अधिकार छीन लेगी और देश की जनता पर कहर ढाने का काम करेगी। संजय सिंह ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि बिजली प्रदेश में 24 घंटे आ रही है जबकि सच्चाई यह है कि कस्बों में 12-12 घंटे बिजली गायब है। गांव में बिजली लापता हो गई है 10-10 सालों से बिजली के तार नहीं बदले गए,गांव कस्बों में अगर ट्रांसफार्मर फूक गया तो सप्ताह सप्ताह भर ट्रांसफार्मर ठीक नहीं किए जा रहे वहां के लोग चंदा लगाकर ट्रांसफार्मर ठीक करा रहे हैं।

## सीएम ने किया रामनाथ गोयनका मार्ग का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नोएडा में रामनाथ गोयनका मार्ग का उद्घाटन किया है। आइडिया एक्सचेंज प्रोग्राम में सीएम ने कहा कि लोकतंत्र के लिए एक बड़ा दिन है जब हम रामनाथ गोयनका के नाम पर इस मार्ग का उद्घाटन कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत के लिए काले अध्याय के तौर पर जाना जाता है। जब देश में आपातकाल लागू हुआ था। उस दौर में लोकतंत्र को बचाने के लिए मीडिया को रामनाथ गोयनका ने किसी भी हद तक जाकर काम करने का जज्बा दिया था। गोयनका परिवार ने लोकतंत्र को बचाने के लिए काम किया है। इस दौरान सीएम योगी ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलने का भी ज़िक्र किया। सीएम योगी के दौरे को देखते हुए नोएडा में सुरक्षा चुस्त दुरुस्त कर दी गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मी तैनात हैं। न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण गवर्निंग बॉडी ने नोएडा के सेक्टर 10 में अमलताश मार्ग का नाम बदला है।

## रुपया जमा कराकर नहीं दिया भूखंड, एलडीए पर लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




गोमतीनगर नगर विस्तार में एक आवंटी को पूरा रुपया जमा करने के बाद भी एलडीए ने उनको भूखंड पर कब्जा नहीं दिया। पहले ले आउट की गड़बड़ी के बाद दूसरी जगह आवंटन तो किया गया, लेकिन अब तक कब्जा देने में असफल एलडीए पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया है। साथ ही भूखंड देने के साथ जमा धनराशि पर ब्याज देने का भी आदेश दिया है।

एलडीए ने आवंटी सत्यभामा को 9.67 लाख रुपये की कीमत का भूखंड 4/791 गोमतीनगर विस्तार में अमर शहीद पथ योजनान में आवंटित किया था। आवंटी सत्यभामा ने 31 मार्च 2004 तक भूखंड पूरी धनराशि जमा कर दी थी। इसके बाद एलडीए ने सत्यभामा को पत्र भेजकर कहा कि ले आउट में बदलाव किया गया है। इसके बाद एलडीए ने 4/791 के स्थान पर भूखंड संख्या 4/130 आवंटित किया। हालांकि आवंटी सत्यभामा को एलडीए ने आवंटित भूखंड पर कब्जा ही नहीं दिया। सत्यभामा ने जिला उपभोक्ता फोरम में अपील की थी। वहां से एलडीए को आवंटित भूखंड के समतुल्य दूसरा भूखंड पर कब्जा देने का आदेश दिया था। एलडीए ने इस आदेश के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की थी। आवंटी की ओर से अधिवक्ता मुजीब एफेनडी ने दस्तावेज सहित पक्ष रखा। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार, सदस्य राजेंद्र सिंह और सुशील कुमार ने एलडीए को 45 दिनों के भीतर पूर्व में आवंटित के समतुल्य आकार और कीमत का भूखंड देने के साथ जमा धनराशि पर 12 प्रतिशत की दर से ब्याज देने के साथ पांच लाख रुपये जुर्माना देने का आदेश जारी किया है।

## वीपी सिंह को भारत रत्न देने की मांग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 7 अगस्त 1990 को मंडल कमीशन लागूकर क्षत्रिय वर्ग के न्यायिक चरित्र का उत्कृष्ट परिचय दिया था।भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता लौटन राम निषाद ने कहा है कि वीपी सिंह ने मण्डल कमीशन की सिफारिश को लागू कर न्यायिक चरित्र का परिचय दिया। वीपी सिंह ने सामाजिक न्याय के मसीहा के रूप में अपना नाम दर्ज करा दिया। उन्होंने भारत सरकार से मण्डल मसीहा वीपी सिंह को भारतरत्न देने एवं संसद भवन परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित कराने की माँग किया है। उन्होंने बताया कि शरद यादव, रामविलास पासवान, अजित सिंह, जार्ज फर्णांडिस, मधु दंडवते, सुबोधकांत सहाय, आदि की सदन के अंदर धारदार बहसों व सड़क पर लालू प्रसाद यादव, रामविलास पासवान जैसे नेताओं के संघर्षों की परिणति वीपी सिंह द्वारा पिछड़ोत्थान के लिए ऐतिहासिक, साहसिक व अविस्मरणीय फैसले के रूप में हुई । वीपी सिंह का कालजयी वक्तव्य जनमानस पर आज भी अंकित है। उन्होंने कहा कि हमने मंडल रूपी बच्चा माँ के पेट से बाहर निकाल दिया है, अब कोई माई का लाल इसे माँ के पेट में नहीं डाल सकता है। यह बच्चा अब प्रोग्रेस ही करेगा। मंडल से राजनीति का ग्रैमर बदल गया और एक चेतना डिप्राइव्ड सेक्शन में आई, जो पावर स्ट्रक्चर में नहीं थे, उनको एक कॉन्शसनेस आयी । ÷ हम समझते हैं, ये कॉन्शसनेस इंडिविजुअल पार्टी या इंडिविजुअल लीडर से बड़ी चीज आई।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेलवे स्टेडियम में हुंकार महारैली 27 जून को, जुटेंगे राज्य और केंद्र कर्मी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पुरानी पेंशन को लेकर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच की हुंकार महारैली 27 जून को रेलवे स्टेडियम होगी। महारैली की तैयारी में जुटे केन्द्रीय और राज्य कर्मचारी संगठनों के हजारो कार्मिकों ने प्रदेश भर से आ रहे वाहनों के रूकने के लिए तीन पार्किंग स्थल बनाए है। पानी के साथ भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है। महारैली की व्यवस्थाओं की समीक्षा केन्द्र और राज्य कर्मचारी संगठन तीन स्तर पर कर रहे है। केन्द्र और राज्य कर्मचारी संगठनों ने इस रैली में एक लाख तक की संख्या में केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के एकत्रित होने का अनुमान लगाया है। लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्य एवं केन्द्र कार्मिको का यह अगला कदम है। इस महारैली के दौरान केन्द्र स्तर पर दिल्ली में किसी वृहद आन्दोलन की घोषणा की जा सकती है। हुंकार रैली को का.शिव गोपाल मिश्रा महामंत्री




एआईआरएफ,इं. हरिकिशोर तिवारी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कामरेड आरके पाण्डे मण्डल मंत्री एनआरएमयू, सुशील पाण्डेय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, योगेश त्यागी अध्यक्ष जूहा स्कूल शिक्षक संघ, का.एसबी सिंह सेक्रेटरी जनरल कन्फेडरेशन पीएक्यू शिवबरन सिंह यादव महामंत्री, इं. एनडी द्विवेदी, विभूति मिश्रा रेलवे, सुशील पाण्डेय प्रान्तीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, इं. जीबी पटेल विद्युत परिषद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,डा.नरेश, प्रेम कुमार सिंह, वीरेन्द्र चौहान अध्यक्ष विवि महावि शिक्षक संघ, राममूरत यादव अध्यक्ष लेखपाल संघ, इं. राकेश त्यागी अध्यक्ष,जीएन सिंह महासचिव डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, सुशील त्रिपाठी अध्यक्ष मिनीस्टीरियल कलेक्ट्रेट संघ, चेत नारायण सिंह पूर्व एमएलसी, राजबहादूर सिंह चन्देल एमएलसी, डा. आकाश अग्रवाल एमएलसी, ओंमकार नाथ तिवारी महामंत्री सचिवालय संघ, शिव गोपाल सिंह अध्यक्ष सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ, का. केएल गुप्ता महामंत्री एनईआरएमयू, का. बंसत चतुर्वेदी अध्यक्ष एनईआरएमयू का. कामरान अहमद मण्डल मंत्री इज्जतनगर, कां. एसयू शाह जोनल सचिव, का. राजेश चौबे मण्डल मंत्री मुख्यालय, का. अनूप वाजपेई मण्डल मंत्री कारखाना सहित केन्द्र और राज्य कर्मचारी संगठन के नेता हुंकार रैली को सम्बोधित करेगें।

### एसबीआई आफिसर्स एसोसिएशन का अधिवेशन सम्पन्न

## बैंक की सफलता के लिए कस्टमर सर्विस और कम्प्लायन्स जरूरी: चांडक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एसबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन का आज लखनऊ के कृषि भवन के प्रेक्षागृह में त्रैवार्षिक मंडलीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने की। अधिवेशन के मुख्य अतिथि शरद चांडक मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, विशिष्ट अतिथि दीपक शर्मा महासचिव अखिल भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी परिसंघ एवं अरुण साहू, महाप्रबंधक, नेटवर्क प्रथम रहे। प्रारंभ में सभा को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक ने संघ की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं एसोसिएशन द्वारा बैंक के विकास में किए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। अपने नौकरी के प्रारंभ के दिनों में एसोसिएशन द्वारा उनको प्राप्त सहयोग की भी चर्चा की। श्री चांडक ने बैंक के सामने आने वाली चुनौतियों की भी चर्चा की। उनका कहना था कि बैंक की सफलता और लोकप्रियता के लिए कस्टमर सर्विस एवं कम्प्लाइन्स की आवश्यकता पर जोर जरूरी हैं। चांडक एवं साहू ने पवन कुमार के सेवानिवृति पर उनके कार्यों को याद किया और उनकी द्वितीय पारी हेतु शुभकामनाएं भी दी।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने उपस्थित सभी साथियों को परिसंघ द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया अपने साथियों के वर्किंग इनवायरमेंट सुधारना उनकी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने बताया की बैंक मैनेजमेंट से बहुत से विषयों पर चर्चा चल रही है और शीघ्र बेनिफिट सामने होंगे। अधिवेशन के अंत में पवन कुमार, महासचिव को भावभीनी विदाई दी गई।

## आरक्षण के मुद्दे पर निषाद पार्टी कटिबद्ध: संजय निषाद

### सती चौरा पर बलिदान दिवस और निषाद कुंभ 27 को

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद ने अपने सरकारी आवास 01 विक्रमादित्य मार्ग पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि 27 जून को निषाद पार्टी द्वारा कानपुर के सती चौरा घाट पर बलिदान दिवस और निषाद महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे कई प्रदेशों के लोग आएंगे। उन्होंने कहा कि निषाद समेत193 जातियां आजादी के 05 साल 16 दिन बाद 31 अगस्त 1952 में आजाद हुई थी, जिनको डिनोटिफाइड ट्राइब्स एक्ट के तहत आजाद करवाया गया था किन्तु आजादी के बाद भी इन जातियों ने पूर्व की सरकारों का दंश झेला है। भूतपूर्व गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा साइम्न अंगयार कमेटी बनाकर पता किया गया, जिसमे स्पष्ट



बताया गया था कि विमुक्ति जनजातियों की दशा देश मे एससी एसटी से भी खराब है और 74 प्रकार की सुविधाएं देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी का गठन पिछड़े, वंचितो और शोषितों के हक-हकूक को दिलवाने के लिए हुआ है। प्रदेश कमेटी ने आरक्षण पर कहा कि मझवार आरक्षण निषाद समेत 17 उपजातियों का सवैंधानिक अधिकार है। आरक्षण के मुद्दे पर निषाद पार्टी कटिबद्ध है। कमेटी ने निर्णय लिया है कि 27 जून सतीचौरा शहीद दिवस के उपलक्ष्य में निषाद पार्टी अपना आरक्षण के मुद्दे पर रुख को स्पष्ट कर 28 जून से प्रदेशभर में आरक्षण महासम्पर्क अभियान चलाएगी। जनपदों और विधानसभाओं में मछुआ समाज की मझवार आरक्षण पर राय पूछी जाएगी। इसकी शुरुआत 28 जून से पूर्वांचल के किसी जनपद से की जाएगी। पहले चरण में गोरखपुर, बस्ती,आजमगढ़ एवं आयोध्या मंडल के जनपदों को रखा जाएगा। आरक्षण महासम्पर्क अभियान की रिपोर्ट को सहयोगी पार्टी बीजेपी के साथ सांझा किया जाएगा और सविंधान में सूचीबद्ध मझवार और तुरैहा आरक्षण पर सहयोग मांगा जाएगा।

## पत्रकार को गोली मारे जाने के मामले में अमिताभ ठाकुर आज जायेंगे उन्नाव




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में पत्रकार को गोली मारे जाने के मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर वस्तुस्थिति जानने कल उन्नाव जाएंगे। वह पत्रकार को देखने अस्पताल जाएंगे। वह वहाँ जाकर वस्तुस्थिति जानने के लिये अन्य पत्रकारों से भी मुलाकात करेंगे। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र के लिए काम करने के लिये व्यवस्था की कारगुजारी को उजागर करने वालों की जान प्रदेश में सुरक्षित नहीं है।उन्नाव में पत्रकार मन्नू अवस्थी को कुछ लोगों ने शनिवार को गोली मार दी गयी थी।

## यूपी कोऑपरेटिव बैंक को मिला IS15700 : 2018 सेवोत्तम लाइसेंस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**❋ सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त होने से कोआपरेटिव बैंक की बढ़ेगी साख- राठौर**

प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यूपी कोऑपरेटिव बैंक को 23 जून को ढ्ढस्15700 = 2018 सेवोत्तम लाइसेंस प्रदान किया गया है। उन्होने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यह लाइसेंस गुणवत्तायुक्त सेवा एवं पारदर्शिता के लिये प्रदान किया जाता है तथा कोआपरेटिव बैंक सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त करने वाला भारत का प्रथम बैंक है।

बैंक को यह लाइसेंस मिलना अत्यंत गर्व की बात है, इसके लिए बैंक के सभी अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।श्री राठौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कोआपरेटिव बैंक दूसरी संस्था है जिसे सेवोत्तम प्रमाण पत्र मिला है। सेवोत्तम माडल असेसमेन्ट इम्प्रूवमेन्ट माडल है जिसके अन्तर्गत सिटीजन चार्टर, नागरिक शिकायत समाधान पद्धति, सेवा प्रदाय क्षमता निहित होते है।

बैंक द्वारा उपरोक्त मानको को अंगीकृत किया गया है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा वर्ष 2006 में नागरिक सेवा प्रदान किये जाने हेतु लोक सेवाओं के मूल्यांकन एवं सुधार संरचना विषयक सेवोत्तम माडल की परिकल्पना विकसित की गयी है, जो सीधे ग्राहको से जुड़े हुए हैं। उन्होने कहा कि सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त होने से उप्र कोआपरेटिव बैंक एक ब्रांड बना है जिससे बैंक की साख बढ़ेगी।

## रांची में एकेटीयू कैश के रोबोटिक्स में किए गए शोध कार्य को मिली सराहना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मेसरा रांची और इंडियन नेशनल अकैडमी ऑफ़ इंजीनियरिंग के सहयोग से 24 और 25 जून को रांची में आयोजित 17 वें नेशनल फ्रंटियर ऑफ इंजीनियरिंग कॉन्क्लेव में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के डीन एकेडमिक्स डॉ अनुज कुमार शर्मा को बतौर रोबोटिक विशेषज्ञ वक्ता के लिए आमंत्रित किया गया।

कुलपति प्रोफेसर जे पी पांडे के निर्देशन एवं कैश के निदेशक प्रोफ़ेसर वीरेंद्र पाठक के नेतृत्व में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज शोध के क्षेत्र में देश में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है। दो दिवसीय कॉन्क्लेव में देश के विभिन्न आईआईटी के प्रोफेसर शोधकर्ताओं की जुटान हुई। जिसमें सभी ने रोबोटिक और ऑटोमेशन पर किए जा रहे शोध के बारे में बताया। डॉ अनुज कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में रोबोटिक और ऑटोमेशन में शोध कार्य हो रहे हैं।

उनकी टीम ने मिलकर कई शोध कार्यों को सफलतापूर्वक किया है। कहा पारंपरिक रोबोट की तुलना में मल्टी रोबोट सिस्टम ज्यादा कारगर रहा।उसकी क्षमता भी अधिक है। रोबोटिक ऑटोमेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नैनोटेक्नोलॉजी साइबर सिक्योरिटी और एनर्जी में शोध के लिए सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध है।

## इटौंजा थाने पर एसएचओ ने की पीस कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**इटौंजा/लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बकरीद त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की जनता व जनप्रतिनिधियों से अपील की है। बता दें कि रविवार को पीस कमेटी की बैठक इटौंजा थाना में हुई। जिसकी अध्यक्षता इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने की। वहीं बैठक में बकरीद को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने पर विशेष बल दिया गया। एसएचओ ने लोगों से क्षेत्र की सामाजिक परिवेश




की स्थिति की जानकारी ली। एसएचओ ने कहा कि त्योहार में अफवाह से बचें। पुलिस की तरफ से पेट्रोलिंग में कमी नहीं की जाएगी। किसी तरह की कोई समस्या होती है तो तुरंत थाना के मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करें पुलिस सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित मांस का इस्तेमाल से बचें। कहा कि सार्वजनिक स्थान पर किसी प्रकार की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने सड़क पर नवाज न पढ़ने व शांति से त्योहार मनाने की जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय लोगों से अपील की है।

## इटौंजा पुलिस ने ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । इटौंजा, लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम शीतल पुरवा व भगौतीपुर गांव में मिशन शक्ति कार्यक्रम संपन्न हुआ। बता दें कि इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में इटौंजा पुलिस ने ग्राम शीतल पुरवा व भगौतीपुर में शक्ति मोबाइल प्रभारी महिला उपनिरीक्षक सुमन सैनी, आरक्षी रेशम रानी, आरक्षी प्रशांत कुमार, अर्चित कुमार, महिला आरक्षी प्रीति द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया



गया। वहीं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090,181,1076,1930, 1098 के बारे में गांव की महिलाओं एवं बालिकाओं को समझाया व जानकारी दी और उनकी समस्याओं को सुना तथा मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आदिपुरुष फिल्म सिर्फ फिल्मकारों के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी एक सबक है

**लेकिन पूरे प्रकरण से एक अच्छी बात सामने आई है कि हिन्दू समाज आस्थावान तो है मगर ऐसा धर्मान्धा नहीं कि धर्म के नाम पर हर चीज व हर बात को मान ले। आदिपुरुष के संवाद लेखक शायद भूल गए कि लोग चाहे रावण को खलनायक मानते हैं परन्तु इसका अर्थ यह भी नहीं कि उसके लिए गाली गलौच वाली भाषा का प्रयोग किया जाए और वह भी हनुमान जी के श्रीमुख से। सुन्दरकाण्ड में रावण के सामने हनुमान जी ने जिस कूटनयन योग्यता व शालीन भाषा का प्रयोग किया वह आज भी विदेश नीति के विद्यार्थी के शोध का विषय बन सकती है।**

*यह स्वागतयोग्य है कि 'आदिपुरुष' फिल्म के लेखक मनोज मुंतशिर व निर्देशक ओम राऊत ने विवादित संवाद हटाने की बात कही है। इन संवादों से पूरी फिल्म आलोचना के केन्द्र में आई और धार्मिक-राजनीतिक मंचों से लेकर सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब निन्दा हुई। भगवान श्रीराम के जीवन पर बनी एक फिल्म को संवादों के कारण विवाद का सामना करना पड़ा यह दुखद है, परन्तु भूल सुधार के बाद आशा है कि अब बवंडर थम जाना चाहिए। वैसे इस विवाद से न केवल फिल्म निर्माताओं बल्कि लेखन व मंच से जुड़े हर व्यक्ति को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। कला व लेखन में नवाचार सराहनीय है, पर इसका अर्थ ये नहीं कि किसी महापुरुष, देवी-देवता या ग्रन्थ से जुड़े तथ्यों व मर्यादा का उल्लंघन हो। दुनिया में श्रीराम व रामायण की लोकप्रियता का आधार केवल उस समय के नैतिक जीवन मूल्य ही नहीं, बल्कि भगवान वाल्मीकि जी व तुलसीदास जी द्वारा अपनी रचनाओं में प्रयुक्त शब्दों का माधुर्य, सौम्य शैली, शालीन संवादकला, देश, काल और वातावरण की गहन समझ भी बहुत बड़े कारण हैं। वाल्मीकिकृत रामायण हो या तुलसीदास जी की रामचरितमानस, कोई एक बार पढ़ना शुरू करे तो पाठक न केवल उस युग में पहुंच जाता है बल्कि आत्मिक आनन्द के सरोवर में उतर जाता है। एतिहासिक व पौराणिक विषयों पर लेखन कैसा हो इसको लेकर एक घटना बीआर चोपड़ा द्वारा निर्मित महाभारत धारावाहिक से जुड़ी है जो लेखकों के लिए प्रकाशस्तम्भ बन सकती है। जब चोपड़ा जी ने घोषणा कर दी कि महाभारत की पटकथा और संवाद राही मासूम रजा लिखेंगे तो उनके पास पत्रों का ढेर लग गया कि हिन्दू सारे मर गए हैं क्या, जो एक मुसलमान से लिखवा रहे हो? चोपड़ा जी ने ये बात रजा जी को बताई परन्तु उन्होंने इस बात को नजरंदाज कर अपना काम जारी रखा। आज 35 साल हो गए हैं, लेकिन क्या कोई ये कह सकता है कि रजा जी जैसे मुसलमान के लिखे संवादों में कोई कमी पेशी रह गई हो? महाभारत के संवाद लिखते समय लगता था कि मां सरस्वती स्वयं उनकी कलम पर विराजमान हो जाती रही होंगी। पात्रों के संवाद लिखते हुए रजा साहब घंटे छोड़िये कई-कई दिनों के लिये स्वयं को कमरे में बन्द कर लेते थे और अपना मन महाभारतकाल में ले जाते। भगवान श्रीकृष्ण के गुरु संदीपनि ऋषि के आश्रम वाले दृश्य लिखने के लिये वे सच में उज्जैन चले गए। उन्होंने महाभारत युद्ध के संवाद कुरुक्षेत्र के मन्दिरों में बैठकर लिखे, तब जाकर महाभारत एतिहासिक धारावाहिक बन पाया। कहने का भाव है कि इतिहास लिखने से पहले उस युग को जीना पड़ता है। शब्दों में माधुर्य, शैली में शालीनता लानी पड़ती है, जनभावनाओं को सामने रख कर कलमयज्ञ करना पड़ता है और तभी जाकर आप इतिहास व पौराणिक लेखन से न्याय कर पाते हैं। अतीत में भगवान श्रीराम के नाम पर अनेकों फिल्में व धारावाहिक बने और सभी ने सफलता के शिखरों को छुआ। कोरोनाकाल में दूरदर्शन पर दोबारा से रामानन्द सागर कृत रामायण धारावाहिक दिखाया गया तो उसने एक बार फिर लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए। अब एक लम्बे अन्तराल के बाद भगवान श्रीराम पर आई आदिपुरुष से भी उम्मीद थी कि चलो किसी ने फिर रामायण को फिल्म का विषय बनाया परन्तु छोटी-सी चूक ने किरकिरी करवा दी। लोगों को इस कथानक पर आधारित फिल्म की कितनी प्रतीक्षा थी इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि फिल्म ने पहले ही दिन 140 करोड़ का व्यवसाय किया परन्तु विवाद के बाद उन्हीं लोगों को निराशा हाथ लगी। फिल्म को देख कर ऐसा लगता है कि लेखक ने रामायण क्या है, उसके अर्थ क्या हैं, वो युग कैसा था, अयोध्या कैसी थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भौगोलिक स्थिति के कारण भारत नशीली दवाओं की तस्करी के लिए सबसे अच्छा रास्ता बन गया है। हालांकि नशे के अवैध व्यापार पर लगाम कसने के लिए हमारे यहां अन्य देशों के मुकाबले बहुत कड़े कानून हैं, फिर भी अपराधी अक्सर कानून की कुछ खामियों की वजह से बच निकलते हैं और यही कारण है कि मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भारत में निरंतर फल-फूल रहा है। आज युवा पीढ़ी जिस कदर मादक पदार्थों की शिकंजे में फंस रही है, उसके मद्देनजर समाज का कर्तव्य है कि वह युवा वर्ग का मार्गदर्शन करते हुए उसे उचित मार्ग दिखलाए और गलत मार्ग पर चलने से रोके।**

# युवाओं की सृजनशीलता मिटा रहे मादक पदार्थ



योगेश कुमार गोयल

**मादक पदार्थों के सेवन का आदी हो जाने पर व्यक्ति में प्रायः कुछ लक्षण प्रकट होते हैं, जिनमें खेलकूद और रोजमर्रा के कार्यों में दिलचस्पी न रहना, चक्कर आना, उल्टी आना, अत्यधिक पसीना आना, शरीर में दर्द, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, आलस्य, निराशा, गहरी चिन्ता इत्यादि प्रमुख हैं।**

मादक पदार्थों का सेवन अब मानवता के प्रति सबसे बड़े अपराध का रूप धारण कर चुका है। भारत में मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिये लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है। रईसजादे युवक-युवतियों की रेव पार्टियां तो नशे का भयावह आधुनिक रूप है, जहां राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रायः पुलिस भी हाथ डालने से बचती है। हालांकि कभी-कभार रेव पार्टियों पर छापा मारकर नशे में मदमस्त लड़के-लड़कियों को गिरफ्तार किया जाता रहा है, जिससे पता चलता रहा है कि देश का आज कोई भी महानगर ऐसा नहीं है, जहां ऐसी रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां धनाढ्य बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप हैं। कोकीन हो या अन्य ऐसे ही मादक पदार्थ, जिनमें गंध नहीं आती, रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं का मनपसंद नशा बनते जा रहे हैं। इस बात से बेखबर कि ये तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और शरीर को भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं, ऐसे युवा चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं। युवाओं को मादक पदार्थों के करीब लाने में इंटरनेट की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में करीब चालीस फीसदी कॉलेज छात्र हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। देश के अनेक कॉलेजों में तो अब स्थिति यह है कि बहुत से कॉलेजों के अंदर ही आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो जाते हैं। स्कूल-कॉलेजों के छात्र अक्सर अपने साथियों के कहने या दबाव डालने पर या फिर मॉडर्न दिखने की चाहत में इनका सेवन आरंभ करते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनुभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताशा की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं। मानव जीवन की



**सुई के जरिये मादक पदार्थ लेने वालों को एड्स का खतरा भी रहता है। देशभर में नशे का अवैध व्यापार तेजी से फल-फूलने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि नशे के सौदागरों के लिए मादक पदार्थों की तस्करी सोने का अंडे देने वाली मुर्गी साबित हो रही है।**

रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं। देश में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है तथा देश के सामाजिक और आर्थिक ढ़ांचे को पंगु बना रहा है। एक बार मादक पदार्थों की लत लग जाए तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। यही नहीं, उसे पहले जैसा नशे का प्रभाव पैदा करने के लिए और अधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने पड़ते हैं। इस तरह व्यक्ति इनका गुलाम बनकर रह जाता है। अधिकांश लोगों में गलत धारणाएं विद्यमान हैं कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति की सृजनशीलता बढ़ती है और इससे व्यक्ति में सोच-विचार की क्षमता, एकाग्रता तथा यौन सुख बढ़ता है लेकिन वास्तविकता यही है कि नशे के शिकार लोगों की सोच-विचार की क्षमता और इसकी स्पष्टता खत्म हो जाती है तथा उनके कार्यों में भी कोई तालमेल नहीं रहता। इनके सेवन से कुछ समय के लिए संकोच की भावना जरूर मिट जाती है लेकिन अंततः इससे शरीर की सामान्य कार्यक्षमता में गिरावट आती है। दरअसल नशीली दवाएं या नशीले पदार्थ ऐसे रासायनिक पदार्थ हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को बदल देते हैं। वर्ष 1993 में प्रकाशित पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में बताया गया है कि कोई भी रसायन, जो किसी व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली में बदलाव लाए, मादक पदार्थ कहलाता है और जब इन मादक पदार्थों का उपयोग किसी बीमारी के इलाज या बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवा के तौर पर किया जाए तो यह मादक पदार्थों का सही उपयोग कहलाता है लेकिन जब इनका उपयोग दवा के रूप में न होकर इस प्रकार किया जाए कि इनसे व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचे तो इसे नशीली दवाओं का दुरूपयोग कहा जाता है। मादक पदार्थों के सेवन का आदी हो जाने पर व्यक्ति में प्रायः कुछ लक्षण प्रकट होते हैं, जिनमें खेलकूद और रोजमर्रा के कार्यों में दिलचस्पी न रहना, भूख कम लगना, वजन कम हो जाना, शरीर में कंपकंपी छूटना, आंखें लाल, सूजी हुई रहना, दिखाई कम देना, चक्कर आना, उल्टी आना, अत्यधिक पसीना आना, शरीर में दर्द, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, आलस्य, निराशा, गहरी चिन्ता इत्यादि प्रमुख हैं। सुई के जरिये मादक पदार्थ लेने वालों को एड्स का खतरा भी रहता है। देशभर में नशे का अवैध व्यापार तेजी से फल-फूलने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि नशे के सौदागरों के लिए मादक पदार्थों की तस्करी सोने का अंडे देने वाली मुर्गी साबित हो रही है। विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का 15 फीसदी हिस्सा यही व्यापार रखता है। भारत से मादक पदार्थों की तस्करी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, बर्मा, ईरान आदि देशों के जरिये होती रही है और अवसर मिलते ही ये मादक पदार्थ तस्करी के जरिये पश्चिमी देशों में पहुंचा दिए जाते हैं। हालांकि भारत इस अवैध व्यापार में तस्करों के लिए केवल एक पड़ाव का काम करता है लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि इस अवैध व्यापार का तस्करी, आतंकवाद, शहरी क्षेत्र के संगठित अपराध तथा आर्थिक एवं व्यावसायिक अपराधों से काफी करीबी रिश्ता है।

## एक्सप्रेस कविता

*आप अपनो हो या हो बेगाने,*
*आप जग जाहिर होने लगे हो।*
*जालिम ये जमाना,ना समझ नही ।*
*रंजिशों मेंआप भी माहिर होने लगे हो।*
*न जाने किस की सोहबत में रहते हो,*
*तमाम शाजिशों में शुमार होने लगे हो।*

*शुरू से परवरिश ऐसी तो न तुम्हारी,*
*पीठ पर खंजर हजार चलाने लगे हो।*
*तुम ना तो फरेबी या सियासत दार हो।*
*फिर क्यों दिल से शातिर होने लगे हो।*
*क्या किया तुमने लूट कर खुद का आशियाना,*
*खूबसूरत जिंदगी वीरान बनाने लगे हो ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**दूसरों को खुद से आगे बढ़ते हुए मत देखो। प्रतिदिन अपने खुद के कीर्तिमान तोड़ो, क्योंकि सफलता आपकी अपने आप से एक लड़ाई है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 26:02 तक |
| नक्षत्रः | उत्तर फाल्गुनी 12:35 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | वरीघा, 30:16 |
| सूर्योदयः | 06:06 |
| सूर्यास्तः | 19:15 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 07:45-09:24 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:14 - 13:07 |

## जन एक्सप्रेस

### है लगता हरियाली !

*पहुंचा मानसून है ।*
*राहत मिलने वाली ।।*
*छाएगी अब हर तरफ ।*
*है लगता हरियाली ।।*
*त्राहिमाम दौर था ।*
*है मिला छुटकारा ।।*
*दिया मौसम साथ है ।*
*मिलना कुछ सहारा ।।*
*थी जिसकी ज़रूरत ।*
*है आया वह पल ।।*
*झमाझम बरसात से ।*
*होना तय अब हल ।।*
*आई लौट रौनक ।*
*उमस से छुटकारा ।।*
*प्रकृति ने हर मौसम ।*
*खूब है संवारा ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मियों में बादाम और ओटमील स्क्रब से फेस के एक्स्ट्रा ऑयल को करें बैलेंस



### बादाम और ओटमील के स्क्रब का उपयोग कैसे करें

- इस स्क्रब को बनाने के लिए आप करीब एक चम्मच बादाम का पाउडर और एक चम्मच ओटमील ले लें।
- इन दोनों ही चीजों को एक बाउल में डालें और इसमें एक चम्मच एलोवेरा और शहद मिला लें।
- सभी चीजो को अच्छे से मिलाएं, आपका स्क्रब तैयार हैं।
- इससे लगाने से पहले चेहरे को पानी से धोएं।
- इसके बाद पेस्ट को चेहरे पर लगाते हुए सर्कुलर मोशन में मसाज करें।
- करीब 10 से 15 मिनट हल्के हाथों से मसाज करने के बाद आप चेहरे को साफ पानी से धोएं।

**धूप** की वजह से पसीने के कारण आपकी त्वचा पर कई तरह की समस्याएं शुरु हो जाती है। दरअसल, धूप के कारण त्वचा तैलीय होने लगती है, जिसकी वजह से पसीना आपकी त्वचा पर इकट्ठा होने लगता है। पसीने में धूल की वजह से गंदगी चेहरे के रोम छिद्रों को बंद कर देती है। जिसकी वजह से त्वचा पर मुंहासे, दानें, दाग-धब्बे, फाइन लाइन और पिगमेंटेशन की समस्या होने लगती है। इन समस्या को दूर करने के लिए बाजार में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट मौजूद होते हैं। इन प्रोडक्ट का लंबे समय तक इस्तेमाल करने से त्वचा को नुकसान पहुंचता है। हालांकि, यदि आप ऑयली स्किन को समय-समय पर एक्सफोलिएट करें, तो इससे ही उसकी कई समस्याओं को आसानी से दूर किया जा सकता है। साथ ही उसके ऑयल को बैलेंस भी करने में मदद मिल सकती हैं।

**एक्सफोलिएशन और डीप क्लींजिंगः** तैलीय त्वचा के लिए बादाम और ओटमील के स्क्रब काफी फायदेमंद होता है। ओटमील, एक कोमल प्राकृतिक एक्सफोलिएंट होने के कारण, डेड सेल्स, गंदगी और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद करता है, जो रोम छिद्रों को बंद कर सकते हैं। दूसरी ओर, बादाम में प्राकृतिक तेल होते हैं, जो चेहरे में जमी हुई गंदगी को त्वचा की गहराई से साफ करते है। इस स्क्रब का नियमित उपयोग करने से त्वचा को सांस लेने में मदद मिलती है और मुंहासे की समस्या दूर होती है।

**ऑयल को करें नियंत्रणः** तैलीय त्वचा अक्सर अत्यधिक सीबम उत्पादन करती है, जिससे मुंहासे हो सकते हैं। बादाम और ओटमील का स्क्रब त्वचाके सीबम को बैलेंस करने में सहायक होता है। बादाम में मौजूद फैटी एसिड त्वचा को पोषण प्रदान करते हैं, और एक्स्ट्रा ऑयल को रोकते हैं। जबकि, ओटमील स्किन के रंग को एक समान बनाता है।

**पोषण और स्किन को हाईड्रेट करें:** ऑयली स्किन को अतिरिक्त पोषण और हाईड्रेशन की आवश्यकता होती है। बादाम में विटामिन ई, बी और ए पाया जाता है, जो त्वचा को पोषण प्रदान करता है। ये विटामिन फ्री रेडिकल्स से होने वाले डैमेज से स्किन को बचाते हैं। साथ ही, बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# राष्ट्र निर्माण की साधना में गुजरे गीता प्रेस के सौ साल



रमा निवास तिवारी

**गीता प्रेस अपनी स्थापना के सौ वर्ष माना रहा है। इतनी लम्बी सेवा यात्रा में उसके त्याग, संकल्प और संघर्षों को नमन किये बगैर बात अधूरी ही रहेगी। सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार की खातिर गीता प्रेस ने लागत अधिक लगाकर भी सस्ते में पुस्तकों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया है।**

**गीता प्रेस ने इस बात को बखूबी समझा और जन जन को अपने सद्ग्रन्थों से जोड़ने की कोशिश की। गीता प्रकाशन के सौ वर्ष पूरे होने पर पूरा देश अभिभूत है। देशवासियों में नैतिक बल की स्थापना करने हेतु गीता प्रकाशन को साधुवाद है। हाँ, अन्त में राजनैतिक जमात से भी एक निवेदन है कि छुद्र स्वार्थ में पड़कर गीता प्रकाशन की आलोचना करना बंद करें।**

**केन्द्र** सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा गांधी शान्ति पुरस्कार के लिए गीता प्रेस की घोषणा के बाद से इस पर भी सियासत का रंग चढ़ाने की कोशिशें की गईं। गीता प्रेस ने भारतीयता की जो अनवरत सेवा की है उसके बदले में यह पुरस्कार कुछ भी नही है।गीता प्रकाशन के कामों का बदला कोई भी पुरस्कार नही हो सकता है। फिर भी संस्थान का मनोबल और उत्साहवर्धन करने का काम यह पुरस्कार अवश्य करेगा। गीता, रामायण, भागवत जैसे तमाम धार्मिक ग्रन्थों को घर घर पहुंचाकर गीता प्रेस ने जो सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार किया है पूरा देश उसका ऋणी है। फिर भी यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि गीता प्रेस को गांधी शान्ति पुरस्कार की घोषणा होते ही राजनीति के क्षेत्र से विरोध के स्वर सुनाई देने लगे। यह पुरस्कार तो गीता प्रकाशन को बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था। गीता प्रेस हिन्दू धर्म के ग्रन्थों को छापकर लागत से भी कम मूल्य पर बेचती रही है। कीमत में कम और गुणवत्ता से भरपूर सामग्री पाकर देश भर में गीता प्रकाशन के कद्रदानों की संख्या बढ़ती गई। गीता प्रेस का विरोध करने वाले यह भूल जाते हैं कि भारतीय संस्कृति और परम्परा को सहेजने का जो अद्भुत काम गीता प्रकाशन ने किया है उसकी प्रशंसा मुक्त कंठ से होनी चाहिए। रामायण,भागवत और गीता के बारे में हमारा समाज अनभिज्ञ ही रह जाता यदि गीता प्रेस से प्रकाशित ये ग्रंथ घर घर तक न पहुंचते। राजनैतिक लाभ के लिए सच को झुठलाना सही नही है। देश का कोई नागरिक जो रामचरितमानस,बाल्मीकि रामायण, श्रीमद्भागवतम् अथवा अन्य दूसरे ग्रन्थों का पारायण कर रहा है, उसके सामने जो पुस्तक है वह गीता प्रेस से प्रकाशित हुई ही होगी,ऐसा मेरा मानना है। धार्मिक ग्रन्थों के अलावा तमाम दूसरे सत्साहित्यों का प्रकाशन गीता प्रेस करता आ रहा है जिससे समाज को सुन्दर सकारात्मक दिशा प्राप्त होती है। इन साहित्यों ने घरों की चौखट में जगह बनाई तो घर को स्वर्ग बना दिया।गीता प्रेस से कल्याण प्रकाशित होती थी जिसका पाठक वर्ग पूरे देश में था। मुझे याद आता है कि मेरे घर पर भी यह डाक द्वारा हर महीने आती थी।मेरे बाबा जी को इसके हर अगले अंक का बेसब्री से इन्तजार रहता था। कभी कभी वे घर के बच्चों को पास बुलाकर उस पत्रिका को पढ़ने के लिए कहते थे और खुद उसे सुनते रहते थे। कई बार उनको पढ़कर सुनाने का काम मुझे भी करना पड़ा। उस पत्रिका में ऐसे ऐसे आध्यात्मिक और प्रेरक उद्धरण और प्रसंगों का संकलन होता था कि पढ़ने वाले के व्यवहार और आचरण पर उसकी छाप पड़नी तय थी। गीता प्रेस के साहित्यों ने देश में आध्यात्मिक और वैचारिक क्रांति का बिगुल फूंकने का काम किया है। मार्क्स ट्यूलियस सिसेरो एक दार्शनिक थे उन्होंने कहा था कि यदि आपके पास पुस्तकालय है तो आपको जीवन में कुछ नही चाहिए। उनका अभिप्राय यही था कि पुस्तकें आपका दिमाग खोलती हैं, सुन्दर विचारों की सर्जना करती हैं। गीता प्रकाशन ने ठीक वैसा ही काम किया है। उनके साहित्यों ने देश की सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक चेतना को नया रंग रुप दिया है। गीता प्रेस अपनी स्थापना के सौ वर्ष माना रहा है। इतनी लम्बी सेवा यात्रा में उसके त्याग, संकल्प और संघर्षों को नमन किये बगैर बात अधूरी ही रहेगी। सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार की खातिर गीता प्रेस ने लागत अधिक लगाकर भी सस्ते में पुस्तकों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया है। छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी आकार की पुस्तकें भी छापी गईं। सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, रामरक्षा स्तोत्र आदि तमाम पुस्तकों को बहुत छोटे आकार में छापा जिससे हमारे घरों के बच्चे आसानी से पाकेट में रखकर पढ़ते रहे।गीता प्रेस न होता तो घर घर हमारे धर्मग्रंथों की पहुंच भी न हो पाती। आध्यात्मिक चेतना का स्फुरण फिर कौन करता? राम कृष्ण के देश में ही हमारी नई पीढ़ी उनके विषय में कैसे जान समझ पाती? विदेशी आक्रांताओं ने हमेशा हमारे धार्मिक प्रतीकों चिन्हों और ग्रंथों को निशाना बनाया था, क्योंकि उन्हें पता था कि इनके धर्मग्रंथों में वह खजाना है जिसे पाकर इन्हें कभी भी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और नैतिक कंगाली से जूझना नही पड़ेगा। जब भी विदेशियों ने हमारे ऊपर आक्रमण किया हमारे धर्मग्रंथों को इसीलिए मिटाने की कोशिश की। हमारे धर्म ग्रन्थों से ही हमारी पहचान है। वे हमारे मूल हैं और मूल से जुड़कर ही उन्नति की दिशा में बढ़ा जा सकता है। गीता प्रेस ने इस बात को बखूबी समझा और जन जन को अपने सद्ग्रन्थों से जोड़ने की कोशिश की। गीता प्रकाशन के सौ वर्ष पूरे होने पर पूरा देश अभिभूत है। देशवासियों में नैतिक बल की स्थापना करने हेतु गीता प्रकाशन को साधुवाद है। हाँ, अन्त में राजनैतिक जमात से भी एक निवेदन है कि छुद्र स्वार्थ में पड़कर गीता प्रकाशन की आलोचना करना बंद करें।

# मानकों को ताक पर रखकर स्कूल प्रांगण की भूमि पर पानी की टंकी लगवा रहा प्रधान, ग्रामीणों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । सुनहरा






**लखीमपुर-खीरी।** बच्चों के खेल का मैदान स्कूल की बागबानी की शान को मिटा कर जो जी चाहे करे प्रधान किसी भी काम कराने के मानक होते हैं पानी की टंकी कहा लगेगी यह प्रधान लेखपाल ग्राम समाज की भूमि का चयन कर सकते हैं लेकिन दबंगई के आगे सब नतमस्तक बताते चलें नकहा ब्लाक के ग्राम पंचायत सिरैंचा तहसील लखीमपुर परगना व जिला लखीमपुर खीरी के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम पंचायत में उ प्रा.विद्यालय सिरैंचा वि.क्षे.नकहा खीरी (1-8) में लगभग 600 छात्र/छात्राएं अध्ययनरत हैं।परिसर में बच्चों के खेलकूद के मैदान के लिए मौजूद जमीन है।ग्राम प्रधान अधिशाषी अभियन्ता जल निगम व मौजूदा लेखपाल द्वारा मानकों को ताक पर रख कर की जा रही मनमानी स्कूल में टंकी लगने से बच्चों के खेल मैदान पर अतिक्रमण होगा गांवों में जल सप्लाई के लिए बड़ी पानी की टंकी का निर्माण फिर से शुरू करा दिया है।इससे बच्चों के खेलने के बने मैदान पर अतिक्रमण हो रहा है।जबकि हकीकत यह है कि चकबन्दी अधिकारी , खीरी लखीमपुर द्वारा खाता खतौनी संख्या-483 में गाटा संख्या-369/0.312 को 10. नवम्बर .2022 द्वारा नवीन परती के खाते से खारिज होकर बागवानी हेतु सुरक्षित खाते में अंकित होने का आदेश पारित किया हैं चकबंदी अधिकारी के आदेश को दरकिनार कर ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र वर्मा अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, लेखपाल की मिली भगत से अवैधानिक रूप से उसी गाटा संख्या में पानी की टंकी लगवा रहे है जिसकी बाउंड्री की नींव भर दी है काम चालू ग्रामीणों के विरोध करने पर काम बंद यह सांप सीढ़ी का खेल काफी दिनों से ग्राम पंचायत में खेला जा रहा है ग्रामीणों को यह भय बना हुआ है।कि खेल खेलने खेला न हो जाये जिसकी आशंका बनी हुई है उदाहरण जमीन खोदने का काम चालू कर दिया गया है मौजूदा ग्राम प्रधान ने विधि विरूद्ध तरीके से उसी गाटा संख्या में जल निगम द्वारा टंकी लगने का प्रस्ताव करके कार्य प्रारम्भ करवा दिया था जो अवैध है। जिससे स्पष्ट रुप प्रतीत होता है कि प्रधान मानकों को ताक पर रखकर काम कर रहे है। जबकि यह गाटा संख्या केवल बागवानी हेतु सुरक्षित की गयी इस कारण इस गाटा संख्या में पानी की टंकी लगाना गलत है इसके अलावा यह गाटा संख्या-369 से मिली हुई गाटा संख्या-370/0.405 स्कूल हेतु सुरक्षित खाते में दर्ज है चूंकि दोनो खाते एक दूसरे से मिले हुये है 369 गाटा संख्या में टंकी लगने से बागवानी हेतु सुरक्षित जगह व स्कूल प्रांगण इससे प्रभावित होगें तथा इससे जनहित का कोई कार्य नहीं होगा। आपकों बताते चलें यह 369 गाटा संख्या से मिला हुआ 50 मीटर की दूरी पर सरकारी नलकूप स्थित है चूंकि 50 मीटर की दूरी पर ही निगम की बोरिंग होने से कुछ ही दिनों में नलकूप वाटर लेबिल नीचे जाने के कारण बन्द हो जायेगें जिससे आमजन किसानों व मिला हुआ स्कूल प्रांगण होने के कारण स्कूल के कार्यो में व्यवधान उत्पन्न होगा।

जो आने वाले समय के लिए ठीक नहीं है ग्राम पंचायत के लिए ठीक नहीं है बच्चों के भविष्य के लिए ठीक नहीं है लेकिन प्रधान के लिए सब ठीक है उसे अपनी मनमानी करना है और उस मनमानी के चलते किसी की ना सुनना है। अगर गाटा संख्याओं की जांच की जाए तो पूरी हकीकत सामने आएगी क्या टंकी सही जगह पर लग रही है कि गलत जगह पर लग रही है लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का परिणाम गांव वाले भुगत रहे आक्रोशित ग्रामीण नरेन्द्र सिंह, एवं राजकुमार सिंह, तथा अनुराग कुमार,और गुरुजीत सिंह व सुखजिंदर सिंह तथा सुखराम सिंह,व, रमेश सिंह, एवं धीरेन्द्र सिंह,ने जिला अधिकारी, उपजिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी नकहा से हो रहे इस अवैध कार्य से अवगत भी करा चुके है। ग्रामीणों का कहना है ये कोई मेरा निजी कार्य नहीं है। ग्राम वासियों की सुविधा बच्चों के भविष्य व वाटर लेबिल न बिगड़े इसलिए ये जनहित का कार्य है।जो आगे चलकर बहुत बड़ी दुश्वारियों को ग्राम पंचायत को बचायेगा।अब देखते हैं कि यह कार्य रुककर पुनः तो चालू नहीं कर दिया जायेगा इस तरह का भ्रष्टाचार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होती है कि मामला इसी तरह से विचाराधीन पड़ा रहेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

## बाघ के हमले से मजदूर हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ग्राम जमुनहां थाना मोहम्मदी के पड़ोस गन्ने के खेत में खाद डालते समय एक मजदूर पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ के हमले से खेत में खाद डाल रहे मजदूरों में चीख-पुकार मच गई। चीख-पुकार सुनकर बाघ भाग गया।



घायल मजदूर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण युवक को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार ग्राम जीयनपुर थाना हैदराबाद निवासी राम जीत 25 वर्ष पुत्र गेंदनलाल अपने भाई रामनिवास और धर्मेंद्र तथा खेत मालिक हरविंदर सिंह के साथ ग्राम जमुनहां निवासी हरविंदर सिंह के गन्ने में खाद डाल रहा था। बताते हैं गन्ने में छिपा बाघ उसी समय रामजीत पर झपट पड़ा। उसके दाहिने हाथ पर पंजा लगा जिससे वह मौके पर ही गिर गया और चिल्लाने लगा। बाघ का हमला देखकर मजदूर तथा खेल मालिक शोर मचाने लगे। शोर सुनकर बाघ चला गया। घटना की सूचना ककरहा बीट रेंज मोहम्मदी को दी गई। मौके पर वन कर्मी भी पहुंचे। उन्होंने घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की सलाह दी। खेत मालिक हरविंदर सिंह घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला आया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पास उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

## खीरी पुलिस मार मार के कर देती है बुरा हाल जैसे पीड़ित का कर दिया पिछवाड़ा लाल

* पुलिस ने दी थर्ड डिग्री, युवक का आरोप, दो सिपाहियों ने मेज पर लिटाकर पटे से पीटा, प्राइवेट पार्ट में आई चोट

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी



बहुत मारती है साहब पुलिस इस पुलिस की बेरहमी की दास्तां एक दुख में डूबे दर्द से करा रहे व्यक्ति ने सुनाई लोगों के लिए यह हंसी का पात्र है कि वह पीछे का हिस्सा दिखाकर मार की लाली दिखा रहा है। कि किस तरह से पुलिस ने मार मारकर उसका पिछवाड़ा लाल कर दिया है।हंसने की बात नहीं कोई मजाक का विषय नहीं इसको गंभीरता से लिया जाए कि क्या कर रही है खीरी पुलिस खाकी अपने रोब में कुछ भी कर सकती है क्या मानवता मर गई है। क्या मानव अधिकार आयोग अपंग हो गए हैं - क्या खाकी पर किसी का जोर नहीं है खाकी जो चाहे वह करें जैसा कि।गांव मुड़ियाखेड़ा निवासी रामकिशोर ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया दीवार बनाने के विवाद में सदर कोतवाली की एलआरपी चौकी पुलिस ने पीड़ित को थाने लाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। अपने समर्थक की पिटाई का पता चला तो भाजपा विधायक योगेश वर्मा रविवार की दोपहर कोतवाली पहुंच गए।उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई।गौरतलब है कि शनिवार की सुबह करीब 8.30 बजे पीड़ित दीवार बना रहे थे इसी समय गांव के रामसिंह,कोढैया टीकर थाना फरधान निवासी तीन लोगों ने अवैध असलहे से फायरिंग की और उसके छोटे भाई अनिल कुमार की पिटाई कर दी। उसका जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई।आरोप है कि एलआरपी चौकी के दो सिपाहियों सलमान व अनूप यादव ने उसे मेज पर लिटाकर पट्टे से पीटा। पिटाई से उसके प्राईवेट पार्ट पर चोट आई है। शरीर पर चोट के निशान भी पड़ गए। बाद में उसे कोतवाली से छोड़ दिया गया। दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं गई सिर्फ 151 सी आर पी सी में चलान कर दिया गया।इसकी जानकारी मिलते ही विधायक योगेश वर्मा कोतवाली पहुंचे।उन्होंने नाराजगी जताई और आरोपियों पर केस दर्ज करने को कहा।सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि मुड़ियाखेड़ा के मामले में सदर विधायक कोतवाली आए थे। मामले की जांच करने और कार्रवाई की बात कही। दो सिपाही पर पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। जांच में दोषी मिलने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



## नाली सफाई का नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । मोबीन अहमद

**सिंगाही खीरी।** बरसात के बाद कस्बे में नाली सफाई का नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क़स्बे में जलनिकासी एक अति आवश्यक कार्य है। जलनिकासी की सुचारू व्यवस्था के न होने से लोगों की दुकानों, घरों व आवागमन के रास्तों में पानी भर जाता है। शीघ्र ही कस्बे में नालियों की नियमित साफ -सफाई होगी। इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने साफ सफाई को लेकर नाराजगी व्यक्त की। सफाई नायकों को कड़े निर्देश दिए की आप अपने क्षेत्र में साफ सफाई को सुधार ले अन्यथा आपके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। साथ ही उन्होंने सफाई नायकों को साफ-सफाई और बेहतर करने के निर्देश दिए। कहा नालों और नालियों की सफाई जल्द पूर्ण की जाये साफ सफाई करने में न हो लापरवाही नियमित रूप से रोजाना सफाई कराई जाए। अगर सफाई न होने की शिकायत आई तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सफाई नायकों को निर्देशित किया अपने अपने क्षेत्र को साफ रखना सफाई नायकों का काम है इसमें कोई भी ढिलाई ना बरती जाए अगर सफाई को लेकर कोई शिकायत आई तो उसकी जांच कर पूर्ण कार्यवाही की जाएगी। गुणवत्ता के साथ साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सफाई कर्मियों को भी निर्देशित किया।

## समारोह पूर्वक हुआ समर कैंप का समापन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।




इंडियन एकेडमी समर कैंप 2023 पटेल इंटर कॉलेज ममरी के समापन समारोह का शुभारंभ युवराज दत्त महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पांडे ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन करके किया।उक्त अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अरविंद पांडे ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में समर कैंप का आयोजन विशेष महत्त्व रखता है। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन अवकाश का सदुपयोग बच्चों ने किया है।बच्चों ने पूरे मनोयोग से एक माह तक अपने प्रशिक्षकों के कुशल निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। मुख्य अतिथि ने समस्त छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया किअपने जीवन को सुखमय वैभवशाली बनाने के लिए उन्हें लक्ष्य निर्धारित करना होगा और लक्ष्य की प्राप्ति तक विश्राम नहीं करना है। जब आप लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे तो भारत मां की सेवा कर सकेंगे। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भारत माता के मस्तक को ऊंचा करने में उनकीह्न महत्वपूर्ण भूमिका होगी। समर कैंप में पटेल इंटर कॉलेज के प्रबंधक उमेश चंद्र वर्मा, प्रधानाचार्य जसकरन लाल वर्मा के द्वारा सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। समारोह में संजीव दीक्षित, शाहनवाज, वरिष्ठ पत्रकार पूर्णानंद बाजपेई, डॉ प्रदीप वर्मा , अभय यादव , सलमा सिद्दीकी, नगमा , विशाल वर्मा, रोहित, अमन वर्मा , शीतल बंसल, शैलेंद्र मिश्रा, अन्नू बंसल, रोहित विश्वकर्मा सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही। समापन समारोह का सफल संचालन कुंवर आनंद ने किया।

## खाद्य विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने डेयरी पर मारा छापा, दुग्ध उत्पादों के नमूने जांच को भेजे

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



गोला गोकर्णनाथ में खाद्य विभाग के डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में टीम ने रविवार को एक डेयरी पर छापा मारा। यह दुग्ध डेयरी बिना लाइसेंस के संचालित हो रही थी। खाद्य विभाग की टीम ने दूध, पनीर और घी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। रविवार की दोपहर खाद्य विभाग के सह आयुक्त कौशलेंद्र शर्मा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदित्य वर्मा, विपिन कुमार सिंह व पुलिस फोर्स के साथ मोहम्मदी रोड स्थित राधेश्याम राइस मिल के परिसर में चल रही डेयरी पर छापा मारा। यहां बिना लाइसेंस के 10,000 लीटर क्षमता का वीएमसी लगा पाया गया।डेयरी पर दूध से दही, मट्ठा, पनीर व घी का उत्पादन व कारोबार होता था। टीम ने मिलावट व गुणवत्ता की जांच के लिए दूध, पनीर व घी के सैंपल लेकर लैब भेज दिए हैं। डेयरी उद्योग बरेली निवासी विचित्र पाल सिंह गंगवार का बताया जा रहा है। डेयरी के मैनेजर प्रेम बाबू ने बताया कि लगभग दो महीने पहले भी खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा था। प्रतिद्वंद्विता के चलते लोग परेशान कर रहे हैं, जबकि मैनेजर डेयरी का लाइसेंस होने की बात कह रहा है, लेकिन मौके पर वह प्रपत्र नहीं दिखा पाया उधर, खाद्य आयुक्त कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। दूध डेयरी बिना लाइसेंस संचालित की जा रही है। जिस पर 10 000 लीटर की वीएमसी लगी हुई है। डेयरी से घी, पनीर, मट्ठा और दही का उत्पादन किया जाता है। घी, पनीर और दूध के तीन तीन नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



## धर्मांतरण का पाठ पढ़ाते हुए धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

* राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के प्रयासों से हुई गिरफ्तारी

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर

**सीतापुर।** एक तरफ केंद्र में बैठी मोदी सरकार व प्रदेश में बैठी योगी सरकार जबरन धर्मांतरण का जबरदस्त विरोध कर रही है और इसके खिलाफ कठोर कानून बनाने की तैयारी चल रही है लेकिन सीतापुर इन दिनों धर्मांतरण कराने वाली मिशनरियों के गिरफ्त में आ चुका है ताजा मामला कोतवाली नगर के मंडी चौकी क्षेत्र का है जहां गत रात्रि धर्म परिवर्तन का खेल खेला जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मंसूरपुर मंडी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीती रात में कुछ लोग प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण करा रहे थे जानकारी प्राप्त होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना विकास हिन्दू ने कोतवाली में तहरीर दी। सुबह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर छापा मारा जहां पर प्रार्थना सभा में शामिल 20-25 लोग पुलिस को देखते ही भाग गए बस दो लोग मौके पर गिरफ्तार किए गए गिरफ्तार लोगो मे अनुज मसीह पुत्र राजेश नि. मोहम्मदी मो. पाल थाना कोतवाली मोहम्मदी जिला खीरी तथा गीता मसीह पत्नी राजेश नि. मो. मोहम्मदी पाल थाना कोतवाली मोहम्मदी जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण गरीब लोगो को पैसे व नौकरी का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराते है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम अनुज मसीह पुत्र राजेश नि. मोहम्मदी मो. पाल थाना कोतवाली मोहम्मदी जिला खीरी , गीता मसीह पत्नी राजेश नि. मो. मोहम्मदी पाल थाना कोतवाली मोहम्मदी जिला खीरी हैं। तथा बरामदगी में एक बाइबिल धर्मग्रन्थ क्रिश्चिन तथा एक किताब सेन्ट्रल यू.पी.मिशन धर्मग्रन्थ बरामद हुई है।

### हिंदू राष्ट्रीय शेर सेना के प्रयासों से गिरफ्तार हुए अभियुक्त

गिरफ्तार लोगों के पास बाइबल और सेंट्रल यूपी मिशन नामक किताब प्राप्त हुई लोगों को बहला-फुसलाकर लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने वाले पूरा सिंडीकेट चला रहे है। विषय बहुत गंभीर है पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। सीतापुर में पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं होती रही है अब देखना यह है कि आने वाले समय में शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन किस तरह धर्मांतरण पर अपनी नकेल कसता है राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने धर्मांतरण के खिलाफ मुखर होने का ऐलान किया है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के साथ राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू, जिला सचिव रमेश हिन्दू, जिला उपाध्यक्ष बबलू हिन्दू, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक हिन्दू, जिला अध्यक्ष विक्की हिन्दू, भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रभात अग्निहोत्री और आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पूर्व की सरकारों में किसान तो परेशान था ही साथ ही व्यापारी भी परेशान था: सांसद राजेश वर्मा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

* किसानों के द्वारा फूल मालाओं से सांसद राजेश वर्मा का स्वागत व्यापारियों ने किया
* गल्ला मंडी पहुंचे सांसद, व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत किया गया

आज सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा ने सीतापुर गल्ला मण्डी पहुंच कर वहां के व्यापारियों से मुलाकात की। मंडी पहुंचकर सांसद राजेश वर्मा सबसे पहले व्यापारी विनय गुप्ता के प्रतिष्ठिान पर पहुंचे। जहां पर उनका भव्य स्वागत व्यापारियों ने किया। यहां पर सांसद ने घर-घर जन संपर्क अभियान के तहत व्यापारियों से मुलाकात की तथा उनसे केंन्द्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। वहीं व्यापारियों की संख्या खासी देख सांसद गदगद हो उठे। उन्होंने सभी व्यापारियों का ध्न्यवाद दिया। मंडी पहुंचने पर कच्चा आढ़ती, मिलर्स, ट्रेडर्स और किसानों के द्वारा फूल मालाओं से सांसद राजेश वर्मा का स्वागत व्यापारियों ने किया। गल्ला मंडी पहुंचे सांसद, व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात मण्डी समिति के सभागार में एक आपसी सभा सांसद व्यापारी संवाद का भी आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में सभी व्यापारीयों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान व्यापारियों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आज हर व्यापारी खुश है। किसी भी किसान का न तो औने-पौने दामों पर कोई गल्ला बिकता है और न ही व्यापारी को ठगा जाता है। पूर्ववर्ती सरकारों में किसान तो परेशान था ही साथ ही व्यापारी भी परेशान था। अब सभी खुश है। इस मौके पर राकेश गुप्ता पिंकू, रामकुमार जायसवाल, लालजी राठौर, लक्ष्मीनारायण गुप्ता बड़कऊ, रमाकांत शुक्ला, रामनाथ गुप्ता, छैलबिहारी राठौर, विमल गुप्ता, रामनांटेन वर्मा, दीपक गुप्ता, श्याम सिंह मुन्ना, सुरेन्द्र चैधरी, पंकज गुप्ता, ललित श्रीवास्तमव चंचल, नीरज वर्मा झल्लर, संतोष गुप्ता, अंबुल गुप्ता, रजनीश गुप्ता, मनीष राठौर, मोहित मिश्रा, महेन्द्र तिवारी, तेज नारयण भरतिया, जय प्रकाश भरतिया, विकास गुप्ता, अजय गुप्ता बबलू, विनोद जायवाल, मोहसिन खांन समेत सैकड़ों की संख्या में व्यापारीगण व किसान मौजूद रहे।

# वकील के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बैनामा कराने वाले वकील के पूर्व मुंशी पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।

* वकील को बदनाम करने की नियत से वकील के ही पूर्व मुंशी ने बनाए वकील के फर्जी हस्ताक्षर

वकील के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बैनामा करने वाले वकील के पूर्व मुंशी के कारनामे का मामला प्रकाश में आया है।आपको बता दे की तहसील के वरिष्ठ वकील के0 के0 शुक्ला है। जोकि पूर्व में गोला तहसील के सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जिन्होंने गोला कोतवाली में तहरीर देकर बताया प्रदीप कुमार उर्फ पिंटू पुत्र राम भजन निवासी रामनगर ग्रांट नं. 11, थाना-मैलानी, तहसील-गोला, का रहने वाला है। जोकि मेरे पास पूर्व में मुन्शी था। जिसको आए दिन हमने कई जालसाजी-फर्जीवाड़े काम में पकड़ा था।जिससे हमने उसे अपने तखत से हटा दिया था। तभी प्रदीप उर्फ पिंटू ने मुझे बदनाम करने की नियत से एक बैनामा कराया।जिसमे लगने वाली पत्रावलियों पर मेरे फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उपजिलाधिकारी गोला के समक्ष पेशकर दिया और बैनामा रजिस्टर्ड करा दिया गया। जिसकी जानकारी मुझे आज भी नही होती यदि पेशकार ने मुझे अवगत नही कराया होता तो।पेशकार के अवगत कराने पर मैंने देखा संलग्न बैनामा मेरे द्वारा ड्राफ्टेड दिखाया गया।मैंने बैनामा में लगने वाली सभी पत्रावली देखी।जिस पर मेरे हस्ताक्षर फर्जी तरीके से बनाए गए थे।तभी इस बैनामा की पत्रावलियां देखकर फर्जीवाड़े की जानकारी मुझे हुई।और इस फर्जीवाड़े की जानकारी मैंने उच्चाधिकारियों को दी कि यह बैनामा 10/10/2011 मेरे द्वारा लिखा नहीं गया।जो की पूरी तरह से फर्जी है।फर्जी बैनामा वाद सं0 30/22 कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-ञ्च201210043332 ब सरकार बनाम रामभजन अधिनियम धारा 167 उप्र जमीदारी विनाश अधिनियम ग्राम गंगापुर ग्रन्ट पर मगदापुर, तह0- गोला, जिला-खीरी दिनांक 04.05.2022 को न्यायालय उपजिलाधिकारी में आदेश पारित है। वही एडवोकेट के0 के0 शुक्ला का कहना है प्रदीप कुमार उर्फ पिंटू एक नंबर का जालसाज है और भविष्य में हो भी सकता है पता नहीं कितने अन्य दस्तावेजों पर भी मेरे फर्जी हस्ताक्षर बनाये हो। ऐसे जालसाज व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिले।तभी एडवोकेट के0 के0 शुक्ला की तहरीर के पर कोतवाली में प्रदीप कुमार उर्फ पिंटू के खिलाफ जालसाजी व फर्जीवाड़ा करने पर 419, 420, 467, 468, 471 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पांडे का सेना द्वारा मनाया गया भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



परमवीर चक्र से अलंकृत कैप्टन मनोज पांडेय की 48 वीं जयंती के अवसर पर मुख्यालय मध्य यूपी सब एरिया (मुप्सा), लखनऊ के तत्वाधान में 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर और रिकॉर्ड्स द्वारा 25 जून 2023 को कैप्टन मनोज पांडेय के जनपद सीतापुर स्थित पैतृक गांव रूढ़ा में भव्य जन्मोत्सव व आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत तहसील सिधौली के भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और विधवाओं की पेंशन संबंधी शिकायतों का पंजीकरण किया गया। वीरों के नाम पर ग्राम पुस्तकालय को किताबें और अमृत तालाब के लिए औषधीय पौधे भी दान किए गए। इस आयोजन का उद्देश्य डी0ए0वी0 पोर्टल पर उपस्थित लोगों का 100 प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करना और उनकी पेंशन संबंधी शिकायतों का निवारण करना था। उपस्थित लोगों को केंद्र/राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धता और इसका लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे में भी अपडेट किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परमवीर चक्र विजेता अमर सहित कैप्टन मनोज पांडेय जी की प्रतिमा पर कर्नल अभिलाष के0एम0 व कैटन मनोज पांडे जी के पिता गोपीचंद पांडे तथा मुख्य अतिथि माननीय विपिन कुमार वर्मा द्वारा पुष्प चक्र अर्पित कर किया गया इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों व लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेट द्वारा देशभक्ति गीत एवं कैप्टन मनोज पांडेय जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा एन0सी0सी0 कैडेट के छात्र छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने लोगों को देशभक्ति की सीख दी तथा सैनिकों का हर संभव मदद व सम्मान करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विपिन कुमार वर्मा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी देशवासी तभी सकून की नींद सो पाते हैं जब हमारे सैनिक बॉर्डर पर हमेशा देश की रक्षा तैनात खड़े रहते हैं वह बगैर किसी प्रवाह के देश रक्षा हेतु अपना तन मन धन न्योछावर करने को तैयार रहते हैं इसलिए हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि हम उनका व उनके परिवार का सम्मान करें। उपस्थित कार्यक्रम में कर्नल अभिलाष केएम 1/11 गोरखा राइफल्स, कर्नल गौरव सिंघन 22 बटालियन एनसीसी सीतापुर, सुनील सिंह एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर, लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल कुमार, सूबेदार मेजर मनोज कुमार, बिशुन देव, कैप्टन मनोज पांडेय के पिता गोपीचंद पांडेय चाचा कौशल पांडेय सत्यवान पांडेय ईश्वरदीन पांडेय भाई मनमोहन पांडेय अमित पांडेय अनंतराम पांडेय डी0पी0आर0ओ0 मनोज कुमार, बी0डी0ओ0 राजेश तिवारी, एडीओ आईएसबी शिव प्रकाश दुबे, सचिव जितेन शुक्ला, दिनेश वर्मा, अंशिका वर्मा, नीतू वर्मा थानाध्यक्ष कमलापुर सतीश चंद्र उपनिरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय, उपनिरीक्षक आर के सिंह सहित समस्त थाना स्टाफ एवं सैकड़ों ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने स्मृति स्थल पर पुष्प चक्र व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

# अघोषित बिजली कटौती के चलते लोगों ने लगाया जाम, की नारेबाजी



**जन एक्सप्रेस | उरई**

बिजली, पानी की समस्या को लेकर उरई के मंडी गेट के पास इंद्रा नगर के रहने वाले लोगों ने उरई राठ मार्ग को जाम कर, बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम करने से उरई राठ मार्ग का आवागमन बाधित हो गया। जाम लगने की सूचना पर उरई कोतवाली पुलिस के साथ मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

जिन्होंने जाम खुलवाने का प्रयास किया। मगर स्थानीय लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग करते रहे। मगर अधिकारियों के आने से जाम खुल सका। शहर कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड स्थित इंद्रा नगर गल्ला मंडी क्षेत्र में बीते 15 दिनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। जिससे स्थानीय लोगों को पानी की समस्या के साथ उमस भरी भीषण गर्मी से जूझना पड़ रहा है। इसकी शिकायत इंद्रानगर मंडी गेट के पास रहने वाले लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से की। मगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया।

जिससे नाराज होकर यहां की रहने वाली महिला और पुरुषों ने एकजुट होकर उरई राठ रोड मंडी गेट के सामने ट्रैक्टर और बांस बल्ली लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। साथ ही जाम लगा दिया। जाम के दौरान स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उरई राठ मार्ग पर जाम लगने से आवागमन बाधित हो गया और इस जाम में मंडी आने जाने वाले वाहन ट्रैक्टर व ट्रक फंस गए। जाम की सूचना मिलते ही उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार राठौर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने जाम लगाए स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही जाम खुलवाने का प्रयास किया।

मगर स्थानीय लोग इस जिद पर अड़े रहे कि जब तक उन्हें बिजली सुचारू रूप से नहीं मिलती है, तब तक वह जाम नहीं खोलेंगे। जिसके बाद पुलिस विभाग द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की, मगर स्थानीय लोग बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जाम लगाए इंद्रा नगर के रहने वाले लोगों ने बताया कि बीते 15 दिनों से इंद्रा नगर इलाके में बिजली सही से नहीं आ रही है। दिनभर बिजली गुल रहती है, जिस कारण लोगों को भीषण गर्मी के साथ-साथ पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं।

रात के वक्त जब सब लोग सो जाते हैं। उसी दौरान विद्युत सप्लाई चालू की जाती है, तब पानी आता है। जिससे उन्हें रात रात भर जागकर पानी भरना पड़ रहा है। जिस कारण कोई भी काम पर नहीं हो पा रहे है। इतना ही नहीं ट्रांसफार्मर कम क्षमता वाला लगाया जा रहा है। जिस कारण वह लोड नहीं ले पा रहा है जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है। फिलहाल अधिकारियों के आने के बाद व समस्या का समाधान निकलवाकर जाम खुलवाया जा सका।

## सड़क हादसे में मौसेरे भाई-बहन की मौत

**जन एक्सप्रेस | माधौगढ़**

**✱ अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ हादसा, सगी बहन को नाजुक हालत में किया गया रेफर**

गोहन थाना क्षेत्र में सहाव रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ग्राम रजपुरा के पास बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार मौसेरे भाई बहन की मौत हो गई, जबकि एक सगी बहन को नाजुक हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया निवासी सफाई कर्मचारी विजय बहादुर चौधरी का पुत्र अकुंश कुमार चौधरी 18 वर्ष अपनी बहन आराधना 20 वर्ष के साथ रविवार की दोपहर थाना सिरसा कलार के गांव निपनिंया निवासी मौसेरी बहन लाली 17 को बाइक से गांव छोड़ने जा रहा था। बताया गया कि तभी ग्राम रजपुरा के पास दूसरी ओर से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार रोड के दूसरी ओर जा गिरे। घटना देखकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की सूचना गोहन थानाध्यक्ष को दी।घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी जालौन में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने लाली को मृत घोषित कर दिया। जबकि अंकुश कुमार व आराधना की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने अकुंश कुमार को मृत घोषित कर दिया, और आराधना की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया।

एसओ रवीन्द्र नाथ यादव का कहना है कि अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है। बाइक चालक हेलमेट न लगाने से सिर से ज्यादा खून निकलने से मौत हो गई। मृतक की मां केतकी, भाई मोहित कुमार का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस | उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करुई में घर पर साफ सफाई का काम करते समय महिला को अचानक किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करुई निवासी लक्ष्मी 45 वर्ष पत्नी उमेश चंद्र रोज की तरह रविवार को घर पर साफ सफाई का काम कर रही थी। तभी अचानक उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। अचानक महिला की हालत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए और उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई। जब तक परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाते, तब तक महिला ने दम तोड़ दिया। वही मामले की खबर मिलते हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वृद्ध किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस | जालौन**

वृद्ध किसान ने अपने खेत पर जाकर गमछे से फांसी लगाई। आसपास के किसान जब खेत पर पहुंचे तो वृद्ध का शव देखकर पुलिस व परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी परशुराम कुशवाहा (65) पुत्र मुलू वृद्ध थे व काफी समय से बीमार चल रहे थे। रविवार की सुबह करीब 6 बजे वह घर से लौना मौजा में स्थित खेत पर जाने की बात कहकर निकले थे। खेत पर पहुंचने पर उन्होंने खेत में ही स्थित बबूल के पेड़ पर गमछे से फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह करीब 10 बजे तक आसपास के किसान खेत पर पहुंचे तो वृद्ध का शव पेड़ पर लटका देखकर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाल समीर सिंह व परशुराम के पुत्र अवधकिशोर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने वृद्ध का शव पेड़ से उतरवाकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह काफी वृद्ध थे और अक्सर बीमार रहा करते थे। शायद बीमारी के चलते ही उन्होंने फांसी लगा ली हो। उक्त संदर्भ में कोतवाल समीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर उचित कार्रवाई होगी। बता दें, परशुराम के एक पुत्र अवध किशोर ही है। उनकी चार बेटियां हैं जिनमें सोना देवी, अभिलाषा व रानी देवी की शादी हो चुकी है। वहीं, छोटी पुत्री पिंकी घर पर है। वहीं, परशुराम की मौत से उनकी पत्नी किशोरी देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

## डिलीवरी के बाद रक्त रिसाव के चलते महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस | उरई**

एट थाना क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के बाद हुए अधिक रक्त रिसाव की चलते महिला की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही तहसीलदार व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मायके पक्ष को सूचना दी गई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम खरुसा निवासी रविंद्र कुमार की डेढ़ वर्ष पहले कालपी में शादी हुई थी। बताया गया है कि बीते दिन रविंद्र की पत्नी रेखा को घर में प्रसव पीड़ा होने लगी। जिस पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर लिया, और महिला ने डिलीवरी के समय एक बच्चे को जन्म दिया। तभी महिला को अधिक रक्तस्राव होने लगा। जिससे अस्पताल में अफरातफरी मच गई। अधिक रक्तस्राव होने के चलते महिला के परिजन घवरा गए और उसी समय महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत की खबर लगते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। वहीं जांच पड़ताल के समय महिला की शादी डेढ़ वर्ष पहले होने की जानकारी मिलते ही तहसीलदार को भी मौके पर बुलाकर महिला के मायके पक्ष को सूचित कर दिया गया है। मामले में एट थानाध्यक्ष केपी सरोज का कहना है कि महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संदिग्ध हालत में पड़ा मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

**✱ खबर मिलते ही मौके पर आटा पुलिस भी पहुंच गई**

आटा थाना क्षेत्र में पानी से भरे गड्ढे में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के आंख के पास चोटों के निशान होने के चलते परिजनों द्वारा उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम रिरुआ निवासी जितेंद्र उर्फ बबलेंद 30 वर्ष पुत्र रामसिंह बीती शुक्रवार को कोंच कोतवाली क्षेत्र के सुनाया गांव अपनी बहन के यहां गया था। जब वह शनिवार को वापस घर लौट रहा था, लेकिन देर रात तक घर नही लौटा। समय रहते घर न पहुंचने पर परिजनों ने बहन व बाकी रिस्तेदारों से उसके बारे में जानकारी ली। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह खेतो की ओर जा रहे ग्रामीणों ने पानी भरे गड्ढे में उसका शव पड़ा देखा।

इसपर उन्होंने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। इसके बाद खबर मिलते ही मौके पर आटा पुलिस भी पहुच गई, और छानबीन करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामसिंह से जब फ़ोन से बात हुई तो उन्होंने बताया कि बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। शव पैरो की ओर से आधा पानी में था जबकि आंख पर चोट के निशान भी है। फिलहाल जवान बेटे की मौत से घर मे कोहराम मचा हुआ है और गांव में मातम छा गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस | उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरन में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक फांसी पर झूल गया। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरन निवासी हरिनारायण 35 वर्ष पुत्र रामप्रसाद ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। फांसी पर लटक रहे पुत्र के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। घटना को लेकर परिजन कुछ भी बता नहीं सके। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## इंदौर से वापस घर लौटे युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**जन एक्सप्रेस | उरई**

इंदौर से वापस घर लौटे युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

माधौगढ़ थाना के ग्राम हरौली निवासी चतुर सिंह उर्फ संदीप का अपनी पत्नी नीलू से किसी बात को लेकर अनबन थी। जिस कारण उसकी पत्नी शहर के मुहल्ला सुशील नगर में अकेले रह रही है।

इधर संदीप के बहन बहनोई इंदौर में रहते हैं, जो अपनी बहन बहनोई के पास इंदौर रहने चला जाता था, और अपनी जेब खर्च के लिए वहां प्राइवेट नौकरी भी करने लगता था। बताया गया है कि बीते दिनों वह इंदौर से उरई वापस आया था। जो शनिवार की देर शाम मेडिकल कालेज के पास संदिग्ध अवस्था में अचेत पड़ा हुआ था। अचेत अवस्था में युवक को देखकर वहां हड़कंप मच गया।

लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जानकारी लेते हुए घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## जुआ खेलते दो लोगों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | उरई**

फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज सुशील पाराशर को मुखबिर से सूचना मिली थी मोहल्ला बघोरा में एक खाली प्लाट में हार जीत की बाजी लगाई जा रही है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सोबरन सिंह पुत्र संतराम निवासी चुर्खी बाईपास और 9 नफर लोगों को 40370 रुपये और एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए सभी जुआरियों के खिलाफ जी एक्ट की कार्रवाई की।

## अलग-अलग स्थानों से सट्टा लगाते दो युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

नगर से पुलिस ने दो युवकों को अलग-अलग स्थानों से सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर, जेल भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के एमएसवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड से एकांत में सट्टा पर्ची के माध्यम से हारजीत की बाजी लगा रहे आरोपी युवक आशुतोष कुमार निवासी मोहल्ला हैदरीपुरा को 22 सौ रुपए नकदी समेत उपनिरीक्षक चेतराम बुंदेला ने गिरफ्तार कर, चालान कर दिया। इसी प्रकार कस्बे के सार्वजनिक स्थान में सट्टा खेलने के आरोप में सब इंस्पेक्टर विशाल भड़ाना की टीम ने आरोपी युवक पवन शर्मा निवासी मोहल्ला राजेपुरा को दो हजार नगद तथा सट्टा पर्ची समेत गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों खिलाफ जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर, चालान कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

### पति समेत दो ससुरालीजनों ने महिला के साथ किया उत्पीड़न, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी दीक्षा पत्नी विकास दीक्षित निवासी मोहल्ला इंदिरा नगर उरई ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति विकास चतुर्वेदी पुत्र राज नारायण चतुर्वेदी निवासी करमपुर थाना व जनपद औरैया और 2 नफर ससुरालजनों ने मिलकर उससे अतिरिक्त दहेज की मांग की। इतना ही नही उसको मोबाइल फोन से जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

### जानवरों से भरी पिकअप को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गोहन थाना के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र नाथ यादव ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि मोहम्मद वहीद खां पुत्र निसार अहमद निवासी सरावन थाना गोहन और 2 नफर लोग पिकअप में कुल 37 पड़वा व पड़िया लादकर ले जा रहे थे। उनको जब इसकी जानकारी हुई। तो उन्होंने थाना क्षेत्र के राजपुरा के पास से पिकअप को पकड़ लिया और पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उनको जेल भेज दिया।

### धोखाधड़ी कर रुपए हड़पे रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनासी निवासी गोविंद पुत्र लालाराम ने शहर कोतवाली उरई में तहरीर देते हुए बताया कि अनवर खां पुत्र वसीम अहमद निवासी मेडिकल कॉलेज के पास पटेल नगर उरई और चार नफर लोगों ने मिलकर उसके ग्राम अजनारा में आवास आवंटन करने में धोखाधड़ी करके रू.100000 हड़प लिए जब वापस मांगने गया तो उसको जान से मारने की धमकी देने लगे इस पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात।

### विवाहिता के साथ मारपीट, मुकदमा हुआ दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** शादी के बाद पैसे की मांग पूरी ना होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को जमकर मारा पीटा और उसके मायके के पास छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पीड़िता को उपचार के लिए रामनगर सीएचसी में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया है। थाना रामनगर के अमोली कला गांव निवासी उदल पुत्र रामआसरे ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने अपनी पुत्री मुनि की शादी 4 साल पहले थाना फतेहपुर के सिहाली गांव निवासी अखिलेश कुमार पुत्र धीरज के साथ की थी। जिसके बाद से ही अखिलेश व उसके पिता धीरज व मां के द्वारा दहेज में मोटरसाइकिल अंगूठी आदि सामान मांगा जा रहा था। 23 जून की शाम इन लोगों ने मोनी को बेरहमी से मारा पीटा। और उसे मरा हुआ समझकर अमोली गांव के बाहर छोड़कर भाग गए। जिसे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे पिता ने उपचार के लिए रामनगर सीएचसी में भर्ती कराया। फिलहाल मामले में फतेहपुर पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### आम प्रदर्शनी में आई 165 किस्म की प्रजातियां

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** विगत वर्षों की भांति इस बार भी रविवार को शहर के मुगल दरबार में स्वर्गीय राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा आम प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान 165 से अधिक आम की प्रजातियां बागवानों द्वारा प्रदर्शनी में लगाई गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से गांधीवादी विचारक पंडित राजनाथ शर्मा सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

### कॉलेज में पाइप में उतरे करंट से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** शहर कोतवाली क्षेत्र में लखपेड़ाबाग मोहल्ले में स्थित रामसेवक यादव स्मारक इंटर कॉलेज में शनिवार को विद्यालय में काम करने वाले युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सतरिख थाना क्षेत्र के सरैंया गांव निवासी अशोक यादव (45) कॉलेज की सतरिख शाखा में काम करता था। शनिवार को वह लखपेड़ाबाग स्थित कॉलेज की मुख्य ब्रांच में आया था। गेट के पास जैसे ही अशोक ने टिनशेड का पाइप पकड़ा, तभी करंट की चपेट में आ गया। आननफानन बिजली काटी गई, लेकिन तब तक अशोक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कड़ी सुरक्षा में अंतिम संस्कार, चार आरोपियों को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/कोठी (बाराबंकी)।** थाना क्षेत्र के बुधनई गांव में परती की जमीन पर कब्जेदारी व घूर को लेकर हुए खूनी संघर्ष में मृत वृद्ध रामसिंह का शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पिता-पुत्री समेत चार लोगों को जेल भेजते हुए दो लाठियां व खून से सनी शर्ट बरामद की है। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात है। कोठी थाना क्षेत्र के बुधनई गांव में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर शुक्रवार सुबह दो चचेरे भाइयों के परिजनों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई थी, जिसमें घायल रामसिंह (62) की मौत हो गई थी, जबकि अन्य नौ लोग घायल हुए थे। शुक्रवार शाम शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। शनिवार को रामसिंह के पुत्र गुलशन के गुजरात प्रांत से लौटने पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, पुलिस ने आरोपी दूलन, उसकी पुत्री सरोजिनी, भतीजे लालजी व भाई जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक विवेक सुब्बा चौहान ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### घर से निकले व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद

**जन एक्सप्रेस/मसौली-बाराबंकी।** थाना सफदरगंज अंतर्गत तीन दिन पूर्व बिना कुछ बताए घर से निकले 65 वर्षीय वृद्ध का शव गांव के खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम सोहरा बाद मजरे पहरी में रविवार की दोपहर खेत को गए ग्रामीणों ने देखा कि राम नरेश रावत के खेत में एक क्षत-विक्षत शव पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया। जिसमें पता चला कि मृतक ग्राम कुड़ी निवासी रामविलास गौतम है। उसके पिता का नाम नवमी लाल गौतम है। मृतक के पुत्र रामविलास गौतम ने पुलिस से बताया कि पिताजी काफी समय से मानसिक रूप से बीमार थे जो अक्सर बिना बताए घर से निकल जाते थे। गुरुवार को दोपहर 3 बजे झोलालेकर निकले थे। जिनका शव यहां बरामद हुआ है। पुलिस सहित ग्रामीणों को आशंका है कि मृतक के शव को जंगली जानवरों ने क्षत-विक्षत किया है।

### धूमधाम से मनाया गया 'एनएमओ' का स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाईजेशन 'एनएमओ' की बाराबंकी शाखा का स्थापना दिवस रविवार को जिला कॉपरेटिव बैंक के सभागार में बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सीएमओ डॉक्टर अवधेश यादव वह विशिष्ट अतिथि किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ के पूर्व उपकुलपति सहित तमाम चिकित्सक उपस्थित रहे।सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह-संपर्क प्रमुख मनोज जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिसके बाद बारी-बारी उद्बोधन कर कार्यक्रम में शामिल लोगों ने अपने-अपने ओजस्वी विचारों को रखा।

### देवा पुलिस ने तीन लुटेरों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस ने रविवार को तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास लूटा हुआ मोबाइल फोन व 3900 रुपए नगद सहित तमंचा व कारतूस बरामद की है। पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपी कर्मवीर पुत्र राजेंद्र प्रसाद, त्रिभुवन रावत पुत्र चंद्रिका रावत व राज कपूर पुत्र ठाकुर प्रसाद बबुरी गांव के रहने वाले है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वह बाराबंकी सहित आसपास के जनपदों में लूट करने का एक गैंग चलाते थे। जिसमें लूटे गए रुपयों व सामग्री को आपस में बांट लेते थे। आरोपियों के पास जो मोबाइल फोन व रुपए बरामद हुए है। वह उन्होंने देवा के मित्तई पुल के पास बबुरी गांव शराब ठेके से दो अलग-अलग व्यक्तियों से छीने थे।

### गायत्री शक्तिपीठ पर होगा गुरु-पूर्णिमा का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** आगामी तीन जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मौके पर गायत्री शक्ति पीठ रामनगर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, नाना प्रकार के संस्कार सहित शाम को भव्य दीपयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में मंदिर के परिवाजक राजेश कुमार मिश्रा व मंदिर के कार्यों में विशेष रूचि रखने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संजय तिवारी ने बताया कि आगामी 2 जुलाई दिन रविवार को प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक सामूहिक जप होगा। साथ ही 3 जुलाई दिन सोमवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। इसके बाद संस्कार कराए जाएंगे व शाम 6 बजे से मंदिर में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए दोपहर में भंडारा प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने दो आवश्यक बैठकों में दिए दिशा निर्देश

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

शहर के पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने चौकी प्रभारी, हेड मोहर्रिर, कांस्टेबल मोहर्रिर सहित पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिर के साथ आवश्यक गोष्ठी का आयोजन कर संबंधित मातहतों को दिशा निर्देश दिए। चौकी प्रभारी सहित अन्य के साथ हुई गोष्ठी में विवाद रजिस्टर से जुड़े मामलों को नियम से रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने भूमि विवाद मामलों में प्राथमिकता के आधार पर राजस्व टीम के साथ समस्या को निस्तारण करने के निर्देश दिए। पैरोकार सहित कोर्ट मुहर्रम के साथ हुई बैठक में एसपी ने निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित वादों एवं पोक्सो एक्ट से समस्त अभियोग तथा अन्य जघन्य अपराधों को चिन्हित कर ट्रायल पूर्ण किया जाए। साथ ही इनके आरोपियों को सजा दिलाने व इनके जमानतदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जाने के निर्देश दिए।

# 25 लाख कीमत के एक सौ एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद

## सर्विलांस व स्वाट टीम ने की बरामदगी, एएसपी नगर ने लोगों को लौटाया मोबाइल सेट, खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**



जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आम नागरिकों की ओर से महंगे मोबाइल सेट गुम होने या फिर चोरी होने की शिकायतें दर्ज कराना आम हैं। इन शिकायतों के मिलने के बाद पुलिस मोबाइल सेट की तलाश के लिए सर्विलांस और स्वाट टीम का सहारा लेती है। इन दोनों टीमों ने मिलकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए एक सौ महंगे मोबाइल सेट बरामद किए। इनकी कीमत करीब ?25 लाख बताई जाती है। जिसके बाद सभी थानों के शिकायत कर्ताओं को सूचना दी गई और पुलिस लाइन में एएसपी नगर कुंवर ज्ञानजन सिंह ने लोगों को उनके फोन वापस किए। फोन पाने के बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

जिले में नागरिकों के महंगे मोबाइल फोन या तो चोरों के हाथ लग जाते हैं या फिर गलती से लोगों का मोबाइल फोन गुम हो जाता है। ऐसी घटनाएं आए दिन घटती हैं। जिससे परेशान लोग तहरीर देकर संबंधित थानों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराते हैं। पुलिस मामलों को दर्ज करने के बाद मोबाइल सेट की तलाश में जुट जाती है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा ने सभी थानों के प्रभारी निरीक्षकों सर्विलांस सेल और स्वाट टीम को गुम मोबाइल की आ रही शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद दोनों टीमों ने विभिन्न लोगों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए ईएमआई नंबर के आधार पर छानबीन शुरू की। टीमों को सफलता भी मिली एक-एक कर एक सौ महंगी मोबाइल सेट विभिन्न लोगों के पास से बरामद कर लिया। मोबाइल सेट बरामद होने की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। एसपी के निर्देश पर सभी थानों में शिकायत दर्ज कराने वाले लोगों को सूचना दी गई और यह बताया गया कि वह अपनी शिकायत पत्र लेकर रविवार को 12 पुलिस लाइन पहुंचे। पुलिस लाइन में रविवार की सुबह अपर पुलिस अधीक्षक नगर बहराइच द्वारा सर्विलांस सेल के माध्यम से बरामद किए गए 100 मोबाइल फोन संबंधित शिकायतकर्ता को वितरित किए गए। अपने महंगे मोबाइल फोन पाने के बाद शिकायत कर्ताओं के चेहरे खिल उठे। मोबाइल फोन पाकर शिकायतकर्ता व्यक्तियों की ओर से पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया गया।

## दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवर व नगदी

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** थाना क्षेत्र कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ौनी में बीती रात चोरों ने घर के पीछे की दीवार फांद का घर में घुसकर लाखों के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमान पुत्र राम अवतार अपने घर का दरवाजा बंद करके बरामदे में सो गए थे।कि बीती रात चोरों ने घर की पीछे से दीवार पर चढ़कर घर में घुसकर घर में रखे रू.4000 नगद सोने की झुमकी, पायल, हार, मटर माला, बिछिया, अंगूठी, करधनी, चाबी का गुच्छा, समेत लाखों का सामान पार कर दिया। यही नहीं पास दूसरे कमरे में सो रही उसकी बहू जो पैर में पायल पहने हुए सो रही थी। उसको पैर से निकाल ले गए।तथा पास रखे तथा टच मोबाइल भी लेकर फरार हो गए।सुबह जब उसकी बहू ने पीछे का दरवाजा खुला देखा तो सन्न रह गई। और आनन-फानन में आप-बीती अपने सास ससुर से बताई। परिजनों ने घर का सारा सामान देखा तो घर में रखे बक्सा और नगदी गायब मिला। घर के बाहर बक्से में सारा सामान बिखरा पड़ा देखा तो सन्न रह गए।

## फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**



रविवार को यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन शाखा बहराइच/बाराबंकी ने राज्य मंत्री सतीश शर्मा (खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उप्र) को प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा के नेतृत्व में फार्मासिस्ट अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मांगे शीघ्र पूरी न होने पर आंदोलन की बात कही।

फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन में कहा है कि भारत सरकार ने फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन एक्ट-2015 को लागू करने की आज्ञा दी है। जिसके सापेक्ष 4 राज्यों दिल्ली, केरल, कर्नाटक व बिहार में यह एक्ट लागू भी हो गया। उत्तर प्रदेश में भी फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन एक्ट-2015 को सख्ती के साथ लागू किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उड़ीसा राज्य की भांति उत्तर प्रदेश में भी माइनर एलिमेंट्स पर फार्मासिस्ट को कुछ दवाओं को लिखने का अधिकार दिया जाए।

प्रदेश में लगभग एक लाख फार्मासिस्ट अपनी स्वयं की फार्मेसी चला कर जन सेवा कर रहे हैं। लेकिन फार्मासिस्ट की सुरक्षा के लिए कोई भी एक्ट नहीं है। जिससे वे फार्मासिस्ट अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। ज्ञापन सौंपने के समय संगठन के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, अयोध्या मंडल महासचिव शिवम कौशल, मंडल उपाध्यक्ष संदीप वर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी विमल गुप्ता, बाराबंकी जिला अध्यक्ष पवन कुमार, जिला महासचिव सुधाकर सिंह, मोहम्मद अजीज, आदित्य गुप्ता, प्रशांत सिंह, मुशीर अहमद, सुशील,शुभम तिवारी, विष्णु गोस्वामी, आलोक गुप्ता, अनंतराम, अंकित गुप्ता, त्रिवेश, आशीष प्रताप सिंह,उत्तम सिंह, अमित यादव, अमरनाथ, मोहम्मद कैफ एवं आशीष तिवारी सहित बहराइच शाखा से जिलाध्यक्ष नवीन वर्मा, उपाध्यक्ष सरफराज अहमद, जिलाध्यक्ष आई.टी अस्मित रस्तोगी आदि फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## अयोध्या का अंतर्राष्ट्रीय मानक के मुताबिक हो रहा विकास



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

रामनगरी दौरे पर पहुंची अपर पुलिस महानिदेशक यातायात अनुपमा कुलश्रेष्ठ रविवार को दर्शन पूजन और भ्रमण के दौरान मीडिया से मुखातिब हुई। उन्होंने कहा कि अयोध्या का अंतर्राष्ट्रीय मानक के मुताबिक विकास हो रहा है। जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण चल रहा है और गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने के बाद देश विदेश से भारी भीड़ आएगी। पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रैफिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी तथा अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसके लिए पुख्ता योजना का खाका तैयार किया जा रहा है।

एडीजी ने कहा कि जनवरी 2024 में राम मंदिर का लोकार्पण प्रस्तावित है। मंदिर निर्माण के दौरान दिन-प्रतिदिन अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद इसमें काफी इजाफा होने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई दिक्कत न हो, उसके अनुसार यातायात योजना तैयार कराई जा रही है। अयोध्या के इर्द गिर्द रिंग रोड, विभिन्न परिक्रमा मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है, इसको भी योजना में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के साथ बैठककर यातायात व्यवस्था और भावी योजना पर विचार विमर्श किया है।

## 22 वर्षीय पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**✻ पीड़ित परिवार से मिला बसपा प्रतिनिधिमंडल**

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



थाना महाराजगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर बैहारी के मजरा मठिया सरैया नाउका पुरवा निवासी दुखीराम की 22 वर्षीय पुत्री पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की घटना को सुनकर बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मृतका के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में श्मशान घाट दिलासीगंज में शामिल हुआ। मृतका के घर जाकर उनकी विधवा माता एवं आस-पड़ोस के लोगों से घटना की जानकारी लिया घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ ही परिजनों को रू.50लाख की आर्थिक सहायता की मांग किया है।

बसपा प्रतिनिधि मंडल में बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी दिलीप कुमार विमल बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी मंडल जोन इंचार्ज वीरेंद्र कुमार गौतम विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के अध्यक्ष रविंद्र भारती सुभाष मौर्य ग्राम प्रधान बंसीधर बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष मनोरम वीरेंद्र कुमार पिंटू संदीप कुमार विनोद कुमार मैनकुमार रामकरण मतिमंद राम यज्ञ राव फिरोज अहमद राम नयन भारती मंसाराम अरविंद कुमार रंजीत कुमार अभिषेक जाटों राजमणि मायाराम डॉ जनार्दन रामलाल मनोज पाल मोहम्मद अली शालिग्राम विश्वनाथ कुमार राजेश कुमार कन्हैयालाल मान बहादुर अरविंद कुमार मोहम्मद सफीक सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोग थे। बसपा नेता दिलीप कुमार विमल ने कहा है कि पूजा की हत्या करके आत्महत्या का रूप दिया गया है परिजन के अनुसार गांव के ही एक नवयुवक द्वारा काफी दिनों से उसे परेशान किया जा रहा है जबरन उसके ऊपर शादी अन्यत्र जगह न करने का दबाव बनाया जा रहा है था यही नहीं 23 जून की शाम को युवक द्वारा घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करना एवं उसके हाथ में कई जगह दांत काटकर उसको मानसिक उत्पीड़ित करने का कार्य किया गया था जिसकी शिकायत मृतका की मां ने नवयुग के पिता से जाकर किया था फिर भी उसकी आदत में कोई सुधार नहीं था। लेकिन स्थानीय थाना हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके आत्महत्या की रिपोर्ट दर्ज किया है हत्या में एक व्यक्ति नहीं होगा कई अन्य लोग शामिल होंगे यदि पीड़िता का मोबाइल एवं नवयुवक कि मोबाइल को पुलिस छानबीन करे तो घटना में शामिल लोगों का नाम सामने आ सकता है उन्होंने कहा कि 2 दिन के अंदर यदि मुलजिम गिरफ्तार होकर जेल ना भेजे गए तो बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करेगा।

## भरतकुंड महोत्सव के रजत जयंती वर्ष का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

महायोगीराज भरत जी की तपोस्थली पर भरतकुंड महोत्सव के रजत जयंती वर्ष का भव्य आयोजन नवम्बर में किया जाएगा। तैयारियों के सन्दर्भ में कोर कमेटी की बैठक में अध्यक्ष डा अंजनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस रजत जयंती वर्ष की थीम नारी सशक्तिकरण पर आधारित होगी, जो कि माता मांडवी जी को समर्पित होगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष आयोजन राष्ट्रीय पर किया जाएगा जिसमें देश भर के कलाकार अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे। सचिव अम्बरीश पाण्डेय ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि इस वर्ष महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाओं की प्रस्तुती एवं उनका विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में महोत्सव कार्यक्रम स्थल निर्धारण, विभिन्न नए कार्यक्रमों जैसे कठघोड़वा, कठपुतली नृत्य, विशाल गरबा नृत्य, कलश व शोभा यात्रा, श्री राम भरत मिलाप यात्रा कुछ विशेष सम्मान योजना की रणनीति, भित्ति चित्रण वर्कशाप, भजन संध्या, दुर्दुरिया, खेल महोत्सव, भंडारा, भरतकुंड अवार्ड शो, भरतकुंड लोककला अवॉर्ड शो, विभिन्न कलाकारों द्वारा भव्य प्रस्तुति आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है: गुलाबो देवी



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी का सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। सर्किट हाउस में माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने सांसद लल्लू सिंह से जिले की शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण करने तथा विद्यार्थियों की अपेक्षाओं की पूर्ति को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं जनपद में महाजनसम्पर्क अभियान को लेकर भी वार्ता हुई।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबों देवी ने कहा कि बीते 9 वर्षो में देश का अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर अभूतपूर्व कार्य हुए है। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। महाजनसम्पर्क अभियान में लोकसभा क्षेत्र की जनता से सम्पर्क व संवाद के जरीये सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देना है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि गरीबों, मजदूरों व किसानों के चेहरो पर खुशी का भाव लाना सरकार की प्राथमिकताओं में रहा है। सरकार की योजनाएं गरीबों के प्रति समर्पित है। गरीबों को आवास, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। भाजपा नेता आकाशमणि त्रिपाठी ने रामनामी पहनाकर माध्यमिक शिक्षा मंत्री का स्वागत किया। इसके उपरान्त माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने श्रीरामजन्मभूमि व कनक भवन में दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, राजेश सिंह उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने केंद्र सरकार के 9 साल पूरा होने पर गिनाई उपलब्धियां

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

केंद्र सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान में मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां गिनाई गई। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की अहम योजनाओ और कार्यक्रमों की जानकारी दी। महाराजगंज कस्बा में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर हुकुम सिंह व मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा के अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा नेता शिव प्रसाद यादव के साथ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर-घर संपर्क किए। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा की पिछले 9 वर्षों में केंद्र सरकार ने देश का मान बढ़ाया है। समाज के नेतृत्व वर्ग का सहयोग और समर्थन मजबूती के साथ भाजपा के साथ बना हुआ है। प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक प्रयास से भारत सशक्त हुआ है। भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मिस कॉल करके महा जनसंपर्क अभियान में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर हुकुम सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के अगुवाई में अंतिम पंक्ति में बैठा हुआ व्यक्ति भी बिना भेदभाव के सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पा रहा है। घर-घर संपर्क अभियान अवसर पर माता प्रसाद दुबे डॉ मनीष सिंह लोकेश सिंह मोनू राकेश खन्ना शैलेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जनता नरेंद्र मोदी को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को तैयार: संदीप उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता डोर टू डोर महा जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र सरकार के 9 वर्ष में किए गए जन कल्याणकारी कार्यो और योजनाओं की जानकारी दे रहे है। रविवार को भाजपा सह मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान कई गांव में डोर टू डोर चलाया गया।

जानकारी के अनुसार 25 जून को केन्द्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत चलाए जा रहे घर घर जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी बलरामपुर के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता बूथों पर जाकर संपर्क कर रहे हैं और पत्रक वितरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। युवा भाजपा नेता पार्टी के सह मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय ने घर घर जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत लोकसभा 58 क्षेत्र श्रावस्ती के विधानसभा बलरामपुर में ग्राम बासेंडीला और मधवाजोत में घर घर जाकर लोगों से संपर्क किया और 2024 में पुनः केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का सभी से अनुरोध किया। संदीप उपाध्याय ने बताया कि जनता नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है। उन्होंने गांव गरीब के कल्याणार्थ कार्य किया इसके साथ ही राष्ट्र के समग्र विकास पर कार्य किया भारत आज अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने की तरफ अग्रसर है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक अवधेश सोनकर, उमाशंकर, शिवाजी मिश्रा, अशोक जायसवाल सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आवर समय माता मंदिर पर संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**✻ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान आयोजित है श्रीराम कथा**

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में आवर समय माता मंदिर पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत शनिवार की शाम विधि विधान के साथ वैदिक रीति रिवाज से पूजन अर्जन के उपरांत संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ देवीपाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह व मुख्य यजमान यशोवर्धन सिंह द्वारा व्यासपीठ का पूजन अर्चन करके कराया गया।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर के पैगापुर में स्थित प्राचीन आवर समय माता मंदिर पर देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत योगी मिथलेश नाथ, नगर पालिका बलरामपुर के चेयरमैन डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व मुख्य यजमान डॉक्टर यशोवर्धन सिंह ने व्यासपीठ का पूजन कर कथा आरंभ कराया। श्रोताओं को संबोधित करते हुए प्रेम मूर्ति युवा संत सर्वेश जी महाराज नया घाट वशिष्ठ भवन श्री अयोध्या धाम ने प्रथम दिवस प्रवचन में कहा कि श्रीरामचरितमानस समाज का दर्पण है। उन्होंने कहा कि जैसे कोई दर्पण में देखकर अपने चेहरे को ठीक करता है उसी तरह से मानस में उतर कर के चरित्र और चित्र को ठीक कर सकता है। दुख का दार्शनिक अर्थ है सुख की पूर्व सूचना। **बिनु सत्संग विवेक न होई राम कृपा बिनु सुलभ न सोई** जब तक सत्संग नहीं होगा तब तक विवेक नहीं होगा विवेक की बात गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस में की है। आध्यात्मिक चेतना और विवेक तभी जागृत होगा जब जीवन में सत्संग होगा । सत्संग का अर्थ होता है अच्छे का शत-प्रतिशत स्पेशल यथार्थ की चर्चा हो वही सत्संग, लेकिन जब प्रभु की कृपा होगी तभी पहुंचना होगा। सत्संग कथा में सभी नहीं पहुंच सकते जो पहुंच जाए वह अपने आप को भाग्यशाली समझे। तुलसी बाबा लिखते हैं **आवत यही सर अति कठिनाई,** राम जी की कृपा होगी तभी कथा मे आना संभव है। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख संघ प्रवीण सिंह विक्की, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह बैस, चिकित्सा अधीक्षक सुमंत सिंह चौहान, एमडी यादव प्रधान पैगापुर, स्वाति तिवारी, सुखराज यादव प्रधान गैडहवा, रंगीलाल यादव, राम कुमार गुप्ता, निरीक्षक किसलय मिश्रा, निलोफर बानो, पुजारी अनिल नाथ योगी आवर मंदिर, गौरव मिश्रा, शिवम मिश्रा, छेदी राम बीडीसी, विशाल शुक्ला खजुरिया, स्वामी दयाल गुप्ता पूर्व प्रधान देवीपाटन सहित बड़ी संख्या मे श्रोता मौजूद रहे।

**सांसद ने नई रेल लाइन निर्माण तथा स्टेशनों की समस्याओं की मांग भी उठाई**

# नई ट्रेनों का संचालन तथा ठहराव को लेकर सांसद ने रेल महाप्रबंधक को सौंपा मांग पत्र

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर श्रावस्ती से सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने लखनऊ के रेल भवन में आयोजित रेलवे बोर्ड की बैठक मे बलरामपुर व श्रावस्ती मे रेलवे विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर 11 सूत्री मांग पत्र दिया है। मांग पत्र में बलरामपुर एवं श्रावस्ती में गाड़ी ठहराव, रेलवे स्टेशनों पर जाने के मार्ग का निर्माण ओवरब्रिज का निर्माण, नई गाड़ियों का संचालन एवं नई रेल लाइन खलीलाबाद, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, श्रावस्ती तथा बहराइच का कार्य शुरू कराने की मांग शामिल है। पत्र में मांगों को जनहित में तत्काल पूरा किए जाने का अनुरोध किया गया है सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने 25 जून को जानकारी दी गई है कि उन्होंने रेलवे बोर्ड की बैठक में श्रावस्ती व बलरामपुर जिले से जुड़ी रेलवे की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र महा प्रबंधक को सौंपा है। मांग पत्र में रेल



गाड़ी संख्या 15081 गोरखपुर गोमती नगर अप व 15082 डाउन गोमतीनगर गोरखपुर गाड़ी का ठहराव पचपेड़वा व कौवापुर स्टेशन पर कराया जाए। रेल गाड़ी संख्या 15069 इंटरसिटी गोरखपुर एसबाग व 15070 डाउन ऐशबाग गोरखपुर गाड़ी का ठहराव झारखंडी, कौवापुर झारखंडी स्टेशनों पर किया जाए। रेल गाड़ी संख्या 12571 हमसफर गोरखपुर आनंद विहार अप, व 12572 डाउन हमसफर आनंद विहार गोरखपुर एक्सप्रेस का ठहराव तुलसीपुर स्टेशन पर किया जाए। रेलवे स्टेशन पचपेड़वा, गैसड़ी व कौवापुर जाने वाला मार्ग अत्यंत खराब तथा युक्त हो गया है जिसे तत्काल ठीक करा जाए। झारखंडी रेलवे फाटक एनएसच 730 बौद्ध परिपथ पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए ।कोरोना काल से बंद गाड़ी पैसेंजर ट्रेन नकहा जंगल से लखनऊ अप व डाउन का संचालन जनहित में शुरू कराया जाए। एक नई गाड़ी का संचालन गोरखपुर बलरामपुर गोंडा लखनऊ होते हुए माता वैष्णो देवी कटरा अप व डाउन का संचालन कराया जाए। एक नई गाड़ी का संचालन गोरखपुर बलरामपुर गोंडा लखनऊ होते हुए हरिद्वार देहरादून अप व डाउन गाड़ी का संचालन कराया जाए। खलीलाबाद, बलरामपुर, श्रावस्ती बहराइच रेल लाइन के कार्य प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए और जल्द से जल्द कार्य शुरू कराया जाए। भंवरिया क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण कार्य कराया जाए तथा रेलवे स्टेशन झारखंडी कौवापुर व पचपेड़वा पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए।

# कुतबे पीलीभीत हुजूर शाहजी मोहम्मद शेर मियां के कुल शरीफ में उमड़ा जनसैलाब

जन एक्सप्रेस । डॉ इसरार अहमद



**पीलीभीत।** कुतबे पीलीभीत हुजूर शाहजी मोहम्मद शेर मियां के कुल शरीफ में उमड़ा जनसैलाब बताते चलें सय्यदना ताज उल फ़ुक़रा कुतबुल अक़्ताब गौस उल अग्वास् हुज़ूर हाजी शाहजी मोहम्मद शेर मियाँ क़ादरी नक़्शबंदी मुजद्दीदी कुतबे पीलीभीत रहमतुल्लाहे अलैह का 120 वॉ सालाना उर्से मुबारक तमाम देश वासियों को बहुत-बहुत मुबारक हो। हुज़ूर शाहजी मोहम्मद शेर मियाँ कुतबे पीलीभीत रहमतुल्लाहे अलैह बड़े ही कामिल सूफ़िये व सफ़ा और अल्लाह के मुकद्दस वली हैं। आपकी नजरे इनायत से लाखों भटके हुए लोगों ने राहे हिदायत पाई और इस्लाम व ईमान की दौलत से सरफराज हुए, हुज़ूर शाहजी मोहम्मद शेर मियाँ बहुत नरम मिज़ाज और आला दर्जे के अल्लाह वालों में से हैं। आपको अल्लाह ताला ने इल्मे लदुन्नी की दौलत से ऐसा नवाज़ा के बड़े-बड़े अपने वक्त के आलिम , मुफ्ती , मुहद्दिस आपके फैज व बरकात से मालामाल हुए, आपको इल्मे शरीयत में कामिल ऊबूर हासिल था, आपने अपनी पूरी जिंदगी हलाल कमाने और हलाल खाने में गुजारी और अपनी वालिदा की खिदमत में गुजारी, जिनकी दुआओं से आपको रूहानियत में आला मकाम व मार्तबे से नवाजा गया। हुज़ूर शाहजी मोहम्मद् शेर मियाँ की विलादत् 2/ अप्रैल 1805/ई% को पीलीभीत शहर के मोहल्ला मुनीर खाँ में हज़रत मोहब्बत शेर खाँ रहमतुल्लाहे अलैह के दौलत खाने पर हुई, आपके वालिदे माजिद इंतेहाई मुत्तक़ी व परहेज़गार इंसान थे। आपकी वालिदा माजिदा का नाम नूर जहाँ बेगम था, जो साहिबे करामत वलिय्या थीं। और हुज़ूर शाहजी मोहम्मद् शेर मियाँ के मज़ार के बराबर में उनका मज़ार है, इसी ख़ानक़ाह में आपके वालिदे माजिद की भी क़ब्र है, मगर उपर उसका निशान नहीं है। आपको खिलाफत व इजाजत अपने पीर व मुर्शिद हुज़ूर कुतबुल औलिया सय्यदना अहमद अली शाह मियाँ रहमतुल्लाहे अलैह से हासिल है।जिनका मज़ारे मुबारक भटपुरा शरीफ, जिला रामपुर शरीफ में है उनका उर्से पाक अगले महीने यानी मोहर्रम की 11,12,13 तारीख को होता है। वहाँ के सज्जादानशीन नकीबुल असफिया हज़रत सूफ़ी शाह अब्दुल अज़ीज़ मियाँ क़ादरी नक़्शबंदी मुजद्दीदी हैं। हुज़ूर शाहजी मियाँ ने अपनी जिंदगी का अक्सर हिस्सा अपने शेख कामिल की मोहब्बत व खिदमत में गुज़ारा आप अपने पीर व मुर्शिद के दरबार भटपुरा शरीफ रोजाना पैदल जाकर हाजरी दिया करते थे, और बे इंतेहा खिदमत अंजाम देते , अपने पीर व मुर्शिद की नजरे इनायत से और वालिदा माजिदा की दुआओं से हुज़ूर हाजी शाहजी मोहम्मद शेर मियाँ की विलायत का शोहरा पूरे आलमे इंसानियत में है।और इन शा अल्लाह क़ियामत् तक जारी रहेगा। 5/ जुल्हिज्ज 1324/ हिजरी को आपने इस दुनिया से पर्दा फरमाया और पीलीभीत शरीफ़ के मोहल्ला शेर मोहम्मद में आपका मज़ारे मुक़द्दस है। आपके जनाज़े की नमाज़ हज़रत अल्लामा मौलवी सलामत उल्ला साहब क़ादरी नक़्शबंदी मुजद्दीदी रामपुरी रहमतुल्लाहे अलैह ने पढ़ाई, जिनके पीर व मुर्शिद हज़रत अल्लामा मौलवी इरशाद हुसैन साहब क़ादरी नक़्शबंदी मुजद्दीदी रामपुरी रहमतुल्लाहे अलैह है जो हुज़ूर मुजद्दिद अल्फसानी शैख़ अहमद फारूक़ी सरहिन्दी रहमतुल्लाहे अलैह की औलादो में हैं। अल्लाह पाक अपने करम से इस गुलशन ए शाहजी को खूब तरक़्क़ी दे, आपके फैज व बरकात से तमाम आलमे इंसानियत को मालामाल फरमाए। कुल शरीफ का निजाम अनवर अहमद साहब ने संभाला और शायरों ने हुज़ूर शाहजी मोहम्मद शेर मियां की शान में मनकबत पढ़ी और सज्जादा नशीन हुज़ूर मुन्ने मियां साहब ने दुआ की और पीलीभीत प्रशासन को मुबारकबाद भी दी।

# बेपटरी हुई बिजली सप्लाई को लेकर राज्यमंत्री गम्भीर

* बिजली अफसरो की बैठक बुलाकर बिजली व्यवस्था सुचारू करने के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



भीषण गर्मी में बेपटरी हो रही बिजली सप्लाई की व्यवस्था को लेकर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार बेहद गम्भीर बने हुए है। जनपद के कई प्रतिनिधियों और आमजनों द्वारा उठाये गये बिजली सम्बन्धी मुद्दो को लेकर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने आज बिजली विभाग के अफसरों की अपने आवास पर बुलाई बैठक में बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुचारू किये जाने के कड़े निर्देश दिये साथ ही रि-मेक योजना के तहत विभाग से प्रस्ताव भी मांगे है ताकि मोबाईल ट्रांसफार्मर सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की शासन स्तर से सप्लाई कराई जा सके। मालूम रहे कि भीषण गर्मी के दौरान जनपद में कई स्थानों पर बिजली व्यवस्था यकायक लड़खड़ा गई जिससे आमजनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। खासतौर से शहर के विभिन्न मोहल्लों में बिजली सप्लाई की व्यवस्था इस कदर लड़खड़ाई की कई-कई घण्टों तक बिजली गायब रही जिससे मोहल्ले वासियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। गर्मी देखते हुए राज्यमंत्री श्री गंगवार ने आज बिजली विभाग अफसरों की बैठक बुलाकर उनकी समस्यायें भी सुनी और समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिये ताकि शासन स्तर से आवश्कता अनुसार सप्लाई की व्यवस्था में बाधक बनने वाली समस्याओं को दूर किया जा सकें। बैठक में राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मोबाईल ट्रांसफार्मर की उपलब्धता एवं उसकी संख्या बढ़ायें जाने के निर्देश दिये ताकि आपात काल में बिजली व्यवस्था गड़बड़ाने पर मोबाईल ट्रांसफार्मर को लगाकर बिजली सप्लाई तत्काल नागरिकों को उपलब्ध कराई जा सके। इससे पूर्व ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा, अमरिया ब्लाक प्रमुख निशान सिंह जिला सहकारी बैक के उपसभापति पूरनलाल सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने बिजली सप्लाई की गड़बड़ाई व्यवस्था को बेहतर कराये जाने की मांग राज्यमंत्री श्री गंगवार से की।

# शेरपुरकलां में फर्जी पेमेंट से सरकारी धन ठिकाने लगाया, जांच हो तो खुलेगी पोल

* ग्राम पंचायत सचिव के निजी कर्मचारी ने अपने चहेतों को बांटी सरकारी धनराशि
* सफाई, सेनेटाइजेशन, फागिंग व हैंडपंप मरम्मत आदि के नाम पर भी गोलमाल का आरोप

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर/पीलीभीत

अल्पसंख्यक बाहुल्य ग्राम पंचायत शेरपुरकलां में प्रधान की बीमारी का फायदा उठाकर ग्राम पंचायत सचिव के निजी कर्मचारी ने प्रधानपति व उनके रिश्तेदारों से सांठ गांठ कर पुरानी आईडी पर बड़े पैमाने पर फर्जी पेमेंट कर डाले। सरकार धन के दुरपयोग की पोल खोलते हुए सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल किया गया लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मिलीभगत के चलते ध्यान नहीं दिया। जांच कराने की जहमत नहीं उठाई और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। बताते हैं कि ग्राम पंचायत में माह अप्रैल, मई और जून में किए गए पेमेंट की सही से जांच हो तो कईयों की गर्दन फंसना तय हैं। पूरनपुर विकासखंड की अधिकांश ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में सरकारी धन का सदुपयोग की बजाए जमकर दुरपयोग किया जा रहा है। साफ-सफाई, फागिंग, हैंडपंप मरम्मत, नाली-खडंजा निर्माण आदि के नाम पर बड़े पैमाने पर सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। शेरपुरकलां ग्राम पंचायत में भी कुछ ऐसा ही चल रहा है। बताते हैं कि पंचायत में महिला प्रधान हैं। कुछ दिन पहले उनकी तबियत खराब हो गई। उनको दिल्ली के एक अस्पताल में एडमिट कराया गया। प्रधान के बीमार होने का फायदा उठाते हुए ग्राम पंचायत सचिव के प्राइवेट तौर पर नियुक्त कर्मचारी ने लाखों रुपए का गोलमाल कर दिया। सचिव, प्रधानपति व उनके रिश्तेदारों और अपने चहेतों से सांठगांठ कर माह अप्रैल, मई और जून में पुरानी आईडी पर बड़े पैमाने पर फर्जी पेमेंट लगा डाले। साफ-सफाई, सेनेटाइजेशन, हैंडपंप मरम्मत, रिवोर, फागिंग आदि कार्यों के नाम पर लाखों रुपए के फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराया जबकि जमीनी हकीकत पर कार्यों में सिर्फ खानापूरी की गई। यही नहीं ग्राम पंचायत की निविदाओं और विज्ञापनों के नाम पर भी सरकारी धन का दुरपयोग किया गया। विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरपयोग का मामला करीब सप्ताह भर पहले सोशल मीडिया पर उजागर हुआ। एक व्यक्ति ने सचिव के निजी कर्मचारी की पोल खोलते हुए मैसेज वायरल किया। जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई लेकिन अधिकारियों ने मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। ऐसे में उनपर भी मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं।

### किस माह में कितना लगाया पेमेंट

अप्रैल माह में सफाई कार्य में 48914, 48950 व 48914, प्रशासनिक कार्य में 35000, 59500 व 11200, हैंडपंप मरम्मत में 120000, हैंडपंप रिवोर में 94358, मई माह में सफाई कार्य में 225000, कार्ययोजना फीडिंग में 30000, फागिंग 112985, निविदा में 13500, स्लेप निर्माण में 136000, विज्ञापन 12200 व 4500 और विज्ञापन निविदा में 60530, प्रशासनिक कार्य में 5000 के पेमेंट का बिल लगाया गया। वहीं माह जून में ह्यूम पाइप में 377374, सेनेटाइजेशन फागिंग में 261185 व 112985, विज्ञापन 3500, मिट्टी भराव 12000, सफाई कार्य 5000 व 200500, डीएससी में 5000, कार्य डिटेल के बिना 5000 और ग्राम पंचायत में साफ-सफाई कराने में 18000 हजार रुपए का बिल लगा। बताते हैं कि इन तीन माह में किए गए पेमेंट की उच्च स्तर से जांच हो तो सरकारी धन के दुरपयोग करने वालों को भंडा फूटना तय हैं।

### अक्सर होती है शिकायतें

शेरपुरकलां ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का गोलमाल करने, पात्रों को आवास योजना से वंचित कर अपात्रों को लाभ देने, आवास के नाम पर पात्रों से सुविधा शुल्क वसूलने, साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होने आदि के संबंध में अक्सर शिकायतें भी होती रहती हैं। इन शिकायतों के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में पहुंचने पर जांच तो की जाती है लेकिन खानापूरी कर मामना रफा-दफा कर दिया जाता है।

# राज्यमंत्री ने एनसीसी कक्ष तथा स्मार्ट क्लास का किया लोकार्पण





जन एक्सप्रेस । पूरनपुर/पीलीभीत

* पूरनपुर के गन्ना कालेज में सम्मान समारोह एवं टी शर्ट वितरण का हुआ आयोजन
* कालेज के विकास में उत्कृष्ट सहयोग देने पर प्रवक्ताओं को मिला सम्मान

नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्मान समारोह एवं टी शर्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विकास में उत्कृष्ण सहयोग देने वाले प्रवक्ताओं सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। छात्रों को टी शर्ट बांटी गई। इस मौके पर राज्यमंत्री ने महाविद्यालय में एनसीसी कक्ष व स्मार्ट क्लास का लोकार्पण भी किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, विधायक बाबूराम पासवान आदि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राज्यमंत्री व विधायक ने पीलीभीत के विकास का सपना मिलकर साकार करने की बात कही। इस दौरान राज्यमंत्री ने एनसीसी कक्ष व स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने महाविद्यालय के विकास और छात्रों के हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के निवर्तमान प्रबंधक मोहन सिंह ने राज्यमंत्री से कालेज को अनुदान सूची में ले जाने में सहयोग की अपील की। संस्थापक प्रबंधक लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने महाविद्यालय की स्थापना के इतिहास पर प्रकाश डाला। संस्था के अध्यक्ष एवं जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र ने विकास के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। समारोह में सुवर्णा पांडेय महिला कल्याण अधिकारी, जयश्री सिंह जिला समन्वयक महिला कल्याण विभाग, मृदुला शर्मा मनो सामाजिक परामर्शदाता एवं महाविद्यालय के विकास में अपना उत्कृष्ट सहयोग देने वाले प्रवक्ताओं को राज्यमंत्री के सानिध्य में सम्मानित किया गया। अनुशासन अधिकारी डा.रेखा सिंह ने सभी का आभार जताया। संचालन डा. पिंदर सिंह ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बिजली कटने पर भड़का गुस्सा, पावर हाउस पर जुटी भीड़, रातभर धरना

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

**यमुनानगर।** शहर के पुराने हिस्से में शुक्रवार को हलकी बारिश में ही बिजली गुल हो गई थी। जो शनिवार सुबह छह बजे सुचारू हो सकी। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ रामबाग पावर हाउस पर धरना देती रही। आपूर्ति व्यवस्था ठीक होने के बाद नाराज उपभोक्ताओं क भीड़ वहां से हटी। उपभोक्ताओं का कहना था कि रामबाग पावर हाउस की लापरवाही से मामूली सी बारिश में आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई। शुक्रवार रात नौ बजे से गुल हुई बिजली शनिवार सुबह छह बजे आई। लाइट गुल होने से बहादुरगंज, सुलाकी चौराहा, कोठा पारचा, बाई का बाग, साउथ मलाका, कीडगंज, समेत कई मोहल्लों में पूरी तरह अंधेरा छाया रहा। लोग उमस भरी भीषण गर्मी में पूरी रात बाहर बैठकर बिजली आने का इंतजार करते रहे। इसबीच बड़ी संख्या में नाराज लोगों की भीड़ रामबाग पावर हाउस पर जमा हो गई थी। लोगों ने पावर हाउस अधिकारी और कर्मचारियों को दोषी ठहराते हुए धरना प्रदर्शन करने लगे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए टॉपर, प्रदेश अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



* कुर्मी महासभा के तत्वाधान में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के टॉपर्स विद्यार्थी को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

भागीदारी आंदोलन के जनक समतामूलक समाज के स्वप्न दृष्टा राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर कुर्मी महासभा के तत्वाधान में नगर के एक बैंकट हॉल में आयोजित हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा में श्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम कुर्मी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय कुर्मी महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरीश चंद्र पटेल ने समारोह में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र का गौरव है उनमें असीम प्रतिभाएं छुपी हुई है। उन्हें अपनी मेहनत व लगन से लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। अनुशासन लगन संयम आत्मविश्वास कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी हैं। इसलिए विद्यार्थियों को आलस्य त्याग कर अपने कोर्स की अच्छी तरह से तैयारी करनी चाहिए। वही इस अवसर पर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव दिव्या गंगवार ने कहा कि विद्यार्थियों को छत्रपति शाहूजी महाराज के आदर्शों का अनुसरण कर अपना जीवन सार्थक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा बेटी बेटों से कम नहीं होती है मां-बाप को चाहिए की अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होगा बेटियां भी अपनी पढ़ाई के लिए संघर्ष करती रहे और कोई गलतियां ना करें बिना गलती कोई सताए तो चप्पलों की बरसात करनी होगी तभी बेटियां आगे बढ़कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर पाएंगी। उन्होंने कहा छात्र कामयाबी मिलने के बाद हमेशा अपने समाज को ध्यान में रखें और अपने परिवार का सम्मान करते रहें आज हमारे समाज के छात्र आईएएस पीसीएस बन रहे हैं।जिन पर हमें काफी गर्व हैं। कामयाबी के पीछे गुरुजनों और मां बाप हाथ है। क्योंकि मां-बाप अपने बच्चों को कामयाब बनने का सपना संजोए रहते हैं। और सुबह उठकर अपने बच्चों को पढ़ाई करने की सलाह देते हैं। तभी कामयाबी मिल पाती हैं। वही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता डॉ रत्नेश गंगवार ने कहा कि बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में एक से बढ़कर एक प्रतिभावान विद्यार्थी है। आईएएस परीक्षा से लेकर हाई स्कूल इंटरमीडिएट सहित सभी परीक्षाओं में यहां के विद्यार्थियों ने सफलता पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आज बीसलपुर विधानसभा के छात्र-छात्राएं हर कॉलेज में दिखाई दे रहे हैं। हमारी विधानसभा का छात्र छात्राओं ने नाम रोशन किया हैं। हमें उन पर गर्व है की हमारे क्षेत्र के बच्चे आगे बढ़ा रहे हैं। समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स रहे सौरभ गंगवार, अर्पित गंगवार,अमित कुमार, आदेश कुमार अंशिका सहित दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को अपना दल कमेराबादी के जिलाधक्ष प्रमोद पटेल एडवोकेट, छत्रपाल पटेल,चिरंजीव गौर, जंगबहादुर पटेल, महेश पटेल ,प्रमोद पटेल, राम मूर्ति, संदीप सिंह,जगदीश पटेल, गजेन्द्र पटेल, पीलीभीत लोकसभा अपना दल कमेरावादी प्रभारी सुभाष पटेल, बलराम गंगवार आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ रजनीश गंगवार ने किया। कुर्मी महासभा पीलीभीत के अध्यक्ष दिनेश कटिहार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## माखन मिश्री संग भगवान जगन्नाथ को लगा छप्पन व्यंजनों का महाभोग

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

श्री जगन्नाथजी महोत्सव समिति ट्रस्ट प्रयागराज एवं काशी राज नगर उत्थान समिति के द्वारा काशीराज नगर कटघर प्रयागेश्वर नाथ मंदिर जगन्नाथ धाम में भगवान जगन्नाथ का भव्य महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। सनातन धर्म की पूरे विधि विधान से भगवान जगन्नाथ का पूजन अर्चन करते हुए उन्हें माखन मिश्री के संग 56 प्रकार की व्यंजनों का महाभोग लगाया गया। महंत हरि चैतन्यजी महाराज टीकरमाफी आश्रम ने भगवान जगन्नाथ की महाआरती की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव भारत की सनातन संस्कृति का आदर्श है। समरसता के प्रतीक इस पर्व को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व राज्यसभा सदस्य सांसद रेवती रमन सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौड़, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, भाजपा नेता विद्रूप अग्रहरि, विजय वैश्य, अनिल गुप्ता अन्नू भैया,सतीश चंद्र केसरवानी, पार्षद सतीश केसरवानी, पार्षद अनुपम पांडे पार्षद रूद्र सेन जायसवाल ने महा आरती की। इस अवसर पर ट्रस्ट के मंत्री गगन दास गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक त्रिलोकी केसरवानी के द्वारा भगवान जगन्नाथ का बांके बिहारी के स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया गया।रथयात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र पहनाकर एवं भगवान जगन्नाथजी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# 'समलैंगिक विवाह वंश परंपरा के लिए खतरा'

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

* मणिपुर में हिंसा करने वाले अदूरदर्शी, उन्हें क्रिया के बदले प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं

**यमुनानगर।** देश में बढ़ते समलैंगिक विवाह को लेकर पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि समलैंगिक विवाह वंश परंपरा के लिए खतरा है। यह समाज के लिए कलंक है। समलैंगिक विवाह व्यभिचार का अड्डा है, जो मनोविज्ञान के भी खिलाफ है। अपने यह विचार उन्होंने प्रयागराज प्रवास के दौरान मीडिया के समक्ष व्यक्त किए। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि समलैंगिक विवाह भारतीय समाज और सनातन संस्कृति के लिए भी गंभीर खतरा है। हमारा समाज इसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं करता है। समलैंगिक विवाह के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए सरकार के साथ हम को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभानी पड़ेगी। हर नागरिक को इसे रोकने को आगे आना होगा। इसके दुष्परिणामों से युवा पीढ़ी को जागरूक बनाना होगा। भारतीय समाज का तानाबाना इस तरह के विवाह को जायज़ नहीं ठहरा सकता है। इससे सामाजिक ताना बाना ही छिन्न भिन्न हो जाएगा। समाज के सामने गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसे समाप्त करने के लिए आगे आना चाहिए। मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि जो लोग मणिपुर में हिंसा कर रहे हैं वह अदूरदर्शी हैं। उन्हें क्रिया के बदले प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं है। वरना हिंसात्मक जैसी घटनाएं मणिपुर में नहीं होती। शंकराचार्य ने कहा कि कभी देश के सिखों को भी ऐसा लग रहा था कि वह पंजाब से हिंदुओं को भगा देंगे। लेकिन जब उन्हें आभास हुआ कि देश के अलग-अलग हिस्सों में जो सिख रह रहे हैं उन पर क्रिया की क्या प्रतिक्रिया होगी? वही हाल मणिपुर में हो रहा है, जो लोग हिंसा कर रहे हैं उनको अंदाजा नहीं है कि उनके लोग देश के दूसरे हिस्सों में हैं। अगर उनके साथ घटनाएं होंगी तो आखिर उसका परिणाम क्या होगा। शंकराचार्य ने कहा की मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर होगी। क्योंकि वह जागरूक प्रधानमंत्री हैं, उचित समय पर ही वह बोलते हैं, उसके पहले वह मौनी बाबा के रूप में रहते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के माफिया राज के खात्मे को लेकर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि योगी जी बेहतर काम कर रहे हैं। मुसलमानों को भी मानवाधिकार के अंदर रहकर सुरक्षा प्रदान है। मुस्लिम बेटियां अपने आपको योगी राज में सुरक्षित महसूस कर रही हैं। डर वह लोग रहे हैं जो कभी दूसरों को डराते थे।

# सपा ज़िला कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी रणनीति बनी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



समाजवादी पार्टी के नवगठित ज़िला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सदस्यों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के लक्ष्य भेद पर विस्तार से चर्चा भी की गई। कहा गया कि बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को खड़ा करना होगा। इसके लिए अभी से जुट जाएं। गंगापार जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने अपने सम्बोधन में संगठन के बूथ स्तर पर मजबूती के लिए पूरी ईमानदारी से काम करने का आवाहन करते हुए कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों, संगठन से जुड़े लोगो से अपेक्षा की जाती है कि वह समाज के हर वर्गों को साथ लेकर चलेंगे। गंगापार की सभी पांच विधानसभाओं के अध्यक्षों को एक सप्ताह के अंदर कार्यकारिणी का गठन एवं कार्यालय खोलने के निर्देश भी दिए गए। पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मूर्ति सिंह यादव, पंधारी यादव, विधायक श्रीमती गीता शास्त्री ने सभी भेदभाव भुलाकर पूरी एकजुटता के साथ काम करने पर जोर दिया। इस मौके पर राममिलन यादव, निधी यादव, प्रतिमा रावत, मेराज अहमद,पदमा यादव, केके यादव, राम सुमेर पाल, डॉ राजेश, अनंत लाल यादव, शिवशंकर, असगर अली अंसारी, दीपा यादव, आकाश यादव, कुलदीप यादव, राज बहादुर यादव, वीरेंद्र पाल, खिन्नी पासी, सुरेश यादव, बच्चा यादव, अमर सिंह,पवन यादव, सुशील,जितेंद्र पटेल, इरशाद चौधरी, शकील अहमद, बृजलाल यादव, आदि मौजूद रहे।

## अवैध बिल्डिंगों में चल रहे हैं कल्याणपुर के सैकड़ों मानक विहीन हॉस्पिटल

# स्वास्थ्य विभाग को कानो कान खबर नहीं















जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** मानक विहीन अस्पतालो की मंडी बने कल्यानपुर में जहां एक और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप अस्पताल संचालित नहीं किया जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर सैकड़ों अस्पताल तो ऐसे हैं बिल्डिंग ही अवैध है लेकिन इसके बावजूद हॉस्पिटल संचालक अपने रसूख के दम पर अस्पताल चला रहे हैं। इसके अलावा हॉस्पिटल चलाने के लिए सरकारी मानक जो होने चाहिए वह भी पूर्ण नहीं है। मानक तो छोड़िए कल्याणपुर क्षेत्र में हस्पताल तो ऐसे हैं जो केवल 2 कमरों में संचालित है और 6 से 7 बेड ही पड़े हैं। कुछ अस्पताल संचालक ऐसे हैं जिन्होंने अस्पताल तो बनवा लिया लेकिन बिल्डिंग को बनाने में मानकों का ध्यान नहीं दिया इन अस्पतालों में ना तो सेट बैक छोटा है। और ना ही नक्शा ही स्वीकृत कराया गया है। यह सारी बातें हॉस्पिटल संचालकों ने विभाग के अधिकारियों से छुपाई है स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इन सब बातों की कानों कान खबर नहीं है। और कुछ अस्पताल दो हाउसिंग बिल्डिंग में चला रहे हैं जबकि नियम के अनुसार बिल्डिंग कमर्शियल होनी चाहिए।

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अक्सर खेलते हैं नोटिस नोटिस का खेल

कल्याणपुर क्षेत्र में चल रहे अवैध अस्पतालों के खिलाफ जब भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्यवाही करने की बात करते हैं तो केवल उनके द्वारा अस्पताल संचालकों के साथ नोटिस नोटिस खेल अक्सर खेला जाता है। नोटिस देने के बाद स्वास्थ्य वभाग के अधिकारी अस्पतालों की ओर से निश्चिंत हो जाते हैं। नोटिस मिलने के कुछ दिनों तक तो अस्पताल संचालक ठीक से चलते हैं लेकिन उसके बाद फिर से अपने पुराने ढर्रे पर आ जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अस्पताल संचालकों के साथ नोटिस नोटिस गेम क्यों खेलते हैं पाठक को समझदार हैं।

### यह अस्पताल अवैध बिल्डिंग में चल रहे हैं

कल्याणपुर अस्पताल मंडी में लगभग 250 से 300 अस्पताल है जो अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं इनमें से कुछ ही ऐसे अस्पताल है जिनके मानक पूरे हैं। इनमें से अंश हास्पिटल, जेके केयर, शारदा, पीताम्बरा, राधे कृश्णा, कुणाल, गोल्ड, मोहित मेडिकल सेंटर, चन्द्रा, भूमि हास्पिटल, वैभव ,रॉयल, ओम मेडिकल केयर सेंटर, यह वह अस्पताल है जिनकी बिल्डिंग अवैध रूप से बनी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विद्युत व्यवस्था को लेकर पालिका अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन



जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज/उन्नाव। शुक्लागंज की विद्युत व्यवस्था अत्यंत दयनीय होने के कारण साथ ही अघोषित कटौती को लेकर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे ने अधीक्षण अभियंता से मिलकर ज्ञापन सौंपा तथा नगर को सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई करने की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे पाठ संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप पांडे ने दही चौकी स्थित अधीक्षक अभियंता विवेक अग्रवाल को ज्ञापन देते हुए बताया कि शुक्लागंज की विद्युत व्यवस्था अत्यंत दयनीय स्थिति में है। बार-बार फाल्ट के नाम पर अघोषित कटौती की जा रही है बताया कि 24 घंटे में 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि वे 10 जून को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से भी मिलकर व्यवस्था सुधारने की बात कही है। विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती से लघु उद्योग व्यापारी वर्ग एवं आम जनमानस काफी प्रभावित हैं।

### विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी



जन एक्सप्रेस/उन्नाव। पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। महिला थाना से 10, परिवार परामर्श केन्द्र से 06, थाना दही से 05 व थाना अचलगंज से 03, थाना फतेहपुर चौरासी से 02 व थाना पुरवा, थाना सफीपुर, थाना बेहटा मुजावर, थाना गंगाघाट, थाना बीघापुर व थाना आसीवन से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस दौरान डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों मे राम शंकर वर्मा, साबिहा उमर, तबस्सुम नफीस, आबरार हुसैन, अशोक रस्तोगी, राम सनेही यादव, यतीन्द्रनाथ मिश्रा, सहयोगी अंकित रघुवंशी व शिवेन्द्र सिंह एवं संबन्धित थानों व परिवार परामर्श केन्द्र टीम से प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उ0नि0 राजबहादुर सिंह व उनकी टीम उपस्थित रही।

### फिजिकल एक्टिविटी को बढावा देने के लिये उठाया कदम



जन एक्सप्रेस/उन्नाव। जनपद मे बीते दिन न्यू गोल्डन ईगल गुप संस्था द्वारा बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे नगर पालिका अध्यक्ष स्वेता मिश्रा,विशिष्ट अतिथि सुशील तिवारी,साधना दीक्षित व अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष आनन्द शुक्ला,उपाध्यक्ष आशीष दीक्षित,कोषाध्यक्ष सुधा चतुर्वेदी,संयुक्त मत्री सन्नो तिवारी,वरिष्ठ मत्री अल्पना अवस्थी,कार्यकारणी सदस्य अपूर्वा वाजपेई ने बताया कि वह इस तरह के आयोजन पिछले कई वर्षो से करा रही है। व आगे भी कराती रहेगें।इस बढते मोबाइल के दौर मे बच्चो के लिये फिजिकल एक्टिविटी बहुत जरूरी है।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चो मे खेलकूद के प्रति घटती रूची को बढावा देना है।

## हाथ से सत्ता जाने के डर से इंदिरा गांधी ने की थी आपातकाल की घोषणा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



भाजपा द्वारा शहर के निराला प्रेक्षाग्रह में आपातकाल पर गोष्ठी और प्रबुद्ध सम्मलेन का किया गया आयोजन आज कांग्रेस भाजपा पर लोकतंत्र के हनन का आरोप लगाती है। आपातकाल पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति कमलेश मिश्रा ने कहा। इंदिरा गाँधी ने देश में जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किये गये आंदोलन के कारण भारत की सुरक्षा और लोकतंत्र खतरे में है। देश में तेजी से आर्थिक विकास और पिछड़े वर्गों व वंचित वर्गों के उत्थान की जरूरत है विदेशो से आने वाली शक्तियां भारत को स्थिर और कमजोर कर सकती है। जैसे कुतर्कों को देकर देश को आपातकाल में झोंक दिया। हाथ से सत्ता जाने के डर से इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा करवा दी थी । देश 21 महीने आपात की काली छाया से ग्रस्त रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अन्य संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गैर कांग्रेसी नेताओं पर बर्बतापूर्ण आपातकाल पर आयोजित गोष्ठी में आपातकाल से सम्बंधित एक डोक्यूमेंट्री भी दिखाई गई जिसमे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरागांधी द्वारा आपातकाल लगा की गई तानाशाही समाचारों पर रोक लोगों को जेल भेजने सहित कई विभित्सिकाओं को दिखाया गया। कार्यक्रम में पहुचे मुख्य अत्तिथि और अतिथियों का स्वागत सदर विधायक पंकज गुप्ता, सहित पदाधिकारियों ने किया।

### पक्षी विहार में सारस संरक्षण गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार मे बीते दिन रविवार को सारस संरक्षण गोष्ठी को आयोजित किया गया। गोष्ठी मे एकेडमी के प्रशिक्षुओं को सारस गणना व संरक्षण के बारे मे बारीकी से बताया। गोष्ठी से पूर्व प्रशिक्षुओ को पक्षीविहार झील क्षेत्र मे विचरण करने वाले पक्षियो व उनके रहन सहन भोजन इत्यादि के बारे मे भी जानकारी दी गई। नवागत रेंजर विवेक सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वन्य जीवों का संरक्षण जरूरी है।जिसके तहत सारस गणना का दो दिवसीय आयोजन 26 व 27 जून को पक्षीविहार मे किया जाएगा। रविवार को गोष्ठी के माध्यम से राजकीय पक्षी सारस को लेकर कराटो प्रशिक्षुओं को जागरूक किया गया है। सोमवार को पक्षीविहार मे सारस गणना कार्यक्रम मे लखनऊ के उच्चधिकारी भी शिरकत करेगे।



## ट्रक में पीछे से भिड़ी रोडवेज बस

### चालक व कंडेक्टर हादसे के बाद फरार, राजमार्ग पर लगा लंबा जाम

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज/उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर कमला होटल के समीप भोर पहर खराब खड़े ट्रक में लखनऊ से कानपुर जा रही किदवई नगर डिपो की, बस पीछे से भिड़ गयी। जिससे ट्रक का चालक व क्लीनर मौके से भाग खड़े हुए। मौके पर मची अफरा-तफरी में रोडवेज बस का ड्राइवर और कंडक्टर भी फरार हो गया। जिससे राजमार्ग पर भीषण जाम लग गया। बताते हैं कि जाम का आलम ये रहा की घटनास्थल से लेकर सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सीमा बनी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मोर्चा संभाला और नवाबगंज टोल प्लाजा से पहुंची हाइड्रा ने ट्रक और रोडवेज बस को हाईवे से हटवा कर जाम खुलवाया। जिससे बाद करीब दो घंटे बाद यातायात सामान्य रूप से चालू हो सका। कोतवाल वी के मिश्रा ने बताया दोनों वाहनों के ड्राइवर और कंडक्टर भाग गए थे। घटना की जांच कराई जा रही है।

## भवन स्वामी से आर्थिक मदद मिलने के बाद परिजनों ने किया समझौता

जन एक्सप्रेस। सोहरामऊ/उन्नाव


कानपुर/बिल्हौर/उन्नाव

मंदिर के बगल में बने सीवर टैंक में गिरने से मासूम की मौत

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लालपुर ग्राम पंचायत मे बने ठाकुर द्वारा से दर्शन के बाद मां के साथ लौट रही छह वर्षीय बच्ची की संतुलन बिगड़ने से मंदिर भवन की सीढ़ियों मे बने सीवर टैंक मे गिरकर मौत हो गई थी। मामले मे परिजनो ने भवन स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। हंगामा के बाद पुलिस ने भवन स्वामी को हिरासत मे ले लिया था। देर शाम भवन स्वामी से आर्थिक मदद मिलने के बाद परिजनो ने बगैर किसी कार्रवाई समझौता कर लिया है। असोहा थाना क्षेत्र के असावर निवासी विक्रम सिंह पत्नी शिल्पी,दो बच्चे कार्तिक,शगुन मां रामश्री के साथ सोहरामऊ के लालपुर मे किराए के मकान मे छह सालो से रह रहा था। शुक्रवार को मां शिल्पी के साथ शगुन पड़ोस मे बने ठाकुर द्वारा मे दर्शन के लिए गई थी। रात लगभग आठ बजे दर्शन आरती के बाद वापस लौटते समय भवन सीढ़ियों से उतरते समय अँधेरे की वजह से निर्माणाधीन पड़े बीस फीट गहरे सीवर टैंक मे गिरने से शगुन की मौत हो गई थी। सोहरामऊ पुलिस द्वारा रेस्क्यू मे देरी होने व भवन स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगा परिजनो ने हंगामा किया था। जिसके बाद पुलिस ने आनन फानन बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही भवन स्वामी को हिरासत मे ले लिया था। मामले मे मृतका शगुन के मामा नरेंद्र सिंह ने बताया कि भवन स्वामी बलराम सोनी ने 3 लाख रुपए नगद आर्थिक सहायता शनिवार देर शाम पिता विक्रम को देकर आपसी समझौता कर लिया है। सीओ हसनगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पिता ने तहरीर देने के बाद भवन स्वामी से आपसी समझौता कर लिया है।लिखापढ़ी के बाद पीड़ित परिजनो की सहमति से बलराम सोनी को छोड़ दिया गया है।

## ग्राम समाज की जमीन पर दबंग ने किया कब्जा, प्रधान ने दर्ज कराई शिकायत



जन एक्सप्रेस। चौबेपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम बंनसठी में दबंग ने ग्राम समाज की जमीन पर इमारत निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया हैं। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनसठी में ग्राम प्रधान ने लेखपाल की मदद से एक दबंग जयचंद्र चौरसिया द्वारा अवैध कब्जा किये जाने आरोप लगाया जिसमे ग्राम प्रधान ने बताया कि जय चंद्र चौरसिया ने गांव की चार बिसवा बेसकीमती सरकारी जमीन पर लेखपाल अंचल सिंह यादव की मिलीभगत से कब्ज़ा कर उसपे मकान निर्माण करा लिया हैं जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने नायाब तहसीलदार अलख शुक्ला से इसकी शिकायत की वही नायाब तहसीलदार ने बताया कि शिकायत की प्रथम दृष्टि के अंतर्गत निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया हैं वही उन्होंने बताया कि लेखपाल के अनुसार वह जमीन ग्राम समाज की नहीं हैं लेकिन ग्राम प्रधान के मुताबिक वह जमींन ग्राम समाज की हैं हालांकि तहसीलदार ने जांच के लिए एक टीम बना कर जांच के लिए आदेशित किया हैं जिसकी रिपोर्ट तीन दिन के अंदर स्पष्ट कर दी जायेगी।



## बन्द रेलवे क्रासिंग पार करते समय, चपेट में आने से बाइक के उड़े परखच्चे

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज/उन्नाव

लखनऊ कानपुर रेल मार्ग पर अजगैन मोहान रोड रेलवे क्रॉसिंग रविवार दोपहर को फाटक बंद था। फाटक बंद होने के बाद भी एक युवक द्वारा बाइक निकालने के दौरान बाइक का पहिया रेलव ट्रैक में फंस गया। तभी दिल्ली से लखनऊ की तरफ जा रही तेज रफ्तार शताब्दी एक्सप्रेस आ गयी। जिसकी चपेट में आ जाने से यमाहा कम्पनी की बाइक के चिथड़े उड़ गए। युवक ने बाइक छोड़कर अपनी जान बचाई और भाग खड़ा हुआ। घटना के बाद 500 मीटर की दूरी पर जाकर ट्रेन खड़ी हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेन के इंजन के निचले हिस्से में कुछ पार्ट लटक रहे थे। जिन्हें ड्राइवर ने ठीक किया और करीब 12 मिनट बाद ट्रेन लखनऊ की ओर रवाना हो गई। गनीमत रही की बाइक उछलकर ऐसी जगह पर गिरी जहां पर कोई नहीं था वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। घटना के बाद पहुंची रेलवे और अजगैन कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया।

## उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बदमाशों ने पत्रकार को मारी गोली, घटना संदिग्घ

जन एक्सप्रेस। पंकज यादव



उन्नाव। बीते दिन शनिवार देर रात शुक्लागंज उन्नाव राजमार्ग पर शराब मिल के पास लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के कलम के सिपाही पत्रकार को कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारे जाने की खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई राजधानी तक हड़कंप मच गया। लहूलुहान हालत में नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे डाक्टरों के द्वारा कानपुर नगर के हैलट हॉस्पिटल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति लोक नगर मोहल्ला के रहने वाले मनु अवस्थी पुत्र सुरेंद्र अवस्थी जो पेशे से पत्रकार है शनिवार की देर रात किसी काम से शुक्लागंज की ओर गया था काम निपटाने के बाद वापस घर लौट रहा था इसी दौरान मगरवारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत शराब मिल के पास पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसे गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पास में मौजूद एक युवक ने उसे एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। गोलीकांड की घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के सोशल मीडिया से जानकारी पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने बताया के अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है जांच चल रही है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। गौरतलब है कि सदर कोतवाल अश्वनी मिश्रा ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से जानकारी हासिल की है। इसके साथ ही सीओ आशुतोष कुमार ने अस्पताल पहुंचकर सूचना एकत्र की है। उधर अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण डॉग स्क्वायड, फोरेसिंक टीम के साथ किया। घटना के बाद पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई। जिस पत्रकार को गोली लगी है। उसका पहले से भी शहर के रहने वाले कुछ लोगों से विवाद होता चला आ रहा है। सदर कोतवाल अश्वनी ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची है। जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी तथ्य मिले हैं उनके अनुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी। ख़बर लिखे जाने तक आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।

SCHOLAR'S PLAY WAYS INTER COLLEGE
RECOGNISED BY U.P. BOARD | HINDI & ENGLISH MEDIUM
Best School in Kanpur South
ARTS, SCIENCE & COMMERCE STREAM
Separate Classes for Girls & Boys of 9th to 12th (Hindi Medium) in each stream.
ADMISSION OPEN (Session 2023-24)
आवश्यकता है
➤ P.G. से U.K.G. पढ़ाने हेतु अध्यापिकाओं की।
➤ कक्षा 1 से 5 तक (अंग्रेजी माध्यम)- गणित, अंग्रेजी, विज्ञान हेतु अध्यापिकाओं की।
➤ कक्षा 6 से 8 तक (अंग्रेजी माध्यम)- संस्कृत, कला, गणित हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की।
➤ कक्षा 9 से 12 तक (अंग्रेजी माध्यम)- हिन्दी, अंग्रेजी, कला, कम्प्यूटर हेतु अध्यापिकाओं की।
➤ आया व चौकीदार की
विशेष : आवेदन करते समय ध्यान रखें कि विद्यालय से 05 किमी. के आस-पास के अभ्यर्थी ही आवेदन करें। प्रार्थना-पत्र के साथ सभी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
(अन्तिम तिथि 30, जून 2023)
Add.- Govind Nagar, Kanpur
0512-4055749
8840700478

# वैगनर आर्मी का रूस के खिलाफ विद्रोह खत्म

## बेलारूस के राष्ट्रपति ने समझौता कराया, लड़ाकों को लौटने का आदेश, रूस छोड़ेंगे चीफ प्रिगोजिन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रूस में गृहयुद्ध और तख्तापलट का खतरा टल गया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ बगावत करने वाली प्राइवेट आर्मी वैगनर के प्रमुख येवगेनी वी प्रिगोजिन ने अपने लड़ाकों को वापस लौटने का आदेश दिया है। अब यह प्राइवेट आर्मी अपने कैंपों की ओर लौट रही है। प्रिगोजिन भी रूस छोड़कर बेलारूस जाएंगे। रूसी मीडिया आरटी के मुताबिक, ये प्राइवेट आर्मी रोस्तोव शहर पर कब्जे के बाद मॉस्को शहर की ओर बढ़ी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, प्राइवेट आर्मी के पीछे हटने में बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको का अहम रोल रहा है। लुकाशेंको ने शनिवार देर रात कहा कि मैंने वैगनर प्रिगोजिन और रूस के बीच समझौता कराया है। इसके बाद वैगनर ग्रुप ने अपने सैनिकों को पीछे हटने को कहा है, ताकि खून खराबा रोका जा सके।

### प्रिगोझिन ने खुद को देशभक्त बताया

प्रिगोझिन ने पुतिन के विश्वासघात के आरोपों को गलत बताया था और खुद को और अपने सैनिकों को देशभक्त करार दिया था। अपने टेलीग्राम चैनल पर जारी ऑडियो संदेश में प्रिगोझिन ने देश को धोखे, भ्रष्टाचार और नौकरशाही से मुक्त कराने के लिए लड़ने की बात कही थी।



### बेलारूस ने क्या डील कराई, प्रिगोजिन को क्या मिलेगा

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री एस पेसकोव ने बताया कि प्रिगोजिन के खिलाफ चल रहे सभी क्रिमिनल केस बंद कर दिए जाएंगे। ग्रुप के जो लड़ाके हैं, उन पर भी कार्रवाई नहीं होगी। प्रिगोजिन को रूस छोड़कर बेलारूस जाना पड़ेगा। वैगनर के लड़ाके जो विद्रोह में शामिल नहीं हुए थे, वे रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा। एक जुलाई से सभी लड़ाके डिफेंस मिनिस्ट्री के तहत काम करेंगे।

### रोस्तोव की सड़कें फिर खुलीं, सभी प्रतिबंध हटाए

न्यूज एजेंसी इंटरफैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, रोस्तोव शहर से सभी बैन हटा दिए हैं। सड़कें फिर खुल गई हैं। मॉस्को की ओर वैगनर आर्मी की कूच को देखते हुए राजधानी के दक्षिणी इलाके में रूसी सैनिकों ने चौकियां बना ली थी और हर जगह नाकेबंदी कर दी गई थी। मॉस्को का रेड स्क्वायर को बंद कर दिया गया था। जगह-जगह सेना और टैंक तैनात कर दिए गए थे। तीन हजार से ज्यादा एलीट चेचन लड़ाकों ने भी मोर्चा संभाला है। वहीं मॉस्को में सुरक्षा के लिहाज से 1 जुलाई तक सभी सामूहिक कार्यक्रमों पर रोक लगा दी है। स्कूल कॉलेज में भी कोई प्रोग्राम नहीं होंगे।

### मास्को के करीब पहुंच गए थे विद्रोही

इससे पहले, मास्को से लगभग 360 किलोमीटर दूर लिपेत्स्क शहर के गवर्नर इगोर आर्टामोनोव ने अपने टेलीग्राम अकाउंट पर कहा, वैगनर विद्रोही अपने सैन्य साजो सामान के साथ लीपेटस्क प्रांत में प्रवेश कर गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है।

### दिमित्री उत्किन के नेतृत्व में विद्रोह

रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के डोनेस्क प्रांत के नेतृत्व के एक करीबी सूत्र ने बताया था कि मॉस्को की तरफ बढ़ रहे विद्रोहियों के काफिले में 5,000 लड़ाके ही हैं और उनका नेतृत्व वैगनर के शीर्ष कमांडर दिमित्री उत्किन कर रहे हैं। सूत्र ने यह भी बताया कि वैगनर में कुल 25,000 से कुछ ही अधिक लड़ाके हैं, जिनमें से 5,000 रोस्तोव शहर में हैं।

### बेलारूस ने की पहल

बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के कार्यालय ने कहा था कि पुतिन की सहमित के बाद उन्होंने प्रिगोझिन से बात की और वैगनर प्रमुख तनाव कम करने पर सहमत हुए। इसके बाद प्रिगोझिन ने अपने सैनिकों को मॉस्को की तरफ बढ़ने से रोका और वापस सैन्य अड्डे पर लौटने का आदेश दिया। प्रिगोझिन ने एक ऑडियो संदेश में कहा, वे वैगनर सैन्य कंपनी को खत्म करना चाहते थे। हम न्याय के लिए 23 जून को मार्च पर निकले। 24 घंटे में हम मॉस्को से 200 किलोमीटर दूर रह गए थे। इस दौरान, कहीं भी खूनखराबा नहीं हुआ। अब समय आ गया था जब खून खराबा हो सकता था। हमने अपनी जिम्मेदारी समझी कि दोनों तरफ से रूसी नागरिकों का ही खून बहता। इसलिए हमने अपने सैनिकों को वापस शिविरों में लौटने का आदेश दिया।

### वैगनर चीफ के ऊपर से हटेंगे आरोप

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री एस पेसकोव ने कहा कि विद्रोहियों ने पीछे हटने का फैसला लिया है। इसलिए वैगनर नेता के खिलाफ लगे आरोप हटा दिए जाएंगे। अब प्रिगोझिन बेलारूस जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि वैगनर के लड़ाके जो विद्रोह में शामिल नहीं हुए थे, वे रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

### सामने थी बड़ी चुनौती

वैगनर के विद्रोह के बाद अपने दो दशक से भी अधिक के शासनकाल में पुतिन को पहली बार सबसे बड़े खतरे का सामना करना पड़ा। पुतिन को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहना पड़ा, रूस अपने भविष्य की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहा है। यह विद्रोह हमारे देश के लिए बड़ा खतरा है और इसके खिलाफ 'कठोर कार्रवाई' होगी। साजिशकर्ताओं को कठोर सजा भुगतनी होगी, जिसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# त्रिपुरा सरकार का फैसला, 75 गांवों को स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से जाना जाएगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

त्रिपुरा सरकार ने राज्य के 75 सीमावर्ती गांवों का नामकरण करने का फैसला लिया है। इन गांवों का नाम उन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखने का फैसला किया है, जिन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि नाम बदलने की परियोजना को आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में शुरू किया जाएगा। गौरतलब है, देश इस साल अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने का कार्यक्रम जुलाई में शुरू होगा, जो 15 अगस्त तक चलेगा। सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के सचिव पीके चक्रवर्ती का कहना है कि आठ जिलों के 75 गांवों का नाम बदला जाएगा। इन गांवों की पहचान जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जाएगी। प्रशासन ने पहले ही राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की एक सूची तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने के अलावा, चुने गए गांवों में 75 स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और उनके परिवार के सदस्यों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि नामकरण के अवसर पर मैराथन, साइकिल रैली, क्रांतिवीर संगीत समारोह, सिट एंड ड्रॉ, स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और कार्यों पर गीत और नाटक आदि आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए कई कार्यक्रम होंगे। सभी 75 गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



# पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान

## प्रेसिडेंट अल-सीसी ने ऑर्डर ऑफ नाइल से सम्मानित किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

2 दिन के दौरे पर मिस्र पहुंचे क्रूमोदी ने राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। सीसी ने उन्हें मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ नाइल' से सम्मानित किया। इसके पहले मोदी ने 11वीं सदी की अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। इसे भारत के बोहरा समुदाय की सहायता से दोबारा बनाया गया है। प्रधानमंत्री हेलियोपोलिस स्मारक भी गए। यहां उन्होंने पहले विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह स्मारक राष्ट्रमंडल ने बनवाया है। यह उन 3,799 भारतीय सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने इजिप्ट में प्रथम विश्व युद्ध के में अपनी जान गंवा दी थी

### क्या है ऑर्डर ऑफ नाइल

इजिप्ट में इसे 'किलादात अल नाइल' कहा जाता है। 1915 में इसकी शुरुआत सुल्तान हुसैन कामिल ने की थी। यह अवॉर्ड उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने देश सेवा में अहम योगदान दिया हो। 1953 में मिस्र गणतंत्र बना और इसके बाद 'ऑर्डर ऑफ नाइल' को देश के सर्वोच्च सम्मान का दर्जा दिया गया। इसमें जो नाइल शब्द है, वो दरअसल नील नदी से जुड़ा है। इस अवॉर्ड की चार कैटेगरीज हैं। काहिरा के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वंदेमातरम और मोदी-मोदी के नारे भी लगे। साड़ी पहन मिस्र की एक महिला जेना ने मोदी को फिल्म शोले का गीत 'ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे...' गाकर सुनाया।

### मोदी को एयरपोर्ट पर इजिप्ट के प्रधानमंत्री ने रिसीव किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन के दौरे पर इजिप्ट पहुंचे। मोदी को एयरपोर्ट पर वहां के प्रधानमंत्री ने रिसीव किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री मिस्र पहुंचा है। मोदी यहां भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। मिस्र में भारत के एंबेसडर अजीत गुप्ते ने कहा कि भारत और मिस्र के व्यापारिक संबंध चार हजार साल पुराने हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा से संबंध और मजबूत होंगे।

# पेट्रियॉट्रिक डेमोक्रेटिक एलायंस

## विपक्षी महागठबंधन का नया नाम तय, शिमला में होने वाली बैठक में लगेगी मुहर



फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्षी दलों की हाल में हुई बैठक के बाद अब विपक्ष के गठबंधन का नया नामकरण भी हो गया है। गठबंधन का नाम पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक एलायंस यानी देशभक्त लोकतांत्रिक गठबंधन रखा जाएगा। विपक्षी एकता के लिए जुटे दलों के गठबंधन का नया नाम वामपंथी नेता डी. राजा ने जाहिर किया था। सूत्रों के अनुसार, इस नाम पर सभी दलों में आम सहमती बन चुकी है। शिमला में होने वाली विपक्ष की अगली बैठक के दौरान इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। गौरतलब है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ पटना में 23 जून को बैठक हुई थी। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन सरकार के मुखिया नीतीश कुमार ने बैठक बुलाई थी। देश में भाजपा के खिलाफ सबसे बड़े गठबंधन यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के बेटे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बैठक में आए थे। बैठक के बाद नाम की घोषणा नहीं हुई, लेकिन डी. राजा ने विपक्षी एकता के लिए जुटे दलों के गठबंधन का नया नाम जाहिर किया था।

### पीडीए नाम पर शिमला में लगेगी मुहर: डी. राजा

15 में से 14 दल मीडिया के सामने आए थे। उन 14 दलों ने भी नए नाम की घोषणा नहीं की थी। भारतीय कॉम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा ने बताया था कि भाजपा-विरोधी दलों की शिमला में अगले महीने होने वाली बैठक में देशभक्त लोकतांत्रिक गठबंधन के नाम पर मुहर लग जाएगी। बिहार में पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद राजा ने कहा था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुलावे पर देशभर से 23 जून को जुटे दलों ने भाजपा को सत्ता से हटाने का प्रण ले लिया है। इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए शिमला में बैठक होगी तो गठबंधन के नए नाम और नए संयोजक की घोषणा कर दी जाएगी।

# मणिपुर में भीड़ ने प्रतिबंधित-ग्रुप के 12 लोगों को छुड़ाया

## सेना ने हथियारों के साथ पकड़ा था, 1500 महिलाएं ढाल बनीं तो ऑपरेशन रोका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर पिछले 53 दिनों से हिंसा जारी है। ईस्ट इंफाल में सेना ने ऑपरेशन चलाकर प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लुप के 12 कैडर्स को पकड़ा था। लेकिन सैकड़ों महिलाओं के विरोध के बाद इन्हें छोड़ना पड़ा। डिफेंस पीआरओ ने न्यूज एजेंसी को बताया कि सेना ने खुफिया सूचना के बाद इंफाल पूर्व के इथम गांव एंड्रो से 6 किमी पूर्व में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। लोगों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। सुरक्षा बलों ने यहां से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया और केबाईकेएल के 12 कैडर्स को पकड़ा। लेकिन 1200 से 1500 लोगों की भीड़ ने सुरक्षाबलों को घेर लिया। इस भीड़ का नेतृत्व महिलाएं और कुछ स्थानीय नेता कर रहे थे। ये लोग केबाईकेएल के 12 कैडर्स को छोड़ने की मांग कर रहे थे। भीड़ को कोई नुकसान न हो इसे देखते हुए सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन रोक दिया और केबाईकेएल के 12 कैडर्स को छोड़ दिया।



### कांगलेई यावोल कन्ना लुप कौन है

एएनआई के मुताबिक, ईस्ट इंफाल के इथम गांव में प्रतिबंधित संगठन केबाईकेएल के करीब एक दर्जन कैडर्स छिपे हुए थे। सेना को उनके छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद ऑपरेशन चलाकर 12 कैडर्स को पकड़ा गया था। इनमें संगठन का स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल मोइरांगथेम तंबा उर्फ उत्तम भी शामिल था। केबाईकेएल मैतई समुदाय का एक ग्रुप है। हाल की हिंसा में कई जगह इस ग्रुप का नाम सामने आया है। सेना ने बयान की प्रेस रिलीज में कहा गया कि उत्तम 2015 में डोगरा की 6वीं बटालियन पर हमले का मास्टरमाइंड था।

### सेना ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की

सुरक्षाबलों ने भीड़ से कई बार अपील की, लेकिन उनपर कोई असर नहीं पड़ा। सेना अगर भीड़ पर कार्रवाई करती तो लोगों को भी नुकसान पहुंचता। इसलिए सेना ने केबाईकेएल के लोगों को गांव वालों को सौंप दिया और सिर्फ जब्त हथियार और गोला बारूद लेकर चली गई। इस घटना के बाद सेना ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे आर्मी के ऑपरेशन में सहयोग करें।



# बंगाल में दो मालगाड़ी टकराईं, 12 डिब्बे बेपटरी

## सेफ्टी अफसर बोले, सिग्नल की गड़बड़ी रही होगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में रविवार सुबह दो मालगाड़ियों की टक्कर में 12 डिब्बे पटरी से उतर गए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, टक्कर की जोरदार आवाज से ओंडा रेलवे स्टेशन के आसपास के लोगों की नींद खुली और वो मौके पर पहुंचे। उन लोगों ने ही मालगाड़ी के लोको पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाला। 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की हुई टक्कर के बाद 23 दिनों में यह दूसरा रेल हादसा है। हालांकि इसमें जान माल का बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। रेलवे सूत्रों ने बताया कि एक लोको पायलट को हल्की चोट आई है। हादसे के कारण बिजली का ओवरहेड तार टूट जाने की वजह से आद्रा-खड़गपुर सेक्शन में ट्रेनों की आवाजाही करीब 3 घंटे तक प्रभावित रही।

### मालगाड़ी ने दूसरी ट्रेन को पीछे से मारी टक्कर

मौके पर पहुंचे दक्षिण पूर्व रेलवे के डिवीजनल सेफ्टी ऑफिसर दिवाकर माझी ने पत्रकारों को बताया- ओंडा रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी पहले से खड़ी थी। पीछे से आने वाली दूसरी मालगाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी।

# तीन साल से घर पर कर रहे थे भांग की खेती, तीन छात्र गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक में एक छात्र ने किराए के घर पर ही नशीले पदार्थ उगाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, बाद में छात्र नशीले पदार्थ की तस्करी भी करने लगा। कर्नाटक के शिवमोग्गा से तीन छात्रों को भांग उगाने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विघ्नराज, पांडीदोराई और विनोद कुमार के रूप में हुई है। शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक जीके मिथुन कुमार ने बताया कि तमिलनाडु के कृष्णागिरी का रहने वाला 28 वर्षीय विघ्नराज को घर पर भांग उगाते हुए पकड़ा गया है। वह घर पर भांग उगाने के लिए उन्नत कृषि तकनीक का उपयोग करता था। बाद में, कॉलेजों के अन्य छात्रों को बेच देता था। पुलिस ने कहा कि जानकारी मिली है कि आरोपी विघ्नराज पिछले साढ़े तीन महीने से इस धंधे में शामिल था। उन्होंने कहा कि अन्य दो आरोपियों को उस वक्त रिगफ्तार किया गया, जब वे प्रतिबंधित पदार्थ खरीदने आए थे। आरोपियों की पहचान केरल के इडुक्की निवासी विनोद कुमार (27) और तमिलनाडु के धर्मपुरी निवासी पांडीदोराई (27) के रूप में हुई है।

# देश के इतिहास में आपातकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा: पीएम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देश में आपातकाल लगाए जाने के 48 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया था। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'मैं उन लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और देश में लोकतंत्र की भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। आपातकाल हमारे देश के इतिहास का कभी ना भूला जा सकने वाला समय है, जो संविधान के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है।' बता दें कि पीएम मोदी फिलहाल मिस्त्र के दौरे पर हैं।

### भाजपा अध्यक्ष ने भी गांधी परिवार को घेरा



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी आपातकाल को याद करते हुए ट्वीट किया है। ट्वीट में नड्डा ने लिखा कि '25 जून 1975 को एक परिवार ने अपने तानाशाही रवैये के कारण देश के महान लोकतंत्र की हत्या की और आपातकाल जैसा कलंक थोपा था। जिसकी निर्दयता ने सैकड़ों वर्षों के विदेशी शासन के अत्याचार को भी पीछे छोड़ दिया। ऐसे कठिन समय में असीम यातनाएं सहकर लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष करने वाले सभी राष्ट्र भक्तों को नमन करता हूं'

### कांग्रेस देश के लिए खतरनाक: धर्मेंद्र प्रधान



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आपातकाल के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि 'कांग्रेस पार्टी ने 1975 में देश में आपातकाल लागू कर दिया था। कांग्रेस पार्टी ने एक परिवार के लिए देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया। देश में संविधान को सस्पेंड करने के विरोध में आज का दिन काले दिन के रूप में मनाया जाता है। आज के युवाओं को भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस देश के लिए कितनी खतरनाक है।'

# असम में बाढ़ से पांच लाख लोग हुए प्रभावित, महंगाई आसमान छू रही



✻ बड़ी संख्या में प्रभावित लोग सड़क के किनारे और अन्य जगहों पर रह रहे हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम में आई विनाशकारी बाढ़ से सब्जियों और खाने-पीने की अन्य चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। दरअसल बाढ़ से राज्य की करीब 11 हजार हेक्टेयर जमीन पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। इससे राज्य में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बाढ़ के चलते सप्लाई चेन भी प्रभावित हुई है, इसकी वजह से भी राज्य में खाने-पीने के अन्य सामान की किल्लत हो गई है और जो चीजें मिल रही हैं, वो महंगे दामों पर मिल रही हैं। असम में आई बाढ़ से अभी तक 19 जिलों के करीब 4.89 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। बीते 24 घंटे में बाढ़ से नलबाड़ी जिले में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन की रिपोर्ट के अनुसार, अकेले बाजाली जिले में बाढ़ से ढाई लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा नलबाड़ी में 80061, बारपेटा में 73233, लखीमपुर में 22577, दारंग में 14583, तामुलपुर में 14180, बाक्सा में 7282, गोआलपाड़ा में 4750 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ ने 1538 गांवों को अपनी चपेट में लिया है।

### ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान से ऊपर

ब्रह्मपुत्र नदी धुबरी और जोरहाट जिले में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ प्रभावितों के लिए 14 बाढ़ प्रभावित जिलों में 140 राहत कैंप और 75 राहत डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन राहत कैंपों में 35142 लोग ठहरे हुए हैं। बड़ी संख्या में प्रभावित लोग सड़क के किनारे और अन्य जगहों पर रह रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर, इमरजेंसी सर्विस और सिविल डिफेंस के लोग राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं। बाढ़ से राज्य में आधारभूत ढांचे का भी काफी नुकसान हुआ है। बाढ़ प्रभावित जिलों में 213 सड़कें, 14 पुल, कई कृषि बंध, स्कूल की इमारतें, सिंचाई नहरें आदि तबाह हुए हैं।

### गृहमंत्री ने दिया मदद का आश्वासन

असम में बाढ़ के हालात पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चिंता जताते हुए राज्य के सीएम हिमंता बिस्व सरमा से बात की और हरसंभव मदद का एलान किया। अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ की टीमें ग्राउंड पर मौजूद हैं और राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। मोदी सरकार असम के लोगों के साथ इस मुश्किल समय में खड़ी है। वहीं गृह मंत्री के इस ट्वीट पर राज्य के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गृह मंत्री को राज्य की चिंता करने के लिए धन्यवाद दिया। सरमा ने कहा कि राज्य सरकार हाई अलर्ट पर है और प्रभावितों की पूरी मदद की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)